## न्यूज ब्रीफ

### कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर साधा निशाना



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में पहले से ही कमर्शियल सिलेंडरों की कमी के बीच करीब 993 रुपये की एकमुश्त बढ़ोतरी से आम जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही सरकार से मांग की कि वह पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के संभावित प्रभाव का आकलन कर ही नीतिगत निर्णय ले, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। बसपा प्रमुख ने आशंका जताई कि कमर्शियल गैस के बाद जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे लोगों में बेचैनी का माहौल है। उन्होंने कहा कि कीमतों में वृद्धि के पीछे अंतरराष्ट्रीय कारण, जैसे अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव हो सकते हैं, लेकिन सरकार को जनहित को प्राथमिकता देते हुए मूल्य नियंत्रण की नीति जारी रखनी चाहिए।

### माटीकला कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण मिलेगा मानदेय

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण लखनऊ के डालीगंज स्थित मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र में संचालित होगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पारंपरिक माटीकला को आधुनिक बाजार से जोड़ना और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण पूरी तरह आवासीय होगा, जिसमें प्रतिभागियों के रहने और भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 250 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय भी दिया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से भी सहयोग मिलेगा। इच्छुक कारीगर और माटीकला से जुड़े अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### रोडवेज कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारियों ने अपनी लंबित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापक धरना-प्रदर्शन किया। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर 115 डिपो, कार्यशालाओं, बस स्टेशनों और प्रशासनिक कार्यालयों की 233 प्राथमिक शाखाओं में कर्मचारियों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष गिरिजा शंकर तिवारी और महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने संयुक्त बयान में बताया कि 15 मार्च 2026 को शासन और निगम प्रबंधन को आंदोलनात्मक नोटिस दिया गया था। इसके तहत धरना-प्रदर्शन और 19 मई तक मांगें पूरी न होने पर 20 मई को प्रदेश के क्षेत्रीय मुख्यालयों पर रैली, धरना और आम सभा आयोजित करने की चेतावनी दी गई है। मुख्य मांगों में डग्गामारी पर रोक, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, वेतन कटौती बंद करना, रिक्त पदों पर भर्ती, भत्तों में वृद्धि और वेतन विसंगतियों का समाधान शामिल हैं। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई गई है। नेताओं ने कहा कि परिवहन निगम और उसके कर्मचारी स्वयं संकट में हैं, जिससे वे आंदोलन के लिए मजबूर हैं।

# विपक्ष के खिलाफ निकाला मशाल मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 'नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान' के संकल्प के साथ सड़क पर उतरी भाजपा की महिला ब्रिगेड

**अमृत विचार :** नारी शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान को लेकर विपक्ष के खिलाफ भाजपा की महिला ब्रिगेड ने महिला आक्रोश मशाल मार्च निकाला। शनिवार को "नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान" के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर एवं जिला इकाई की ओर से मार्च निकाला गया। राजधानी के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करती हुई यह यात्रा लोक भवन से प्रारंभ होकर अटल चौक, हजरतगंज चौराहा पहुंची। जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाली समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित समस्त विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में ऐतिहासिक अधिकार प्रदान किया गया है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जैसे दल, जो वर्षों तक सत्ता में रहे, उन्होंने कभी भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। आज जब भाजपा सरकार महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम कर रही है, तब यही दल इसका विरोध कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति रही। मशाल यात्रा में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी, प्रतिभा शुक्ला, रजनी तिवारी, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं जिला अध्यक्ष विजय मौर्य सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर विपक्ष के खिलाफ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालतीं पार्टी की महिला ब्रिगेड। अमृत विचार

# मिशन मोड में पूरे हों इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स

## मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश : 31 मई तक एक्सप्रेस-वे के लिए 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को मिशन मोड में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। शनिवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रक्रियागत बाधाओं को प्राथमिकता पर दूर कर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद लिंक, चित्रकूट लिंक और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 31 मई तक 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का लक्ष्य तय किया। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि भूमि स्वामियों से सीधे संवाद कर उचित मुआवजा दिलाएं और रजिस्ट्री प्रक्रिया में अतिरिक्त मानवबल लगाकर कार्य में तेजी लाएं। साथ ही आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल लिंक, झांसी लिंक और मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे की प्रगति भी तेज करने को कहा गया।



अपने सरकारी आवास पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**डिफेंस कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार :** बैठक में जानकारी दी गई कि डिफेंस कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की इकाई का जल्द शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री ने परियोजना से जुड़ी वित्तीय और तकनीकी औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

**लॉजिस्टिक्स हब बनेंगे बदलाव की धुरी :** ग्रेटर नोएडा में विकसित हो रहे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और ट्रांसपोर्ट हब को मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए "गेम-चेंजर" बताया। 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण पूरा होने से इन परियोजनाओं के तेजी से आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

**शिक्षा और उद्योग दोनों पर फोकस :** मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल योजना के तहत 75 जिलों में 150 विद्यालय बनाए जाने हैं। इनमें से 59 का निर्माण शुरू हो चुका है, जबकि 67 की निविदा प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने निर्माण में तेजी लाने और उपयुक्त स्थान चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सीड पार्क, टेक्सटाइल और बायो ऊर्जा पर जोर:** लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क और टेक्सटाइल पार्क को निवेश और रोजगार सृजन के लिए अहम बताते हुए इनके विकास में तेजी लाने को कहा गया।

### लखनऊ में जल्द बनेगा कन्वेंशन सेंटर

राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर के लिए लेटर ऑफ अवार्ड जारी हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इसके शीघ्र शिलान्यास के निर्देश दिए। साथ ही निवेश को बढ़ावा देने के लिए मॉडल बिल्डिंग उपविधियों को निवेश अनुकूल बनाकर जल्द लागू करने पर जोर दिया।

# मई के अंत तक नई बिजली दरों की हो सकती है घोषणा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विद्युत नियामक आयोग ने 18 मई को अंतिम बैठक बुलाई

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए नई दरों का ऐलान मई के अंत या जून के पहले सप्ताह में हो सकता है। विद्युत नियामक आयोग ने 18 मई को अंतिम बैठक बुलाई है, जिसमें जनसुनवाई के बाद टैरिफ से जुड़े सभी मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा।

आयोग की ओर से जारी होने वाले टैरिफ आदेश में बहुमंजिला इमारतों से जुड़े बिजली प्रावधान, निजी नलकूपों के कनेक्शन, अनियोजित कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति के नियम और घरों में छोटी दुकान संचालित करने से संबंधित मामलों को भी शामिल किया जाएगा। इस बीच, राज्य सरकार ने राज्य सलाहकार समिति के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग को भेजे प्रस्ताव में स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग व्यवस्था को बैठक के एजेंडे में शामिल करने की मांग की है। उनका आरोप है कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिना सहमति प्रीपेड मोड में बदले जा रहे हैं, जो विद्युत अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। बताया जा रहा है कि लगभग 75 लाख उपभोक्ता इस व्यवस्था से प्रभावित हैं, जिसके चलते प्रदेशभर में असंतोष और विरोध की स्थिति बनी हुई है। 18 मई को होने वाली बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार करेंगे।

# झूठे हलफनामे पर अवमानना व मिथ्या साक्ष्य की कार्रवाई एक साथ अनिवार्य नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- वैवाहिक मामलों में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को किया स्पष्ट

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वैवाहिक विवादों में झूठे हलफनामे दाखिल करने के मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी स्थिति स्पष्ट की है। न्यायालय ने कहा है कि भले ही सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश में झूठे हलफनामे पर अवमानना और मिथ्या साक्ष्य के तहत कार्रवाई के लिए कहा गया है, लेकिन अदालतों के लिए दोनों कार्यवाहियां एक साथ शुरू करना अनिवार्य नहीं है, विशेषतः उन मामलों में जहां शपथ पत्र देते समय अनजाने में या कोई महत्वहीन त्रुटि हुई हो।

यह निर्णय न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ़ व न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने वैवाहिक विवाद से संबंधित एक मामले में पति की ओर से दाखिल विशेष अपील को निरस्त करते हुए पारित किया है। मामला प्रशासनिक अधिकारी पति व न्यायिक अधिकारी पत्नी के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद का है। पति का आरोप था कि उसकी पत्नी, जो बिहार न्यायपालिका में सिविल जज के पद पर कार्यरत हैं, ने घरेलू हिंसा के मुकदमे में दाखिल हलफनामे में अपनी आय और संपत्तियों के संबंध में एन/ए (लागू नहीं) लिखा है। पति ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका, यह तर्क देते हुए दाखिल की कि पत्नी ने 'रजनीश बनाम नेहा' मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी अनिवार्य दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। उक्त अवमानना याचिका के निस्तारित होने के विरुद्ध उसने विशेष अपील दाखिल किया। पत्नी की ओर से विशेष अपील का विरोध करते हुए, अधिवक्ता चंदन श्रीवास्तव ने दलील दी कि प्रश्नगत प्रविष्टि शपथ पत्र में अनजाने में की गई त्रुटि थी, जो एक मानवीय भूल थी तथा उसी शपथ पत्र में पत्नी ने स्वयं को 'सिविल जज, बिहार न्यायिक सेवा' स्पष्ट रूप से लिखा है। यह भी दलील दी गई कि अवमानना अधिनियम की धारा 10 के परंतुक के तहत अपीलार्थी की अवमानना याचिका ही पोषणीय नहीं थी। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि कानून किसी व्यक्ति को एक साथ दोनों क्षेत्राधिकारों का उपयोग करने की अनुमति तो देता है, लेकिन कोर्ट दोनों प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य नहीं हैं। खंडपीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि अवमानना अदालत ने मामले के तथ्यों पर कोई टिप्पणी नहीं की थी लिहाजा विशेष अपील भी पोषणीय नहीं है।

# करोड़ों की बैंक डकैती का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## हजारीबाग की बैंक में करोड़ों की लूट का खुलासा, तीन आरोपी पकड़े गए, सोना व नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** झारखंड के हजारीबाग जिले में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्रा की बरही शाखा में 24 अप्रैल को हुई करोड़ों रुपये की डकैती का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र से गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 912 ग्राम सोना, 20 लाख रुपये नकद, एक कार, स्कॉर्पियो और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नवादा निवासी मो. अफजल, गोरखपुर के पंकज सिंह उर्फ रौनक सिंह और मऊ के सौरभ यादव उर्फ सोनू शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 24 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे इन आरोपियों ने बैंक में घुसकर हथियारों के बल पर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बना लिया और करीब 4 किलो सोना व 4.22 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे।

**सीसीटीवी और सर्विलांस से मिला सुराग:** घटना के बाद झारखंड पुलिस ने एसटीएफ से मदद मांगी। मौके और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की लोकेशन वाराणसी के सारनाथ स्थित सिंहपुर में ट्रेस की गई। इसके बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

**रेकी के बाद चुना बैंक ऑफ महाराष्ट्रा :** आरोपियों ने बताया कि ओडिशा में बैंक ऑफ महाराष्ट्रा की शाखा में हुई डकैती की खबर देखने के बाद उन्होंने इसी बैंक को टारगेट करने की योजना बनाई। इसके लिए अफजल और उसके साथियों ने कई दिनों तक रेकी की और बैंक के अंदर की गतिविधियों की जानकारी जुटाई। व्हाट्सएप के जरिए लगातार संपर्क में रहकर योजना को अंतिम रूप दिया गया।

**वारदात के बाद गया में बंटवारा, फिर वाराणसी पहुंचे:** डकैती को अंजाम देने के बाद आरोपी गया पहुंचे, जहां लूट के सोने और नकदी का बंटवारा किया गया। इसके बाद तीनों वाराणसी आ गए और दिल्ली भागने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, हथियार सप्लायर और पूरे नेटवर्क की तलाश में जुटी है। यह कार्रवाई अंतरराज्यीय बैंक अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।



पकड़े गए बैंक लूटने के तीन आरोपी। अमृत विचार

### एक के बाद एक बड़ी लूट की वारदात

2015 : कोलकाता में आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी से 14 किलो सोना
2019 : उत्तराखंड के रुड़की में डकैती का प्रयास, लॉकर न खुलने से नाकाम
2021 : कोलकाता के मण्णापुरम गोल्ड फाइनेंस से 26 किलो सोना
2021 : बिहार के गया में 2 किलो सोना लूटा
2022 : पटना के गर्दनीबाग में 8 किलो सोना

### जेल में बना गिरोह, बाहर आकर शुरू की वारदातें

**अमृत विचार :** पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना मो. अफजल वर्ष 2008 में कोलकाता में एक कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में जेल गया था। वर्ष 2008 से 2012 तक जेल में रहने के दौरान उसकी मुलाकात अन्य अपराधियों से हुई और वहीं गिरोह का गठन हुआ। जेल से बाहर आने के बाद सभी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से बैंक डकैती की घटनाओं को अंजाम देना शुरू किया।

### आधा दर्जन बैंकों में डकैती, डेढ़ अरब का सोना लूटा

**अमृत विचार :** अंतरराज्यीय बैंक डकैतों का गिरोह पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में आधा दर्जन से अधिक बैंकों और फाइनेंस कंपनियों को निशाना बनाकर अब तक करीब 90 किलो, यानी लगभग डेढ़ अरब रुपये का सोना लूट चुका है। एसटीएफ की पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना मो. अफजल 2008 में कोयला कारोबारी की हत्या के मामले में जेल गया था। जेल के भीतर ही उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गिरोह तैयार किया और 2013 में बाहर आने के बाद योजनाबद्ध तरीके से बैंक और गोल्ड फाइनेंस कंपनियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

### 15 मिनट में 36 किलो सोना लूटने का रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** गिरोह ने 2013 में पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित मुथुट्ट फाइनेंस कंपनी में दिनदहाड़े धावा बोला। हथियारों के बल पर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाकर महज 15 मिनट में 36 किलो सोना लूट लिया गया। इसके बाद सभी आरोपी धनबाद के निरसा पहुंचे, जहां लूट के माल का बंटवारा किया गया।

### सिर्फ 10 प्रतिशत सोना ही बरामद

**अमृत विचार :** पुलिस के अनुसार, अब तक हुई डकैतियों में लूटे गए सोने का केवल करीब 10 प्रतिशत ही बरामद हो पाया है। बाकी सोना गिरोह ने अवैध बाजार में खपाकर ठिकाने लगा दिया।

### प्रॉपर्टी में लगाते थे काली कमाई

**अमृत विचार :** पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि लूटे गए सोने को बड़े कारोबारियों को चोरी-छिपे बेच दिया जाता था और उससे मिली रकम को जमीन, मकान और रियल एस्टेट में निवेश कर दिया जाता था, ताकि अवैध कमाई को वैध रूप दिया जा सके।

### पूरे नेटवर्क की जांच जारी

**अमृत विचार :** एसटीएफ अब गिरोह के अन्य सदस्यों, उनके आपराधिक इतिहास और संपत्तियों की गहन जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि लूट का पैसा किन-किन कंपनियों और शहरों में लगाया गया है। यह कार्रवाई देशभर में सक्रिय संगठित बैंक अपराध के बड़े नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है।

# अमूल, ज्ञान, शुद्ध समेत कई दुग्ध इकाइयों में मिली खामियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 14 टीमों ने मारा छापा, 388 टन खाद्य सामग्री सीज, कई नामी ब्रांड्स को नोटिस

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के विशेष अभियान के तहत डेयरी उत्पादों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई नामी ब्रांड्स की इकाइयों में गंभीर अनियमितताएं पकड़ी गईं। 14 विशेष टीमों ने लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर और कानपुर देहात में छापेमारी कर 56 नमूने लिए और करीब 388 टन खाद्य सामग्री सीज की, जिसकी अनुमानित कीमत 15.8 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

जांच के दौरान अमूल की इकाइयों में स्किम्ड मिल्क पाउडर की लेबलिंग में खामियां पाई गईं। बिना विटामिन मिलाए हेल्थ क्लेम करने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। वहीं ज्ञान के सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स, लखनऊ में घी और मिल्क पाउडर की लेबलिंग में कमियां सामने आईं। यहां इंडस्ट्रियल प्रिज़र्वेटिव्स के इस्तेमाल की आशंका पर 108 टन सामग्री (करीब 58 लाख रुपये) सीज की गई। इसी तरह शुद्ध ब्रांड (स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट) में बिना फूड-ग्रेड एडिटिव्स के उपयोग और बटरमिल्क में संदूषित मसालों की आशंका पर उत्पाद सीज कर नोटिस जारी किया गया। नमस्ते इंडिया यूनिट में भी स्वच्छता मानकों में कमी पाई गई। कानपुर देहात की भोले बाबा डेयरी में सबसे बड़ी गड़बड़ी सामने आई, जहां एक्सपायरी डेट बदलकर उत्पाद बेचने का मामला उजागर हुआ। यहां से 227 टन स्किम्ड मिल्क पाउडर (करीब 15.2 करोड़ रुपये) सीज किया गया। इस अभियान के तहत कुल नौ इकाइयों पर कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### राजस्व निस्तारण में लखनऊ अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त निगरानी में चल रहे अभियान से प्रदेश में राजस्व मामलों के निस्तारण में उल्लेखनीय तेजी आई है। आरसीसीएमएस की अप्रैल रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रदेश में 3,37,708 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें लखनऊ ने 18,861 मामलों के साथ पहला स्थान हासिल किया। प्रयागराज 12,036 मामलों के साथ दूसरे, बाराबंकी 9,139 के साथ तीसरे और आजमगढ़ 8,483 मामलों के साथ चौथे स्थान पर रहा। जनपद स्तर पर जौनपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक मामलों का निस्तारण कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

**मंथन** | विधानसभा में आयोजित युवा संसद के दूसरे दिन 180 युवाओं ने रखा विजन

# युवाओं ने दिया राष्ट्र चिंतन को स्वर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में गूंजा 'विकसित भारत 2047' का संकल्प
- 75 जिलों के 375 प्रतिभागी केंद्रीय बजट पर कर रहे चर्चा

**अमृत विचार :** विधानसभा में चल रही राज्य स्तरीय "विकसित भारत युवा संसद 2026" के दूसरे दिन 180 युवा वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्टस के 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश के 75 जिलों से चयनित 375 युवा भाग ले रहे हैं।

दूसरे दिन प्रतिभागियों ने "केंद्रीय बजट 2026: विकसित भारत 2047 की ओर युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना" विषय पर गहराई से चर्चा की। वक्ताओं ने रोजगार, स्टार्टअप इकोसिस्टम, डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और हरित अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों को जोड़ते हुए अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद राजीव तारारा ने अमरोहा के युवाओं से संवाद कर उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागियों ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का रोडमैप है, जो युवाओं को अवसर देने के साथ जिम्मेदारी भी सौंपता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी संभव है, जब विकास समावेशी और सतत हो।

युवा वक्ताओं के प्रस्तुतिकरण में गांव की जमीनी समझ, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का संतुलित समन्वय देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर पहुंचे प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी, जिससे पूरा सदन तालियों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का खास पहलू यह भी रहा कि अधिकांश प्रतिभागी पहली बार विधानसभा पहुंचे। उन्होंने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव बताते हुए कहा कि यहां उन्होंने लोकतंत्र को करीब से समझा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का समापन 3 मई को होगा। राज्य स्तर पर चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.30
सूर्यास्त 06.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:02 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 3 मई 2026, वर्ष 4, अंक 252, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये






■ बंद हो गई 34 साल पुरानी स्पिरिट एयरलाइंस, 17 नौकरियों पर संकट -10







■ गोल्ड में 321 और ईटीएफ में 679 प्रतिशत का जबरदस्त बूम -10


■ होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध -11





■ विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने अपने करियर की 350वीं जीत दर्ज की -12


# बंगाल में मतगणना से नहीं हटेंगे केंद्र के कर्मचारी

## मतगणना विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी की याचिका खारिज की कहा- कर्मचारियों की नियुक्ति चुनाव आयोग का विशेषाधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना में केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। शनिवार को अवकाश के दिन हुई एक विशेष सुनवाई में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के पास मतगणना के लिए केंद्र या राज्य सरकार के किसी भी कर्मचारी को नियुक्त करने का संवैधानिक अधिकार है।

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ढांचे को प्रभावी रूप से बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि चुनाव निकाय का 13 अप्रैल का परिपत्र कानून के विपरीत नहीं है। पीठ ने कहा कि आयोग के पास दोनों समूहों में से किसी भी समूह से मतगणना कर्मचारी को नियुक्त करने का अधिकार है। टीएमसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आयोग के उस पत्र पर कड़ा ऐतराज जताया जिसमें संभावित अनियमितताओं की आशंका का जिक्र था। सिब्बल ने तर्क दिया कि यह राज्य सरकार के कर्मचारियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाने जैसा है। हमें यह क्यों नहीं बताया गया कि केवल केंद्र द्वारा नामित व्यक्तियों को ही नियुक्त किया जाएगा? उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर केंद्र पर पहले से ही माइक्रो-ऑब्जर्वर मौजूद हैं, तो इस नए बदलाव की क्या जरूरत थी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प मौजूद है कि वह मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक के रूप में केंद्र या राज्य में से किसी भी कर्मचारी को चुन सके। पीठ ने कहा कि यदि आयोग दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नियुक्त करने का निर्णय लेता है, तब भी हम उसे गलत नहीं ठहरा सकते, क्योंकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में है। जब सिब्बल ने मांग की कि कम से कम राज्य सरकार के नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, तो अदालत ने चुटकी लेते हुए पूछा, "यदि आप केवल परिपत्र का अनुपालन चाहते हैं, तो आप अदालत में क्यों हैं?

आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने स्पष्ट किया कि रिटर्निंग ऑफिसर राज्य का ही कर्मचारी होता है और उसे किसी भी समूह से कर्मियों को तैनात करने का पूर्ण अधिकार है। आयोग ने अदालत को आश्वस्त किया कि 13 अप्रैल के परिपत्र का अक्षरशः पालन किया जाएगा और मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। अदालत ने टीएमसी की विशेष अनुमति याचिका को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया कि आयोग के आश्वासन के बाद अब किसी और निर्देश की आवश्यकता नहीं है। अब 4 मई को होने वाली मतगणना में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी संयुक्त रूप से जिम्मेदारी संभालेंगे।



> निर्वाचन आयोग के पास यह विकल्प खुला है कि मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक केंद्र सरकार के हों या राज्य सरकार के। यदि निर्वाचन आयोग यह भी कहता है कि दोनों पदों पर केंद्र सरकार के कर्मचारी नियुक्त किए जा सकते हैं, तब भी हम उन्हें गलत नहीं ठहरा सकते।

### 242 अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना को 'भयमुक्त और पारदर्शी' बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने शनिवार को अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य में 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात करने का आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। आमतौर पर मतगणना के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक तैनात नहीं किए जाते, लेकिन इस बार सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 77 विशेष पुलिस पर्यवेक्षक बाहर मोर्चा संभालेंगे।

# मोबाइल फोन पर गूंजा आपातकालीन अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को देश की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली की शुरुआत की। इस लॉन्चिंग के साथ ही देशभर के करोड़ों मोबाइल फोन पर एक विशेष चेतावनी संदेश और तेज बीप की आवाज सुनाई दी, जो इस बात का संकेत है कि अब भारत किसी भी प्राकृतिक आपदा या आपात स्थिति में अपने नागरिकों को सीधे और तुरंत सचेत करने में सक्षम है। यह उन्नत प्रणाली सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ मिलकर विकसित की है। इस प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे किसी इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है। यह सीधे सेल टावरों के माध्यम से क्षेत्र विशेष के सभी सक्रिय मोबाइलों पर संदेश भेज सकती है। दूरसंचार विभाग ने पहले ही सूचित कर दिया था कि यह एक परीक्षण प्रक्रिया है ताकि घबराहट न फैले। मोबाइल पर आए संदेश में स्पष्ट किया गया कि यह एक परीक्षण संदेश है, कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं है। हालांकि, सुरक्षा और चुनावी आचार संहिता के चलते वर्तमान में जिन राज्यों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है, उन्हें इस राष्ट्रव्यापी परीक्षण से बाहर रखा गया।





### आपदा से निपटने की नई तकनीक

- **उद्देश्य** : बाढ़, भूकंप, सुनामी या अन्य आपात स्थितियों में लोगों की जान बचाना।
- **तकनीक** : इसे सी-डॉट (C-DOT) और NDMA ने मिलकर बनाया है, जो बिना इंटरनेट के भी काम करता है।
- **बीप साउंड** : संदेश आने पर फोन में एक तेज विशिष्ट ध्वनि (बीप) और कंपन होता है, भले ही फोन साइलेंट मोड पर हो।

### संदेश मिलने पर क्या करें?

**घबराएं नहीं** : यह देखें कि संदेश परीक्षण है या वास्तविक चेतावनी। यदि संदेश पर परीक्षण है तो कार्रवाई की जरूरत नहीं है।
**पूरा पढ़ें** : संदेश में दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें कि आपदा किस तरह की है।
**निर्देशों का पालन करें** : यदि सुरक्षित स्थान पर जाने या सतर्क रहने को कहा गया है, तो तुरंत अमल करें।

### अंडमान में रचा इतिहास



## समंदर के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा

**श्री विजय पुरम।** अंडमान और निकोबार प्रशासन ने शनिवार को स्वराज द्वीप (हैवलॉक) के राधानगर बीच पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया है। 60 मीटर लंबे और 40 मीटर चौड़े इस तिरंगे को समुद्र की गहराइयों में फहराने के लिए भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल, स्थानीय पुलिस और वन विभाग के गोताखोरों ने एक जटिल और समन्वित अभियान चलाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ऋषि नाथ ने शनिवार सुबह 10:35 बजे औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और उपराज्यपाल डी. के. जोशी को विश्व रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र सौंपा। प्रशासन अब रविवार को स्वराज द्वीप के 'लाइटहाउस डाइव साइट' पर पानी के भीतर 'सबसे ऊंचा मानव पिरामिड' बनाने का एक और विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा।

# 22 से पहला चरण, पहली बार डिजिटल व स्वगणना

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** 'जनगणना 2027' के तहत उत्तर प्रदेश में जनगणना सात मई से शुरू होगी, संपूर्ण जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में आयोजित होगा।

इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जिसमें पहली बार स्व-गणना (सेल्फ इर्नुमेरेशन) की सुविधा भी दी गई है। इसके तहत आम नागरिक 07 मई से 21 मई 2026 के बीच आधिकारिक पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन भर सकेंगे। शनिवार को जनगणना कार्य निदेशालय, उप्र. की निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी, उप्र. शीतल वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी, उनका कहना है कि स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करने पर प्रत्येक परिवार को एक यूनिक एसई आईडी ( सेल्फ गणना आईडी ) जारी हो जाएगा। इसके बाद जब प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे, तो एसईआईडी साझा करने के बाद ही मकान सूचीकरण की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

### जनगणना 2027

- **सात से 21 मई तक ऑनलाइन स्व-गणना वैकल्पिक, 22 मई से घर-घर सर्वे**
- **जनगणना 2027 के संबंधित जानकारी प्राप्त करने टोल फ्री नंबर 1855 स्थापित**



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अल्मोड़ा की सांस्कृतिक विरासत माल, बाल और पटाल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

### न्यूज ब्रीफ

#### न्यायिक अधिकारी ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग इलाके में दिल्ली न्यायिक सेवा के एक अधिकारी, अमन कुमार शर्मा का शव मिला है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे आत्महत्या का मामला बताया है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की हर कोण से जांच की जा रही है। रिकॉर्ड के अनुसार, शर्मा ने 19 जून, 2021 को दिल्ली न्यायिक सेवा में अपनी सेवाएं शुरू की थीं।

#### धोखाधड़ी में भगोड़ा कमलेश पारेख गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 2,672 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़े कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण के बाद गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता स्थित 'श्री गणेश ज्वैलरी हाउस (आई) लिमिटेड' के प्रमोटर पारेख पर 25 बैंकों के संघ से धोखाधड़ी का आरोप है। सीबीआई ने 2016 में मामला दर्ज किया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पारेख के खिलाफ 2019 में गैर-जमानती वारंट और 2024 में इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

# खुदी सड़कें तुरंत नहीं भरी गई तो ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत हो रही खुदाई कार्यों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खुदाई के बाद सड़कों और गड्ढों को तत्काल भरा जाए और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी, जल जीवन मिशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और खुदी सड़कों की स्थिति का आकलन कर तत्काल सुधार कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि अधूरे कार्य छोड़ने, समय पर काम पूरा न करने या लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें ब्लैकलिस्ट भी किया जाए। साथ ही जल समाधान पोर्टल पर दर्ज जलापूर्ति, लीकेज और खुदाई से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

### जल जीवन मिशन

- **मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को दिए स्थलीय निरीक्षण के आदेश, शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर**

#### 18001212164 पर दर्ज कराएं शिकायत

जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आम लोग 18001212164 टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। राज्य सरकार के अनुसार, उत्तर प्रदेश में करीब 2.5 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

# कांकेर: आईईडी निष्क्रिय करते समय विस्फोट, डीआरजी के चार जवान शहीद

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर जिला सीमा पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 'जिला रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) के एक अधिकारी सहित चार जवान शहीद हो गए। यह घटना छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के आदनार गांव के पास जंगल में हुई, जब सुरक्षाबल नक्सलियों द्वारा पूर्व में दबाई आईईडी को निष्क्रिय कर रहे थे।

राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी यह पहली बड़ी घटना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाबलों को गश्त और पुराने बारूदी सुरंगों को खोजने व निष्क्रिय करने के अभियान पर भेजा गया था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि आदनार के जंगल में आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। मौके पर ही तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल जवान को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आईजी सुंदरराज के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस लगातार पुराने डंप (छिपाए गए सामान) और आईईडी बरामद कर रही है।

# घर के भीतर ईंट से कूचकर चार बच्चों की हत्या, आरोपी महिला फरार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- **आईजी रेंज अयोध्या, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, मां पर हत्या का शक**

**अमृत विचार :** जिले के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां घर के भीतर चार बच्चों की ईंट से कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई। आरोप बच्चों की मां पर है। महिला फरार है।

जानकारी के अनुसार, मुरादाबाद मोहल्ले में नियाज की पत्नी गाजिया खातून(35) अपने चार बच्चों शफीक(14), सउद(12), उमर(10) और बेटी शादिया 8 वर्ष के साथ रहती हैं। पति नियाज सऊदी में है। वह पिछले चार साल से घर नहीं आया है। शनिवार दोपहर घर के अंदर ही आरोपी महिला गाजिया खातून ने चारों बच्चों को मेन गेट अंदर से बंद कर मार डाला। वारदात के बाद फरार हो गई। स्थानीय लोगों के शक की सूचना पर पुलिस पहुंची तो मासूम बच्चों का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। दरवाजा तोड़कर चारों शव पुलिस ने निकाले। पुलिस को शक है कि गाजिया खातून ने ही ईंट से वार कर मासूम बच्चों की हत्या की। वारदात को अंजाम देने के बाद गाजिया बालकनी से कूदकर फरार हो गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। आईजी रेंज अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन वर्मा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मृतक बच्चों की मां गाजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। बताया जा रहा कि गाजिया के पति नियाज ने सऊदी में पाकिस्तानी नाम की महिला से शादी कर ली, इसी बात से महिला तनाव में थी और दो महीने से पूरा परिवार खत्म देने की धमकी देती थीं। वहीं दूसरी ओर प्रॉपर्टी विवाद भी सामने आया है।

> प्रारंभिक तौर पर प्रॉपर्टी विवाद की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। हत्या का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा। फरार महिला की गिरफ्तार के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। – **प्राची सिंह,** एसपी अंबेडकरनगर

**स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर** | सुरक्षा व गुणवत्ता पर फोकस, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, सेंसर स्कैनिंग से बदलेगा ट्रैफिक प्रबंधन का तरीका

# एआई व स्विस तकनीक से स्मार्ट बन रहे एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे निर्माण अब पारंपरिक मॉडल से आगे बढ़कर तकनीक-आधारित 'स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर' की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में जहां एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ, वहीं अब इन परियोजनाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्विस सेंसर तकनीक को शामिल किया गया है।

इस दिशा में उप्र. एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथारिटी ने ईटीएच जूरिच और आरटीडीटी लेबोरेट्रीज एजी के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत सड़क निर्माण को 'डेटा-ड्रिवन' और 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग' आधारित बनाया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे में भी इस तकनीक का उपयोग किया जा चुका है। नई व्यवस्था में सेंसर आधारित मॉड्यूल के जरिए निर्माण के हर चरण पर नजर रखी जा रही है, जिससे खामियों को तुरंत ठीक किया जा सके। यह पहल यूपी को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल से आगे ले जाकर 'स्मार्ट नेटवर्क' की श्रेणी में स्थापित कर रही है। एक्सप्रेस-वे अब केवल कनेक्टिविटी का माध्यम नहीं रहेंगे, बल्कि डेटा, तकनीक और आधुनिक प्रबंधन के समन्वय से संचालित इंटेलिजेंट सिस्टम के रूप में विकसित होंगे।



### वैज्ञानिक तरीके से सड़क का आकलन

इस तकनीक के तहत एक विशेष वाहन का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें सात एक्सेलेरोमीटर सेंसर लगे हैं। यह वाहन एक्सप्रेस-वे की हर लेन पर चलकर सड़क की सतह, ऊंचाई के उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। इससे सड़क की वास्तविक स्थिति का सटीक और वैज्ञानिक मूल्यांकन संभव हो रहा है।

### स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम से बढ़ेगी सुरक्षा

सरकार का फोकस केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि संचालन के दौरान भी एआई का उपयोग किया जा रहा है। एआई-सक्षम कैमरे ओवरस्पीडिंग और लेन उल्लंघन जैसी गतिविधियों को स्वत: चिन्हित करेंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है और ट्रैफिक प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा।

### एआई से तय होगी गुणवत्ता की श्रेणी

सेंसर से प्राप्त आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रोसेस कर सड़क की गुणवत्ता को 'एक्सीलेंट', 'गुड' और 'पुअर' जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा रहा है। इससे निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही तय हो रही है और छोटी से छोटी खामी भी समय रहते पकड़ी जा रही है।

# बीमा क्षेत्र में अब 100% विदेशी निवेश को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बीमा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दिया है। सरकार के इस कदम से अब विदेशी कंपनियां भारतीय बीमा कंपनियों और ब्रोकरेज जैसी बिचौलिया संस्थाओं में बिना किसी सरकारी अनुमति के पूरी हिस्सेदारी रख सकेंगी।

यह बदलाव 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) संशोधन नियम, 2026' के तहत प्रभावी हुआ है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए विदेशी निवेश की सीमा अभी भी 20 प्रतिशत पर ही सीमित रहेगी। संसद ने दिसंबर 2025 में 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक' पारित किया था, जिसने निवेश की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का मार्ग प्रशस्त किया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा फरवरी में दी गई शुरुआती अधिसूचना के बाद अब वित्त मंत्रालय ने इसे अंतिम रूप से लागू कर दिया है।



- **वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना**

## न्यूज ब्रीफ

### नए खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**मंगलपुर।** मलासा से स्थानांतरित होकर आए खंड शिक्षा अधिकारी आनंद भूषण ने शनिवार को संदलपुर बीआरसी में कार्यभार ग्रहण किया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। खंड शिक्षा अधिकारी ईमानदारी से कार्य करने वाले शिक्षकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी, लेकिन लापरवाही और कार्य में ढिलाई बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह सहित दीपक कटियार, महेंद्र वर्मा, एआरपी बृजेश राजावत, एआरपी नेहा कटियार, उपेंद्र कटियार, प्रदीप तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, मधुकर कटियार, विवेक कटियार एवं अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** एक गांव निवासी युवक ने मैनपुरी के कुछ लोगों पर उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने की रिपोर्ट दी है। एक गांव निवासी ने पतलोखर थाना अलाऊ तहसील भोगांव जिला मैनपुरी निवासी अमन, उसके पिता रामशरण एवं बहन व बहनोई नाम पता अज्ञात के विरुद्ध उसकी पुत्री को गत 18 अप्रैल को घर में अकेला पाकर बहला फुसला कर भगा ले जाने और युवक के पिता से फोन पर संपर्क करने से उसे अपशब्द कहने व जान से मार देने की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया के मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है। इसकी विवेचना बिरहुन चौकी प्रभारी जयप्रकाश सिंह करेंगे।

### इसी माह होगी अधिवक्ता संघ की बैठक

**शिवली।** लॉयर्स एसोसिएशन मैथा के अधिवक्ता संघ द्वारा इसी माह बैठक का आयोजन किया जाएगा। महामंत्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि बैठक कर अधिवक्ताओं के विचार जाने जाएंगे। अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने बताया कि बायलाज के मुताबिक ही लायर्स एसोसिएशन के चुनाव कराए जाएंगे।

### दो जगहों पर युवती व किशोरी ने निगला जहर, भर्ती

**रसूलाबाद।** अलग-अलग स्थानों में एक युवती व किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। वहां इलाज किया गया। झखरगड़ा अटिया रायपुर निवासी धर्मेंद्र की बेटी स्वीटी 16 वर्ष व सदानिवादा निवासी आरती 18 वर्ष पुत्री फूलसिंह ने घरेलू कलह से दुखी होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर बृजेश कुमार ने दोनों को भर्ती कर इलाज किया।

# अफसरों के सामने शिकायतों का लगा अंबार

## डेरापुर में हुआ जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस, डीएम ने मौके पर निस्तारित कराईं 7 शिकायतें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शनिवार को जिले की अलग-अलग तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डेरापुर तहसील में जिला स्तरीय आयोजन हुआ। इसमें डीएम कपिल सिंह पहुंचे। उन्होंने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कुल 192 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से सात का मौके पर निस्तारण कराया गया।

डीएम ने निर्देशित किया कि शेष शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।.जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण करने पर बल दिया। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री संदर्भ, जनप्रतिनिधियों के संदर्भ, आईजीआरएस तथा तहसील दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई शिकायतकर्ताओं द्वारा खतौनी में नाम संशोधन से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित शिकायतकर्ता को संशोधित खतौनी उपलब्ध कराई गई। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई करें, शिकायतों का रजिस्टर संधारित करें, समय-समय पर समीक्षा करें तथा आमजन के साथ संवेदनशील एवं शिष्ट व्यवहार सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि विद्युत संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंह,डीएफओ, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी डेरापुर, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

**192** शिकायतें आईं सामने



एसडीएम के साथ शिकायतें सुनतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

### राज्यमंत्री व एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**शिवली :** मैथा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर महिला कल्याण, बालविकास पुष्टाहार विभाग राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने एसडीएम श्याम नारायण शुक्ला व तहसीलदार सुनील कुमार के साथ लोगों की शिकायतों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों में राजस्व विभाग की सर्वाधिक 50,विकास खण्ड मैथा की 04 विद्युत की 04 पुलिस की 03 आपूर्ति विभाग की 06 शिकायतें प्राप्त हुई। खण्ड विकास की एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। राज्यमंत्री व एसडीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, तहसील दिवस तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण करें। इस मौके पर नायब तहसीलदार सुधीर कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम शीलेंद्र यादव, पीएचसी प्रभारी मैथा डा सिद्धार्थ पाठक, सीडीपीओ सुनीता बैस, एडीओ सहकारिता विपिन त्रिपाठी, एडीओ समाज कल्याण धीरज सविता, कानूनगो नन्दकिशोर सहित अन्य तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रसूलाबाद में एडीएम ने सुनीं शिकायतें, दिए निर्देश

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** तहसील सभागार में एडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 107 शिकायतें आईं, 3 का मौके पर निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में धन्नी निवादा निवासी फूल सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 4761 पर भूमि प्रबंध द्वारा उन्हें कृषि भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन गांव के एक पड़ोसी ने मेड़ जोतकर उनकी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। एक अन्य मामले में संजय नगर सिठऊपुरवा निवासी प्रभा पत्नी स्व. बच्चू ने बताया कि उनकी पुत्री अंजली का विवाह 19 अप्रैल 2025 को अंकित पुत्र मुन्ना के साथ हुआ था। जिसमें दहेज के रूप में अंगूठी, जेवर और नकदी दी गई थी। प्रभा ने आरोप लगाया कि 25 अप्रैल 2026 को ससुराल पक्ष ने उनकी पुत्री के साथ मारपीट की, जेवर छीन लिए और उसे घर से निकाल दिया। भाकियू महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष रणवीर यादव ने एडीएम को 8 सूत्रीय ज्ञापन देकर मुख्य रूप से प्राइवेट स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी पुस्तकों के स्थान पर निजी पुस्तकें जबरन लागू करने, फर्जी व मानक विहीन अस्पतालों का मुद्दा उठाकर ऐसे संस्थानों के संचालन बंद करने की अपील की गई।



संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते एडीएम अमित कुमार।

# परेशानी: जल्लापुर सिकंदरा गांव में गंदगी से पनप रहीं बीमारियां

- आधा दर्जन से अधिक बच्चे और बड़े पड़े बीमार
- एडीओ ने जानकारी से किया इंकार, बोले जल्द कराएंगे सफाई

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचारः** जल्लापुर सिकंदरा पंचायत में चार माह से सफाई कर्मी नहीं आ रहा। इससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नालियां चोक होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी उतरा रहा। दुर्गंध से ग्रामीण परेशान है। गंदगी और मच्छरों के प्रकोप से संक्रामक बीमारी फैल रही है। गांव में एक दर्जन से अधिक लोग बुखार मलेरिया टायफाइड से पीड़ित चल रहे है।

गांव में जगह-जगह गंदा जलभराव एवं बस्ती की नालियां पूरी तरह से चोक होने के कारण गंदगी बजबजा रही है। बजबजाती नालियों से उठती दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना हराम है। गंदगी से पटी नालियां और दोनों ओर खड़े खरपतवार सफाई व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहें हैं। गंदगी और मच्छरों के कारण गांव में बड़ी तादाद में ग्रामीण बुखार, मलेरिया टायफाइड डेगू एवं अन्य बीमारियों की चपेट में आ गए हैं। गांव की दीपका देवी 15वर्ष, रामजानी 10 वर्ष, दिव्या 12 वर्ष, दीपक 14 वर्ष, सौरव 15 वर्ष, मोनू 10 वर्ष, रिचा 18 वर्ष, मंजू देवी 40 वर्ष, गौरी 35 वर्ष, गौरव 7 वर्ष, बलवीर 5 वर्ष, गोविंदा 6 वर्ष, कल्लू10 वर्ष, गोपाल 10 वर्ष, आंचल 11 वर्ष, हिमांशु 10 वर्ष, मानसी 12 वर्ष, लवकुश 6 वर्ष, युग 7 वर्ष, भूमि 2 वर्ष, वैष्णवी 4 वर्ष आदि लोग संक्रामक बीमारी की चपेट में आने से बीमारी की चपेट में है। परिजन उनका इलाज करा रहे है।

मन्नू कठेरिया, श्यामलाल, छोटे कठेरिया,बीरु कुमार, ब्रजेश कुमार, रामकुमार, दयाशंकर,हनीफ कुरैशी,बन्ने खां, जाकिर हुसैन, आदि ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान शिल्पी देवी से कई बार शिकायत की गयी मगर प्रधान ने सफाई व्यवस्था से मुंह मोड़ लिया। गांव के खड़ंजो पर भरा गन्दा जलभराव के कारण मच्छरों की भरमार हो गयी है रात सोना दूबर हो रहा है। नींद पूरी ना होने के कारण बच्चों और महिलाओं में चिड़चिड़ापन आ गया है।

चार माह से जमा गन्दा जलभराव बजबजाती नालियों उठती दुर्गंध से गांव में संक्रामक बीमारी फैल रही है। ग्राम प्रधान से लेकर ब्लाक अधिकारियों को बराबर अवगत कराया जा रहा है। मगर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। राजपुर एडीओ पंचायत मुलायम सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना नहीं है। गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करायें जाने के लिए तुरंत आदेश दिया जा रहा है। कल तक सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाएगी।

# महिला की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** कस्बे के एक नर्सिंग होम में शुक्रवार को महिला की इलाज में लापरवाही के दौरान मौत हो जाने की पुलिस को दी गई तहरीर पर स्वास्थ्य विभाग जागा। शनिवार को एसीएमओ के नेतृत्व में कस्बे के क्लीनिको, नर्सिंग होमों एवं झोलाछाप डॉक्टरों के यहां छापा मारा। इस दौरान एक नर्सिंग होम को सीज किया गया। अन्य को नोटिस जारी किए गए।

बिना आवश्यक निर्धारित मानकों के कस्बे में चल रहे नर्सिंग होमों पर अब तक आंख मूंदे बैठे स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी। शुक्रवार को कस्बे के बिसधन रोड स्थित श्री हंस हॉस्पिटल में सुभाष नगर निवासी सफाई कर्मी विनोद कुमार की पत्नी सीमा 48 की उपचार के दौरान मौत हो जाने पर शनिवार को एसीएमओ सीएल वर्मा व चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी रसूलाबाद दीपक गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में कस्बे के नर्सिंग होमों क्लीनिकों व झोलाछाप डॉक्टरों के शनिवार को छापा मारा।





नर्सिंग होम में व्यवस्थाओं की हुई जांच। हॉस्पिटल को सीज करते एसीएमओ डॉ सी एल वर्मा। अमृत विचार

- बीती रात इलाज के दौरान चली गई थी महिला की जान

इस दौरान श्री हंस हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया। इसके बाद कानपुर रोड स्थित हरे रामा हरे कृष्णा, अभी नर्सिंग होम, और बिसधन रोड स्थित अंशिका नर्सिंग होम को नोटिस दिया गया। इनके संचालकों को सोमवार को अपने आवश्यक प्रपत्र सीएमओ ऑफिस प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। छापेमारी की सूचना पाकर कस्बे के झोलाछाप डॉक्टर शटर गिराकर मौके से फरार हो गए।

सुभाष नगर निवासी सफाई कर्मी अशोक की पत्नी सीमा 48 वर्ष को अचानक सांस लेने में दिक्कत हुई थी। परिजन आनन फानन कस्बा के विषधन रोड में बिना पंजीकरण के संचालित श्रीहंस अस्पताल ले गए। वहां भर्ती कर दिया। दोपहर करीब एक बजे इलाज के दौरान सीमा देवी की मौत हो गई। पति अशोक व बेटे सूरज आदि ने बताया कि सांस लेने में दिक्कत होने के कारण सीमा देवी को इलाज के लिए श्री हंस हॉस्पिटल लाए थे जहां मिले अस्पताल के डायरेक्टर लाखन सिंह, सोहित कुमार,संजय राठौर आदि ने ठीक कर देने का आश्वासन देते हुए बीस हजार रुपए काउंटर पर जमा करा लिए। आरोप है कि इसके बाद जांचों के नाम पर 5000 रुपए और लिए। इसी दौरान एक बजे के करीब सीमा देवी की हालत बिगड़ने लगी तब वह लोग आनन फानन सीएचसी रसूलाबाद ले गए जहां डॉक्टर बृजेश कुमार ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इलाज के दौरान लापरवाही बरतने तथा बिना लाइसेंस के अस्पताल संचालित कर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

# टैक्स वसूला जा रहा शहरों जैसा, एलपीजी गैस डिलीवरी का पैमाना गांव वाला

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** कुकिंग गैस सिलेंडर की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही। पेट्रोलियम मंत्रालय में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की लिस्टिंग ने कस्बाई व ग्रामीण उपभोक्ताओं की मुसीबत और बढ़ा दी है।

मंत्रालय ने शहरी क्षेत्र के लिए 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 45 दिनों की एलपीजी गैस डिलीवरी मियाद तय कर रखी है। अकबरपुर, रूरा, शिवली, रनियां, रसूलाबाद, सिकंदरा, राजपुर आदि जगहों पर 45 दिनों का डीएसी मैसेज आ रहा। वरिष्ठ अधिवक्ता हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने मामले की जानकारी जुटाई तो पता लगा कि सिटीजन चार्जेज भले शहरी हिसाब से लिए जा रहे मगर कस्बाई क्षेत्रों को पेट्रोलियम मंत्रालय ने देहात क्षेत्र के रूप में ही चिह्नित किया। मिनिस्ट्री की लिस्टिंग के कारण शहरी और कस्बाई क्षेत्र के लोगों को 20 दिनों का अतिरिक्त इंतजार करना पड़ रहा। शनिवार को अकबरपुर के कई लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की। जिला पूर्ति अधिकारी ने मामले में जल्द कार्रवाई कर अकबरपुर जैसी सभी जगहों को ग्रामीण की जगह शहरी क्षेत्र में चिह्नित कराने का भरोसा दिया था मगर अब तक कुछ नहीं हुआ है। सिलेंडर डिलीवरी मिलने का पीरियड 45 दिन दिखा रहा। कहा कि जब सारे टैक्स शहरी तर्ज पर दिए जा रहे तो पेट्रोलियम मंत्रालय ऐसे क्षेत्रों को ग्रामीण कैसे मान रहा। शिकायत करने वालों में कुंवर कृष्ण श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, अमर नाथ गुप्ता, अरशद खां, प्रशांत ओमर, मो जाहिद कुरेशी, अमरेंद्र भानु आदि रहे।

# दुर्घटना में घायल किसान की उपचार के दौरान गई जान

**रसूलाबादः** बिलहा गांव में अनियंत्रित ट्रैक्टर हाइड्रा की टक्कर से घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई।



रामेश्वर।

बिलहा गांव निवासी किसान रामेश्वर 60वर्ष गत 24 अप्रैल को सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित हाइड्रा ने टक्कर मार दी जिससे किसान रामेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन सीएचसी ले गए थे वहां इलाज के बाद हैलट रेफर किया गया था। शनिवार को कानपुर में इलाज के दौरान रामेश्वर की मौत हो गई।

परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अनहोनी घटना से पत्नी सोनम,बेटा आशीष,बेटी रेशमा व पिंकी अन्य परिजन बिलखने लगे। प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# ऑटो रोककर लूटपाट करने में दो लुटेरों को पांच साल की सजा, सात-सात हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** करीब ढाई साल पहले रेउना क्षेत्र के गांव दहेली निवासी युवक की ऑटो को रोककर उसके साथ मारपीट कर मोबाइल नगदी लूट लेने के मामले की सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उन्हें पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही सात-सात हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

एडीजीसी आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि रेउना क्षेत्र के गांव दहेली निवासी गुड्डू 28 दिसंबर 2023 को अपनी ऑटो की किश्त जमा करने घाटमपुर जा रहा था। गौरा मोड़ के पास कार चालक बदमाशों ने ऑटो को ओवरटेक कर रोक लिया। इसके बाद उसे ऑटो से खींचकर उसके साथ मारपीटकर उसकी जेब में रखे 11,200 रूपए और उसका मोबाइल छीनकर भाग निकले। मामले में पीड़ित की माँ गुड़िया की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने गौरा रेवना निवासी देवेंद्र सचान के साथ प्रयागराज के सोनाई निवासी विजयशंकर को गिरफ्तार जेल भेजा। इसके बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र अदालत में दाखिल कर दिए। मामले की सुनवाई मौजूदा समय में एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उन्हें पांच साल के कारावास की सुनाई इसके। साथ ही प्रत्येक पर सात हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य ने सुनाई राजा परीक्षित की कथा

**रनियांः** सरवनखेड़ा कस्बे में स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ है। शनिवार को दूसरे दिन भागवताचार्य द्वारा शुकदेव की कथा सुनाई गई।

सरवनखेड़ा स्थित बीआरसी भवन के पास भगवान शिव का एक प्राचीन मंदिर है। शुक्रवार से यहां श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ किया गया। पहले दिन कलश यात्रा संपन्न होने के बाद कथा शुरू हुई। शनिवार को दूसरे दिन भागवताचार्य रामगोपाल गोस्वामी ने बताया कि राजा परीक्षित वन में भ्रमण के दौरान जब उन्हें प्यास लगी तो वो शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचे और उनसे पानी मांगा, उस समय ऋषि समाधि में लीन थे और कोई उत्तर नहीं दे सके।

# सीओ बने संजय गुप्ता, पुलिस अधीक्षक ने वर्दी पर लगाए स्टार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** अलग-अलग थाना-कोतवालीं में इंस्पेक्टर रहे संजय गुप्ता सर्किल ऑफीसर के रूप में प्रोन्नत हो गए हैं। शनिवार को एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय और एएसपी आलोक कुमार ने गुप्ता की वर्दी पर पद के स्टार लगाए।

संजय गुप्ता कई जिलों में स्टेशन अफसर और कोतवाल रह चुके हैं। कानपुर देहात में भी कई थानों में उन्होंने बतौर प्रभारी सराहनीय कार्य किया। इसके लिए कई बार उन्हें प्रशंसा मिली। हाल में उनका प्रमोशन हुआ है। वह पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर प्रोन्नत किए गए हैं। गुप्ता अब तक कार्यालय, अपराधा शाखा में बतौर निरीक्षक कार्यरत थे। सर्किल ऑफिसर के पद पर पदोन्नत होने के बाद शनिवार को पुलिस मुख्यालय में एसपी और एएसपी ने उनके कंधों पर पद के अनुरूप स्टार लगाए।



प्रमोशन के बाद संजय गुप्ता की वर्दी पर सीओ के स्टार लगातीं एसपी। अमृत विचार

एसपी ने कहा कि पदोन्नति उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का परिणाम है। भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। शनिवार को गुप्ता के अलावा चालक मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह, चालक मुख्य आरक्षी करुणेश मिश्रा एवं मुख्य आरक्षी संतोष यादव का भी सहायक उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर नए पद के स्टार लगाकर उत्साहवर्धन किया गया।

बढ़ाया मान | विकसित भारत-युवा संसद कार्यक्रम में दिया प्रभावशाली उद्बोधन

# कशिश, कन्हैया ने विस में बुलंद की जिले की आवाज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** पुखरायां के आरएसजीयू डिग्री कॉलेज की छात्रा कशिश कुशवाहा और छात्र कन्हैया गुप्ता ने यूपी विधानसभा में कानपुर देहात को गौरवान्वित किया है। 'विकसित भारत-युवा संसद कार्यक्रम' में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए दोनों होनहारों ने प्रभावशाली और सारगर्भित उद्बोधन किया। उन्हें मिली सराहना के बाद यहां उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। कॉलेज के शिक्षकों ने कशिश और कन्हैया को शाबासी दी। बाकी छात्र-छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेने को कहा।

विधान सभा में उनकी स्पीच ने सभी पर प्रभाव छोड़ा। कॉलेज के शिक्षकों ने कहा कि उनकी विषय के प्रति गहन समझ, तार्किक प्रस्तुति तथा राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्ध चिंतन युवा शक्ति की सशक्त और प्रेरक पहचान है। यह उपलब्धि समस्त छात्रदृछात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, मार्गदर्शन एवं संस्कारों का जीवंत प्रमाण भी है। महाविद्यालय परिवार ने कशिश कुशवाहा और कन्हैया गुप्ता को ऐतिहासिक मंच पर उत्कृष्ट सहभागिता एवं प्रस्तुति के लिए बधाई दी। पुखरायां निवासी कन्हैया के उद्बोधन के बारे में उनके पिता रमाकांत गुप्ता ने कहा कि उसकी सोच युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगी। दोनों विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का का मान बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि जनपद स्तर पर अकबरपुर महाविद्यालय में पहले यह कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इसमे काफी संख्या में छात्र-छात्रा भागीदार थे। उम्दा प्रदर्शन के बाद जनपद से चार छात्र-छात्राओं का लखनऊ विधानसभा में स्पीच के लिए चयन किया गया था।





सदन में अपनी बात रखतीं कशिश कुशवाहा व कन्हैया। अमृत विचार

- आरएसजीयू डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत हैं दोनों

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# कानपुर एक्सप्रेसवे लिंक बनने से ही बहेगी विकास की गंगा

## प्रदेश में एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा पर शहर से नहीं सीधी कनेक्टिविटी, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे जैसा मार्ग बनाकर दोनों एक्सप्रेस वे को जोड़ें

जनता का मुद्दा


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 'प्रदेश में एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है, लेकिन अपना कानपुर औद्योगिक शहर हाशिए पर खड़ा दिखाई दे रहा है, इस तरह की उपेक्षा से तो कानपुर विकास की दौड़ में और पिछड़ जाएगा।' यह पीड़ा अधिकतर नागरिकों ने 'अमृत विचार' के 'जनता का मुद्दा' अभियान में गंगा एक्सप्रेसवे के लिए फर्रुखाबाद की तरह तत्काल लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण किए जाने की मांग पर बल देते हुए जताई। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के बाद कानपुर नगर को गंगा एक्सप्रेसवे के रूट में नहीं शामिल करने या लिंक मार्ग नहीं बनाने को लोगों ने बड़ी रणनीतिक चूक भी बताया।

**सोनिक रैंप तक पहुंचना जाम के कारण सुगम नहीं:** मेरठ से प्रयागराज तक जाने वाले सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे तक पहुंचने के लिए अभी वाहन सवारों को कानपुर-लखनऊ हाईवे पर उन्नाव में स्थित सोनिक रैंप तक पहुंचना पड़ रहा है।

शहर से इस रैंप की न्यूनतम दूरी 27 किलोमीटर है। इस तरह अभी यही गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ने और उतरने का सबसे नजदीकी पॉइंट है। लेकिन यहां तक पहुंचने का मार्ग सुगम नहीं है। जाजमऊ गंगा पुल या शुक्लागंज होकर रास्ता है, जहां अधिकतर समय जाम लगा रहता है, बाकी मार्ग में भी यातायात फंसाव ज्यादा है।

**39% ट्रांसगंगा सिटी से सीधी पहुंच देने से विकास को पंख:** गंगा बैराज मार्ग पर स्थित ट्रांस गंगा सिटी से गंगा एक्सप्रेसवे के लिए लिंक रोड सबसे प्रभावी हो सकता है। अभियान में 39 फीसदी लोगों ने इस मार्ग के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि ट्रांसगंगा सिटी से शंकरपुर गांव, सिकंदरपुर सरोसी होते हुए चकलवंशी के आगे गंगा एक्सप्रेसवे तक लिंक रोड बनाया जा सकता है। यह लिंक कानपुर-उन्नाव के बीच विकास को नए पंख देगा।



### 36% आउटर रिंग रोड से सीधा लिंक मार्ग बनाएं

- अभियान में 36 फीसदी लोगों ने कानपुर आउटर रिंग रोड से सीधे गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला लिंक बनाने पर जोर दिया। लोगों ने कहा कि रिंग रोड निर्माणाधीन है, इसे उन्नाव की सीमा में गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए सिर्फ लिंक रोड बनाने की जरूरत है।

### 25% फर्रुखाबाद लिंक जैसी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएं

- फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे करीब 92 किलोमीटर लंबा है, जो गंगा एक्सप्रेसवे को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। यह लिंक इटावा से शुरू होकर कन्नौज, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर होकर हरदोई तक जाएगा। जनता का मुद्दा अभियान में 25 फीसदी लोगों ने कहा कि कानपुर शहर को भी इसी तरह के लिंक एक्सप्रेस वे की जरूरत है, जो लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, कानपुर-अलीगढ़ हाईवे और आउटर रिंग रोड से जोड़कर विकास की नई इबारत लिख सके।

## 'अमृत विचार' की मुहिम रंग लाई सतीश महाना का भी मिला साथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेसवे को कानपुर शहर से जोड़ने के लिए 'अमृत विचार' की ओर से शुरू किए गए अभियान को महाराजपुर विधायक एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना का समर्थन मिला है। उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे से कानपुर को कनेक्टिविटी देने के लिए सभी संभावनाओं का हर पहलू से परीक्षण करके प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया है। शनिवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में समन्वित विकास को लेकर हुई बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे को कानपुर से जोड़ने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को कहां से लिंक रोड बनाकर कानपुर से जोड़ा जा सकता है, इस संबंध में जल्द प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के औद्योगिक और व्यापारिक विकास के लिए गंगा एक्सप्रेसवे के लिए सीधी कनेक्टिविटी जरूरी है।



अभी शहर से 27 किमी दूर है गंगा एक्सप्रेस-वे, कब बनेगी लिंक रोड



गंगा एक्सप्रेसवे से भी सीधी पहुंच नहीं, ये सौतेलापन

अमृत विचार लगातार इस मुहिम को आगे बढ़ा रहा है।

### बोले कारोबारी



"गंगा एक्सप्रेस वे को शहर से कनेक्टविटी मिलनी ही चाहिए। इसके लिए लिंक एक्सप्रेस वे बनाना पड़े तो बनाया जाए।"

– नंद गोपाल मालवीय, कारोबारी



"रिंग रोड से यदि गंगा एक्सप्रेस वे को लिंक कर दिया जाए तो अच्छा रहेगा। इससे कानपुर के औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।"

– सुमित अजमानी



"गंगा एक्सप्रेस वे से रिंग रोड का लिंक होना मतलब शहर के विकास को गति मिलना। यहां बड़े पैमाने पर निवेशक और कारोबारी आएंगे।"

– महेश गुप्ता, कारोबारी



"प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को गंगा एक्सप्रेस वे और रिंग रोड को लिंक करने के लिए तत्काल मुख्यमंत्री के यहां पैरवी करनी चाहिए।"

– उदयभान सिंह, कारोबारी

### शहर में आज



- **अभियान :** मस्कर घाट में ऑटो चालक टीम द्वारा मां गंगा साप्ताहिक अभियान सुबह 11 बजे।
- **व्याख्यान :** होटल रीजेंटा में कनिका हॉस्पिटल द्वारा नेत्र विशेषज्ञों का व्याख्यान 12 बजे।
- **दिवस :** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक द्वारा मजदूर दिवस किदवई नगर एच-1 ब्लाक दो बजे।
- **समारोह :** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के स्थापना दिवस पर जेएल रोहतगी अस्पताल में समारोह तीन बजे।
- **बैठक :** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में पदाधिकारियों की मासिक बैठक चार बजे।
- **उत्सव :** श्री रामनवमी महोत्सव समिति शिवाला द्वारा 41वां उत्सव बालभवन फूलबाग मे शाम छह बजे।

### सिटी ब्रीफ

#### आईएमए ब्लड बैंक के दस्तावेज भेजे गए

**कानपुर।** औषधि प्रशासन विभाग को जांच के दौरान आईएमए ब्लड समेत चार ब्लड बैंकों में अनियमिताएं मिली थी और लाइसेंस निलंबित होने के बाद भी आईएमए ब्लड का संचालन होता मिला था। इस मामले में शनिवार को औषधि प्रशासन विभाग के निरीक्षक ओमपाल आईएमए ब्लड बैंक पहुंचे, जहां उन्होंने अनियमिताओं से संबंधित दस्तावेजों को देखा और उनको कब्जे में लेकर मुख्यालय भेज दिया।

#### आज इन इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** शहर के पॉलीमर उपकेंद्र के औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, दादा नगर में औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम को पांच बजे तक और उद्योग कुंज के औद्योगिक क्षेत्र में बिजली सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक नहीं आएगी। केस्को कर्मियों द्वारा इन क्षेत्रों में जरूरी कार्य किए जाएंगे।

#### आठ परिसरों में पकड़ी बिजली चोरी

**कानपुर।** केस्को विजिलेंस टीम ने आठ परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक चमनगंज में अली मुर्तजा, मो .बिलाल, शहाना बानो, टुकनिया पुरवा में शमा फातिमा, ग्वालटोली में मो .इमरान, आबिदा बानो, शादाब और मिर्जापुर कल्यानपुर में नरेंद्र कुमार पर एफआईआर दर्ज कराई है।

## पाकिस्तान ही क्या, चीन तक मार करने वाली मिसाइलें शहर में बनेंगी

तैयारी शुरू

- अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने शुरू की 4000 किलोमीटर मारक क्षमता वाली मिसाइलों के उत्पादन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इधर विश्व में जितने भी युद्ध हुए हैं, चाहे रुस-यूक्रेन का युद्ध हो या अमेरिका-इजरायल और ईरान का युद्ध, यह बात साफ हो गयी है कि मिसाइलों की अहमियत काफी बढ़ गयी है, इसे देखते हुए कानपुर स्थित डिफेंस मेगा क्लस्टर में जल्दी ही चार हजार किलोमीटर तक मारक क्षमता वाली मिसाइलें बनाने के लिए तैयारी चल रही है।

यह जानकारी शनिवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित समग्र विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दी। उन्होंने बताया कि मिसाइल बनाने की यूनिट के लिए यूपीसीडा द्वारा भूमि अधिग्रहीत करने का काम शुरू किया जा चुका है। लखनऊ में ब्रह्मोस्त्र जैसी मिसाइल पहले ही तैयार हो रही हैं, जिसे कई देश भारत से खरीद भी रहे हैं।

### आपरेशन सिंदूर में साबित हुई थी मिसाइल और ड्रोन की महत्ता

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डिफेंस कॉरिडोर साढ़ स्थित फैक्ट्री में मिसाइल का उत्पादन शुरू करने की तैयारियां चल रही हैं। अभी फैक्ट्री में विभिन्न प्रकार की बंदूकों की गोलियों का उत्पादन हो रहा है। मिसाइल उत्पादन के लिए फैक्ट्री में अलग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य चल रहा है। कंपनी का लक्ष्य अगले साल तक मिसाइल का उत्पादन शुरू करने का है। पिछले साल पाकिस्तान के साथ हुए आपरेशन सिंदूर के दौरान मिसाइल और ड्रोन की महत्ता साबित हुई थी। मिसाइल से दुश्मन देश की सीमा पार किए बिना लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। आपरेशन सिंदूर में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस में तैयार कई उपकरणों का इस्तेमाल हुआ था।




सड़क से जुड़े नक्शा के मुद्दे को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने संवाद किया। अमृत विचार

## सड़क की शर्त का खुला विरोध

- 9 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर केडीए से नक्शा पास नहीं होने के मुद्दे पर संवाद कार्यक्रम
- भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ तक विरोध प्रदर्शन का लिया फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौ मीटर से कम सड़क पर केडीए द्वारा नक्शा पास न होने के मुद्दे पर भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के व्यापारी उद्यमियों ने शनिवार को संवाद आयोजित किया। इस संवाद में व्यापारियों की ओर से तय किया गया कि इस निर्णय का शहर से लेकर लखनऊ तक विरोध किया जाएगा।

बैठक में कहा गया कि इस निर्णय से शहर में नयागंज, हटिया, कुली बाज़ार , जनरलगंज कपड़ा बाजार व कोपरगंज सहित सभी थोक घनी बाजारों में नक्शा पास न होने से दिक्कत आएंगी। संवाद के दौरान भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि कानपुर महानगर में सभी पुरानी थोक बाजारों हटिया, जनरलगंज, कपड़ा बाज़ार, कुली बाज़ार व नयागंज और लाटूस रोड के अंदर की सड़कें 9 मीटर से कम हैं। इसी तरह मंडल के जिलाध्यक्ष गुरुजिंदर सिंह ने कहा कि केडीए द्वारा नौ मीटर से कम वाली सड़क पर नक्शा पास न होने व तोड़फोड़ कराने की भी अनुमति न मिलने के कारण कानपुर महानगर की थोक बाजारों पर बहुत असर पड़ेगा। इस दौरान जिला युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश रामचंदानी व राकेश शर्मा , उपाध्यक्ष कुंदन शर्मा व भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## ड्रग वेयरहाउस में कोल्ड चेन स्टोरेज बंद मिला

- दो कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले जिलाधिकारी ने सीएमओ से मांगा स्पष्टीकरण
- मनमानी से जिलाधिकारी खफा अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सुरार स्थित जनपदीय ड्रग वेयरहाउस में शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को कोल्ड चेन स्टोरेज बंद मिला, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई की। वेयरहाउस से दो कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले, जिसका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए और पूरे मामले के संबंध में जिलाधिकारी ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी से स्पष्टीकरण मांगा।

सुरार स्थित जनपदीय ड्रग वेयरहाउस हैलट, उर्सला और जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को दवाओं की आपूर्ति करता है, जिसका औचक निरीक्षण करने जिलाधिकारी पहुंचे तो कोल्ड चेन स्टोरेज कार्य दिवस पर बंद मिला। इसके बाद उन्होंने दवाओं के स्टॉक का भंडारण देखा व आवश्यक अभिलेखों की जांच की। उन्होंने भंडारण व्यवस्था को मानकों के अनुरूप बनाए रखने और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कर्मी आलोक कुमार और सरोजनी देवी अनुपस्थित मिले।

जिलाधिकारी ने दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि दवा भंडारण और आपूर्ति से जुड़ी किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए।

वहीं, उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. उज्ज्वल कुमार( आईएएस) से फोनपर वार्ता कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुरोध किया। वेयरहाउस में तैनात फार्मासिस्ट आशुतोष यादव ने बताया कि यहां 371 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं, जिन्हें मांग के अनुसार जिले के स्वास्थ्य केंद्रों को भेजा जाता है।

मंजूरी की उम्मीद | सेतु निगम ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के लिए जिलाधिकारी को सौंपा

## घंटाघर-टाटमिल पुल होगा चौड़ा, जाम से मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घंटाघर-टाटमिल चौराहा पुल व्यस्त समय में वाहनों के भारी दबाव के कारण जाम का शिकार रहता है। इसे देखते हुए पुल के चौड़ीकरण की योजना बनी है। तय हुआ है कि मौजूदा दो लेन के पुल को विस्तार देकर तीन लेन का किया जाए। सेतु निगम ने इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी को सौंपा है। जिला प्रशासन की स्वीकृति के बाद प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो इसी साल इस परियोजना पर काम शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

घंटाघर-टाटमिल चौराहा (हैरिसगंज पुल) पर जाम की समस्या को देखते हुए चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम अधिकारियों तथा समग्र विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने पिछले वर्ष सर्वे किया था। इसमें मौजूदा पुल को एक लेन का विस्तार देने पर सहमति बनी थी। इसके बाद पुल के निर्माण के लिए रेलवे से ड्राइंग और रेलवे ट्रैक के ऊपर के हिस्से पर पुल निर्माण का एस्टीमेट भी मांगा गया था।

सेतु निगम के प्रस्ताव के मुताबिक वर्तमान दो लेन के पुराने पुल के समानांतर लगभग 600 मीटर लंबी और चार मीटर चौड़ी एक लेन बनाकर पुल को तीन लेन किया जाएगा। इस तरह यह पुल लगभग 12 मीटर चौड़ा हो जाएगा। अभी दो लेन का यह पुल करीब आठ मीटर चौड़ा है। इसके चौड़ीकरण में रेलवे की बड़ी भूमिका होगी, क्योंकि ज्यादातर जमीन उसकी ही है। इसे देखते हुए ही पुल निर्माण के लिए रेलवे से ड्राइंग और रेलवे ट्रैक के ऊपर के हिस्से में पुल निर्माण का एस्टीमेट मांगा गया है। पुल का जिस ओर चौड़ीकरण किया जाएगा, वहां जिन विभागों के केबल पड़े हैं, उनसे उन्हें शिफ्ट करने में आने वाले खर्च का ब्यौरा मांगा जाएगा। इसके बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। यह पुल चौड़ा होने से न सिर्फ एक्सप्रेस रोड, नयागंज, जनरलगंज, नौघड़ा, हटिया, कुलीबाजार, हालसी और लाटूशरोड, हूलागंज आदि व्यस्ततम बाजारों में आने-जाने वाले व्यापारियों को जाम से राहत मिलेगी, बल्कि दक्षिण क्षेत्र से रोज उत्तर क्षेत्र के लिए आवागमन करने वालों की समस्या भी दूर होगी।


| 08 | 12 | 03 | 600 |
|---|---|---|---|
| मीटर है मौजूदा दो लेन के पुल की चौड़ाई | मीटर चौड़ा हो जाएगा पुल विस्तार मिलने पर | लेन का पुल यातायात के लिए उपलब्ध होगा | मीटर लंबाई में किया जाएगा चौड़ीकरण |

### एलीवेटेड रोड से नहीं जुड़ेगा

- पहले घंटाघर-टाटमिल पुल का चौड़ीकरण करने के साथ इसे जीटी रोड पर गोल चौराहा से रामादेवी तक बनने वाली एलीवेटेड रोड से जोड़ना प्रस्तावित किया गया था, लेकिन अब तय हुआ है कि इस पुल को एलीवेटेड रोड से नहीं जोड़ा जाएगा और मौजूदा स्वरूप में ही बरकरार रखा जाएगा।

"सेतु निगम ने घंटाघर से टाटमिल पुल के चौड़ीकरण की तैयारी की है। इस कवायद में मौजूदा पुल को करीब चार मीटर चौड़ाई और विस्तार दिया जाएगा। प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी को सौंपा गया है, वहां से स्वीकृति मिलने पर डीपीआर बनाकर शासन में मंजूरी के लिए भेजी जाएगी।"

विजय सेन, मुख्य परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम।



## सिटी ब्रीफ

### पति संग प्रेमिका को देख भड़की महिला, मारपीट

कानपुर। जूही बारादेवी चौराहा पर शुक्रवार देर रात एक महिला ने अपने पति को कथित प्रेमिका के साथ घूमते देख आपा खो दिया। इसके बाद सड़क पर ही दोनों महिलाओं के बीच गाली-गलौज व जमकर मारपीट हुई। पति बीच-बचाव करता रहा। भीड़ तमाशबीन बनी रही। पूरी घटना पुलिस पिकेट के सामने हुई और किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस के अनुसार अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला ने जैसे ही पति को दूसरी महिला के साथ देखा। वहीं विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला हाथापाई में बदल गया। दोनों महिलाएं एक-दूसरे से मारपीट करने लगीं। पति उन्हें छुड़ाने की कोशिश करता रहा। चौराहे पर मौजूद लोग मदद करने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। शनिवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर फैल गया। जूही थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

### निर्माणाधीन मकान से एक लाख के तार चोरी

कानपुर। चकेरी के अहिरवां में चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान से करीब एक लाख की कीमत के तार के बंडल चुरा लिया। जिसके बाद पीड़ित मकान मालिक ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। अहिरवां के संजीव नगर निवासी रिषभ यादव के अनुसार इलाके में ही उनके दूसर् मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होने बताया कि बीती 13 अप्रैल की देर रात को चोरों ने उनके मकान से तारो के बंडल समेत वायरिंग के लिए पाइप के अंदर पड़े तारो को खींचकर चोरी कर लिया। इसके बाद अगले दिन उन्हें चोरी की जानकारी हुई। रिषभ ने बताया कि तारो की कीमत करीब एक लाख रुपये है। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया है। चोरों की तलाश की जा रही है।

### महिला अधिवक्ता को फोन पर धमकी, रिपोर्ट

कानपुर। कोतवाली में महिला अधिवक्ता गायत्री मिश्रा ने गाली-गलौज व गोली मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार बीती 31 मार्च को उनके मोबाइल पर मोबासिर नामक व्यक्ति ने कॉल कर गाली-गलौज की। विरोध करने पर कचहरी में घुसकर गोली मारने की धमकी दी। इसके साथ ही उनके पति रमाकांत मिश्र को अमित विश्वकर्मा नामक व्यक्ति ने फोन कर धमकाया। आरोपी उनके परिवार के अन्य सदस्यों को कॉल कर घर में घुसकर हत्या करने की धमकी दे रहे है। जिससे उनका परिवार डरा है। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### ऑटो चालकों ने स्कूटी सवार को पीटा

कानपुर। बर्रा में कर्रही रोड स्थित बंबा मोड़ पर शनिवार शाम स्कूटी में टक्कर लगने का विरोध करना भारी पड़ा। ऑटो चालकों ने युवक को घेरकर डंडे से पीटा। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मारपीट के बाद पीड़ित के साथ करीब तीन दर्जन से अधिक लोग चौराहा पहुंचे तो हमलावर मौके से फरार हो गए थे। कर्रही रोड स्थित बंबा मोड़ पर अक्सर ऑटो और ई रिक्शा चालकों की अराजकता बनी रहती है। मोड़ पर ही वाहन खड़े कर आधा रास्ता घेर लिया जाता है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। विरोध करने पर राहगीरों से मारपीट और अभद्रता की घटनाएं होती हैं। शनिवार को भी इसी तरह विवाद बढ़ा और स्कूटी सवार को पीटा गया। हलांकि बाद में लोग हमलावरों की तलाश करते रहे, लेकिन कोई हाथ नहीं लगा। थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ससुरालियों पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट

कानपुर। नवाबगंज में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों पर गला दबाकर हत्या के प्रयास का आरोप लगा है। पीड़िता प्रियंका के अनुसार 2008 में उनका विवाह असीम से हुआ था। ससुरालीजन उन पर 10 लाख का दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। दो बेटियों के कारण वह प्रताड़ना सहती रही। 2023 में पुलिस से शिकायत करने पर समझौता कराया गया। कुछ समय बाद ही फिर प्रताड़ित करने लगे। अक्टूबर 2025 में मायके जाने की बात कहने पर पति ने ससुरालियों के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। बेटियों को भी पीटा। थाना प्रभारी राजकेसर यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हाईवे पर खराब खड़े डंपर में घुसा डंपर, दो भाइयों की मौत

## हनुमंत विहार क्षेत्र में एलिवेटेड हाईवे पर सुबह हुआ हादसा, तीन घंटे केबिन में फंसे तड़पे रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हादसे के बाद दो किलोमीटर लंबी वाहनों की लगी लाइन
- क्रेन से दोनों डंपरों को अलग करने के बाद शव निकाले



हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लगा रहा। अमृत विचार



कमलकांत।



दीपक।



हाईवे से डंपर को क्रेन से हटाया गया।

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार एलिवेटेड हाईवे पर शनिवार सुबह खराब खड़े मौरंग लदे डंपर में पीछे से दूसरा डंपर घुसा गया। भीषण टक्कर से दो सगे भाई तीन घंटे डंपर की केबिन में फंसे रहे। क्रेन से वाहनों को अलग कर भाइयों के शवों को निकाला गया। इस बीच करीब दो किमी वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को एलिवेटेड हाईवे से हटवाकर जाम में फंसे वाहनों का यातायात बहाल कराया। हादसे में दो बेटों की मौत की खबर पाकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कालपी निवासी परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। शव देखकर फफक पड़े।

कालपी के छौंक निवासी सगे भाई 28 वर्षीय कमलकांत व 26 वर्षीय दीपक डंपर चालक थे। परिवार में पिता संतराम, मां शीला, बड़े भाई बबलू व पवन हैं। कमलकांत की बीते साल 26 मई को हमीरपुर की आरती से शादी हुई थी, जिसे अभी एक साल भी नहीं बीता। परिजनों के अनुसार करीब छह दिन पहले दोनों भाई डंपर लेकर निकले थे।

शनिवार सुबह एलेवेटेड हाईवे से निकले, तभी खराब खड़े मौरंग लदे डंपर में पीछे से इनकी डंपर जा घुसी। जोरदार टक्कर से दोनों डंपर क्षतिग्रस्त होकर आपस में फंस गए। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों डंपरों को अलग करवाया। इस मशक्कत में करीब तीन घंटे लग गए। तब तक डंपर की केबिन में फंसे भाइयों की मौत हो चुकी थी।

हाईवे पर करीब दो किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस ने युवकों के ड्राइविंग लाइसेंस से शव की शिनाख्त की और हादसे की खबर परिजनों को दी। खबर पाकर रोते-बिलखते घरवाले पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पुलिस के अनुसार डंपर की ड्राइविंग सीट पर कमलकांत मिला है। उसे झपकी आने से हादसा हुआ है। दोनों भाई शिफ्टवार ड्राइविंग करत थे। दीपक अभी अविवाहित था। घरवालों ने संभावना जताई कि उन्नाव माल लोड करने जा रहे थे।

### विकलांग पिता रोते बिलखते हुए बेसुध

- कमलकांत के पिता संतराम पैर से विकलांग है। बोले चार बेटों का सहारा था, इसलिए कभी खुद को विकलांग नहीं समझा। अचानक हमारे ऊपर बिजली गिरी है। दो बेटे कमाने निकले थे, सुबह-सुबह हादसे की खबर मिली तो कलेजा बैठ गया। उन्होंने बताया कि दीपक की शादी का विचार कर रहे थे, क्या पता था कि वह ऐसे दगा दे जाएगा।

# मौरंग लदे ट्रैक्टर ट्राली के पहियों से कुचलकर युवक की थम गईं सांसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मौरंग लदी ट्राली मोड़ते समय हुआ हादसा, साथी वाहन छोड़कर भागा

**अमृत विचार।** बर्रा में मौरंग लदा ट्रैक्टर-ट्राली मोड़ते समय ट्रैक्टर पर सवार युवक नीचे गिरकर पहियों के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली खड़ा कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। शव की शिनाख्त होने पर परिजनों को खबर दी। मृतक फल का ठेला लगाता था। ट्रैक्टर चालक दोस्त के कहने पर उसके साथ गया था।

यशोदानगर मछरिया ने निवासी 36 वर्षीय मो. आरिफ फल का ठेला लगाता था। तीन भाइयों में बीच का आरिफ शनिवार सुबह मोहल्ले में टहल रहा था, तभी उसका दोस्त ट्रैक्टर-ट्राली में मौरंग लादकर बर्रा पांच इलाके में उतारने जा रहा था। दोस्त के कहने पर वह भी ट्रैक्टर पर सवार हो गया। परिजनों के अनुसार बर्रा पांच पहुंचने पर उसका साथी ट्रैक्टर-ट्राली मोड़ रहा था, तभी आरिफ ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। पहियों के नीचे आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद उसका साथ वाहन छोड़कर भाग निकला। मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई और परिजनों को हादसे की खबर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।

### हादसे में घायल दो युवकों की मौत

- कानपुर। महाराजपुर में बीती 25 अप्रैल को हादसे का शिकार युवक की इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नर्वल निवासी शब्बीर का 25 वर्षीय बेटा इम्तियाज बाइक से काम के सिलसिले में निकला था। रास्ते में ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इम्तियाज सैलून का काम करता था। सूचना पाकर परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया था, जहां शनिवार इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं ग्वालटोली में नत्थापुरवा निवासी पुत्ती का 24 वर्षीय बेटा शेखर की इलाज के दौरान हो गई।

### डिवाइडर के बीच युवक का शव मिला

कल्याणपुर। रावतपुर के गरुदेव चौकी के पास मेट्रो के नीचे डिवाइडर के बीच 45 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर केवल ग्रे कलर की लोवर थी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## डॉक्टर और जूनियर को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव में गाली-गलौज के विरोध में आरोपियों ने डॉक्टर और उनके जूनियर के साथ मारपीट की। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कौशलपुर निवासी डॉ. साहिल लारेंस के अनुसार बीती 28 अप्रैल को वह अपने जूनियर उत्तम गोस्वामी को कार से छोड़ने ओम चौराहा गए थे। तभी बाइक सवार अंकित पंडित, सौरभ गिरी और गोलू साथियों के साथ पहुंचे। उन लोगों ने वहां खड़े होने को लेकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की। जिससे उनके सिर और आंख में चोट आई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# रास्ते में किशोरी का खींचा हाथ, परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोनों बहनें किसी तरह बचकर घर पहुंचीं, आपबीती बताने पर भड़का गुस्सा
- परिजनों ने आरोपी को बताया मानसिक कमजोर, पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** बजरिया में बहन के साथ खस्ता लेकर घर जा रही किशोरी को दिनदहाड़े आरोपी ने बदनीयती से घर में खींचने का प्रयास किया। दोनों बहनें किसी तरह खुद को बचाकर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। पीड़ित परिवार इलाकाई लोगों के साथ आरोपी के घर पहुंचा तो आरोपी के मानसिक कमजोर होने की बात कहीं। जिस पर पीड़ित परिवार ने बजरिया थाने पहुंचकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। सूचना पर एसीपी सीसामऊ अमरनाथ यादव मौके पर पहुंचे। कार्रवाई का भरोसा देकर आक्रोशित परिजनों को शांत कराया।

कर्नलगंज निवासी पीड़ित परिवार के अनुसार शनिवार दोपहर उनकी 18 वर्षीय व 11 वर्षीय बेटी खस्ता लेने बजरिया चौराहा गई थीं। आरोप है कि लौटते समय वशीरगंज स्थित लाले चट्टे के पास रहने वाले 55 वर्षीय इब्राहिम ने छोटी बेटी को बदनीयती से दबोच लिया। आरोपी बेटी को घसीटकर अपने घर ले जाने लगा।

इस दौरान दोनों बेटियों ने शोर बचाते हुए खुद का बचाने के प्रयास किया। किसी तरह दोनों आरोपी से खुद को बचाकर घर पहुंचीं। परिजनों को लड़कियों ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस पर घरवाले तत्काल इलाके के लोगों के साथ आरोपी के घर पहुंचे और घटना के बारे में बताया। साथ ही आरोपित को बुलाने की मांग की।

इस पर आरोपी के परिजनों ने कहा कि वह मानसिक कमजोर है। बताया कि आरोपी घर में नहीं है। जिसके बाद पीड़ित परिवार बजरिया थाने पहुंचा और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर आक्रोशित परिजन को किसी तरह शांत कराया। आरोपी को पकड़ने पुलिस उसके घर पहुंची तो वह तीसरी मंजिल में छिपा मिला। जिसके बाद पुलिस आरोपी को लेकर थाने पहुंची। एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि आरोपी के परिजनों के अनुसार वह मानसिक कमजोर है। फिलहाल पीड़ित परिवार की शिकायत पर पॉक्सो, छेड़खानी और एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

### ड्यूटी से घर लौट रहे कर्मचारी को मारपीट कर लूटा

कानपुर। किदवई नगर एम-ब्लाक स्थित मॉल से ड्यूटी करके घर लौट रहे कर्मी को मारपीट कर आटो सवार ने लूट लिया। आरोप है कि नकदी व मोबाइल लूट करने के साथ जान से मारने की धमकी देकर यूपीआई पिन भी हासिल कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर हनुमंत विहार पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की है। गुजैनी के मनोहर विहार निवासी विजय बहादुर मॉल में नौकरी करते हैं। 22 अप्रैल की रात करीब 9:30 बजे वह नौकरी करके आटो से नौबस्ता बाइपास चौराहा पहुंचा। इसके बाद वहां से बर्रा जाने के लिए आटो पकड़ा। आटो में पहले से चार लोग बैठे थे। आरोप है कि चालक ने आटो को हाईवे की ओर मोड़ा तो उन्होंने विरोध किया। इस पर एक सवारी छोड़ने का बहाना बनाकर आगे बढ़ता रहा। कुछ दूरी जाने के बाद एकाएक तेज आवाज में म्यूजिक बजाने के दौरान पहले से बैठे तीन लोगों ने उनसे मारपीट शुरू कर दी और जेब से 800 रुपये, मोबाइल छीन लिया। इसके बाद हाईवे से नीचे फेंकने की धमकी देकर यूपीआइ पिन लेकर 930 रुपये भी ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए हैं। इसके बाद उन्हें चकरपुर हाईवे के पास आटो से नीचे धक्का देकर भाग निकले। हनुमंत विहार थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। जल्द खुलासा होगा।

# कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट और उत्पादों पर असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**05** हजार उपभोक्ता कामर्शियल सिलेंडर का करते इस्तेमाल

**07** हजार कॉमर्शियल सिलेंडर गैस की रोजाना होती है खपत

- औद्योगिक क्षेत्रों में फूड सहित अन्य सेक्टर प्रभावित भी होने का अनुमान
- रेस्टोरेंट और दुकानों में मिलने वाले पकवानों के दामों में भी इजाफा संभव

**अमृत विचार।** कॉमर्शियल सिलेंडर में लगभग नौ सौ रुपये की बढोतरी हुई है। माना जा रहा है कि यह बढोतरी शहर के फूड सेक्टर सहित अन्य उद्योग को प्रभावित करेगा। इसके अलावा रेस्टोरेंट और दुकानों में मिलने वाले पकवान भी महंगे होने का खतरा विशेषज्ञ जता रहे हैं। फिलहाल कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे बाजार में माना जा रहा था कि कॉमर्शियल सिलेंडर की कमी के दूर होने पर दामों में हु इजाफा कम हो सकेगा। सिलेंडर के रेट बढ़ने के बाद अब यह उम्मींद भी व्यापारी व उद्यमी खो चुके हैं।

शहर में पिछले दो महीनों से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की परेशानी से व्यापारी व उद्यमी जूझ रहे हैं। इस परेशानी से संघर्ष कर रहे व्यापारियों व उद्यमियों ने सिलेंडर की किल्लत दूर करने के लिए व्यापारियों व उद्यमियों ने जिला प्रशासन से भी कई बार गुहार लगाई है। बावजूद यह किल्लत बरकरार है। उधर कॉमर्शियल सिलेंडर की कमी से छोटे दुकानदारों ने भट्टियों की रुख कर लिया है। इस बदलाव के बाद दुकानों में मिलने वाली चाय व समोसा के रेट में भी इजाफा हुआ। उधर होटल व रेस्टोरेंट की बात की जाए तो यहां पर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से क्षमता आधी किए जाने के साथ ही किचन में भी बदलाव हुए। माना जा रहा था कि गैस सिलेंडर की किल्लत के बाद हुए बदलाव से बढ़े दाम आपूर्ती पटरी पर आने परर सामान्य हो सकेगे। अब व्यापारी इसकी उम्मींद खो चुके हैं। उनका कहना है कि दाम पटरी पर आने के बाजाए औधिक अधिक बढ़ सकते हैं।

### उद्योग पर भी मार

- कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग शहर के औद्योगिक क्षेत्र में भी होता है। यह प्रयोग सबसे अधिक फूड सेक्टर में होता है। शहर में लगभग 430 छोटी-बड़ी इकाइयां ऐसी है जहां पर गैस के जरिए बेकरी प्रोडक्ट, पैक्ड फूड, पैकेट बंद व खुले नमकीन बनती है। इसके अलावा अन्य सेक्टर जैसे आयरन स्टील इंडस्ट्री को भी गैस के रेट बढ़ने से धक्का लगा है। माना जा रहा है कि इन युनिट्स में 20 फीसदी युनिट्स ही ऐसी है जहां पर पाइप के जरिए गैस सप्लाई होती है। इस स्थिति में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के रेट बढ़ने से औद्योगिक क्षेत्र में परेशानी बढ़ेगी।



"कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के रेट बढ़ने से इंडस्ट्रियल युनिट्स पर बनने वाले उत्पादों पर सीधा असर पड़ेगा। उत्पादों के रेट में 3 से 5 फीसदी की बढोतरी होगी। फूड सेक्टर से जुड़े उत्पादों में इजाफा और अधिक संभव हो सकता है। यह बढोतरी पहले से ही प्रभावित औद्योगिक इकाइयों को और अधिक प्रभावित करेगी।

-उमंग अग्रवाल, महासचिव, फीटा



कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पहले से ही नहीं मिल रहे हैं। दो महीने से हम लोग सिलेंडर की सप्लाई सुचारू किए जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सप्लाई शुरू हुई नहीं बल्कि सिलेंडर के दाम और बढ़ गए हैं। यह तब हुआ है जब रेस्टोरेंट व होटल्स में पहले से ही आधे कर्मचारी नौकरी छोड़कर जा चुके हैं।

-विजय पाण्डेय, प्रेसिडेंट कानपुर होटल रेस्टोरेंट एसो."

**खुलासा**

## अभद्रता और काम का दबाव बनाने से परेशान होकर साथियों ने की थी मोनू की हत्या

# चेहरे पर फॉग स्प्रे डालने के बाद बरसाए थे डंडे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शराब पिलाने के बहाने बुलाया और शुक्लागंज में हत्या कर शव फेंका
- पकड़े गए दोनों साथियों ने उगला सच, पुलिस ने दोनों को भेजा जेल



आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद खुलासा करते डीसीपी पूर्वी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कैंट निवासी 34 वर्षीय मोनू की हत्या कर शव को फेंकने के मुख्य आरोपी पॉपेन पॉल व उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी मोनू के साथ ही सिमकार्ड पोर्ट करने का काम करते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मोनू बात-बात पर उन्हें अपमानित व मारपीट करता था। सिमकार्ड पोर्ट कराने का लक्ष्य उनसे जबरन पूरा कराता था। प्रताड़ना से तंग आकर उसे बहाने से बुलाकर शराब पिलाई। फिर चेहरे पर फॉग स्प्रे डालकर डंडे से पीटकर हत्या कर दी। मोनू का शव फेंककर भाग निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

गोलाघाट निवासी मोनू बीते रविवार की देर शाम घर से निकला था। उसके बाद लौटकर नहीं आया। सोमवार को उसका शव शुक्लागंज में मिला था। पहचान छिपाने के लिए मोनू का चेहरा तेजाब से जलाया गया था। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गोलाघाट चौराहा पर शव रखकर सड़क जाम कर हंगामा किया था। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता के आदेश पर मोनू के दोस्त पॉपेन पॉल व एक अन्य साथी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

खुलासा करते हुए डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि पकड़ा गया मुख्य आरोपी पॉपेन पॉमल मूलरूप से कलकत्ता पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर चंदननगर का है। हाल में मिश्रा कालोनी गंगाघाट उन्नाव में रहता था। उसका साथी चंपापुरवा राजीव नगर शुक्लागंज का अतीत वर्मा उर्फ कार्तिक बृजवासी हैं। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपियों को गोरा कब्रिस्तान से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में बताया कि वह दोनों मोनू के साथ ही सिमकार्ड पोर्ट का काम करते थे। मोनू उनसे अभद्रता कर मारपीट करता था। उन्हें अपमानित करता था। जबरन टारगेट पूरा कराता था।

बताया कि मोनू जबरन बीसी की रकम जमा करने का भी दबाव बनाता था। इसी कारण पॉपेन ने प्रताड़ना का बदला लेने की योजना बनाई। पॉपेन ने ही मोनू को शराब पिलाने के बहाने बुलाया था। फिर गंगाघाट के मरहाला क्षेत्र में नरबीजपुर गांव जाने वाली सड़क पर सुनसान इलाके में ले गया। वहां मोनू को शराब पिलाई। इसके बाद उसके चेहरे पर फॉग स्प्रे छिड़ककर लाठी-डंडो से तोबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। शव को फेंककर भाग गए। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त फॉग स्प्रे, दो डंडे, मोनू का मोबाइल, शराब की बोतल, प्रयुक्त आटो व बाइक बरामद की है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

### एक माह पूर्व बनाई थी हत्या की योजना

- पुलिस की पूछताछ में आरोपी पॉपेन पॉल ने बताया कि मोनू से बदला लेने की योजना एक माह पहले ही बनाई थी। पॉपेन ने ही उन्नाव में वारदात को अंजाम देने के लिए सुनसान जगह का चयन किया। फिर पॉपेन को घर से बुलाकर ले गया। फिर अतीत के साथ मिलकर हत्या की। ऑटो से शव ले जाकर फेंका।

### परिजनों के साथ थाने गया था आरोपी पॉपेन

- डीसीपी पूर्वी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद पॉपेन मोनू के परिजनों के साथ ही घूम रहा था। जिससे उस पर किसी को शक न हो। वह कैंट थाने में मोनू की गुमशुदगी भी दर्ज कराने पहुंचा था। मोनू की पत्नी के संदेह जताने के बाद पॉपेन ने घर आना बंद कर दिया था। भागने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले दबोच लिया गया।

# गर्भवती व उसके पति से मारपीट में एफआईआर

संवददाता, कल्याणपुर

- बच्चे की गर्भ में ही हो गई थी मौत तीन माह बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में पति को दबंगों से बचाने गई गर्भवती महिला के पेट में लात मार कर उसे भी जमीन पर गिरा दिया था। दर्द से कराहती गर्भवती महिला को निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो जाने की पुष्टि की थी। इस मामले में लगभग तीन माह बाद कल्याणपुर पुलिस ने एक दर्जन से अधिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

गूबा गार्डन निवासी राहुल सिंह महाबलीपुरम में पान मसाला की दुकान चलाते है। गत सात फरवरी की रात राहुल दुकान बन्द कर रहा था। तभी इलाके के प्रकाश गुप्ता, संध्या गुप्ता, विकास गुप्ता, पूनम गुप्ता, अनिकेत गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुभाष गुप्ता व मौनी गुप्ता ने अपने आधा दर्जन साथियों समेत राहुल को खीच कर अपने घर ले गए, जहा उसे बंधक बना कर पीट रहे थे। आरोप है कि मामले की जानकारी होने पर राहुल की छह माह की गर्भवती पत्नी प्रियंका ससुरालीजनों के साथ दबंगों के घर पहुंची, जहां पति को बचाने का प्रयास कर रही गर्भवती प्रियंका के पेट में दबंगों ने लात मारकर कर उसे जमीन पर पटक दिया था। दर्द से बेहाल प्रियंका को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने चोट लगने के चलते गर्भ में ही बच्चे की मौत हो जाने की पुष्टि की थी। जिसपर पीड़िता के परिजनों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। हालांकि पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़िता ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की। तब जाकर लगभग तीन माह बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# घंटाघर से नौबस्ता तक जुलाई में दौड़ेगी मेट्रो

## समग्र विकास समन्वय समिति की बैठक में डीएम बोले, जहां जरूरत हो वहीं यू टर्न बनाएं और सर्वे कर जाम से निजात दिलाएं

**बैठक में चर्चा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जहां जरुरत हो, वहीं यू टर्न बनाएं, जाम क्यों लग रहा है, इसके पीछे कारण क्या है, इस पर अधिकारी एक एक व्यस्ततम चौराहों का सर्वे करके देखें और योजना बनाकर शहर को जाम से निजात दिलाएं। समग्र विकास समन्वय समिति की बैठक में ये दिशा निर्देश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अधिकारियों को दिये।

शनिवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में कानपुर के इंफ्रास्ट्रक्चर की विकास गति की रफ्तार को और तेज करने पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में जन प्रतिनिधियों एवं सभी विभागों के अधिकारियों ने कई अहम फैसले लिये। अधिकारियों ने बैठक में यातायात प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए आईटीबीपी नरवल मोड़ पर अंडरपास निर्माण करने एवं जाजमऊ से एयरपोर्ट तक सड़क को जाम मुक्त बनाने तथा शहर के प्रमुख मार्गों को व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। एयरपोर्ट के वैकल्पिक मार्ग को भी सुव्यवस्थित कर कम समय में यात्रियों की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि शहर में रिंग रोड, गंगा बैराज, यूपीसीडा, शुक्लागंज , जाजमऊ जैसे क्षेत्रों में 9 ब्रिज तैयार किये जा रहे हैं जो शहर के विकास के लिए वरदान साबित होंगे। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने विद्युत ट्रिपिंग का मुद्दा उठाया पर केस्को के एमडी ने अवगत कराया की ओवरलोडिंग वाले क्षेत्रों में मोबाइल ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने बतियापुरवा में सीटीपी का निर्माण 30 जून 2026 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। सोमनाथ मंदिर तालाब पर अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कमेटी गठित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



नवीन सभागार में बैठक करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और अधिकारी। अमृत विचार

### जाजमऊ से कानपुर एयरपोर्ट का रास्ता नहीं बता पाए अधिकारी

- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अधिकारियों से खचाखच भरे नवीन सभागार में ये पूछा कि जाजमऊ से कानपुर एयरपोर्ट का रास्ता किधर से है, कोई बताएगा तो सभागार में बिल्कुल सन्नाटा छा गया, किसी को रास्ता ही नहीं पता था जिसपर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि रिंग रोड सही से बन जाए तो चंद मिनट का ही रास्ता है, जनता को बताएं कि जाजमऊ से कानपुर एयरपोर्ट कैसे पहुंचना है। उन्होंने एक अधिकारी से जब विकास की प्रगति जानना चाहा तो वह नही बता पाए जिसपर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यहां क्या घूमने आए हो क्या। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि बैठक में तैयारी के साथ आएं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से जब जनता के द्वारा प्री पेड मीटर और स्मार्ट मीटर पर नाराजगी पर सवाल किया गया तो उनका कहना था कि सरकार जल्द ही कोई अहम फैसला लेगी।

- रामादेवी से गोल चौराहा तक फ्लाईओवर का कार्य जल्दी शुरू करने के निर्देश
- शहर में 9 पुलों का होगा निर्माण एयरपोर्ट का वैकल्पिक मार्ग भी होगा सुव्यवस्थित

### 8 किमी ट्रैक का कार्य लगभग पूरा

- समग्र विकास समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों ने बताया कि 8 किलो मीटर मेट्रो का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। कार्य स्वीकृत होने के बात कैबिनेट में भेजा गया है और घंटाघर से नौबस्ता तक जुलाई में मेट्रो दौड़ने लगेगी। बताते चलें कि मेट्रो अभी आईआईटी से मोतीझील, चुन्नीगंज, परेड, बड़ा चौराहा, माल रोड होते हुए घंटाघर तक चल रही है जिसे विस्तार देने का कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 60 करोड़ से शहर में नाले और 60 करोड़ से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। जल्द ही 16 वित्त भी लागू होगा।

### बैठक में ये लोग शामिल रहे

- महापौर प्रमिला पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सरोज कुरील, विधायक राहुल बच्चा सोनकर, विधायक सुरेंद्र मैथानी, संयुक्त पुलिस आयुक्त संकल्प शर्मा, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।इस बैठक में महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वपनिल वरुण, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल समेत कई आला अधिकारी मौजूद रहे।

### यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक से स्पष्टीकरण

- समग्र विकास समन्वय समिति की बैठक में यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक नहीं पहुंचे जिसपर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है कि आखिर इतनी महत्वपूर्ण बैठक में क्यों नहीं आये।

### दो माह में साफ होगी झील की जलकुंभी

- बताया गया कि सैमसी झील के रखरखाव के लिए पीपीपी मॉडल पर ग्राम पंचायत द्वारा अनुबंधित संस्था मत्स्य जीवी सहकारी समिति द्वारा जलकुंभी की सफाई का कार्य किया जा रहा है जिसे दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। गंगा नदी पर स्थित डोमनपुर सेतु के सुदृढ़ीकरण के संबन्ध में बताया गया कि उक्त सेतु की मॉडल स्टडी आईआईटी बीचयू द्वारा किया गया है। उक्त सेतु की लंबाई 1000 मीटर से बढ़कर 1300 मी करने की संस्तुति की गई है जिसका प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है। विधानसभा अध्यक्ष ने डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर, दौलतपुर व मोहीपुर में भूमि अधिग्रहण के तहत किसानों को उचित मूल्य दिलाने का निर्देश दिया। बताया गया कि उक्त क्रय/ पुनरग्रहण के संबंध में यूपीडा को पत्र भेजा गया है।

### निर्धारित दरों पर इलाज नहीं तो होंगे बाहर

- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी पर सख्ती बरतते हुए मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता योजना और आयुष्मान योजना के अंतर्गत पीजीआई की निर्धारित दरों पर ही उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निर्धारित दरों का पालन न करने वाले अस्पतालों को पैनल से हटाने की चेतावनी भी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने सरायमीता क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सिटी ब्रीफ

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को लगेगी

**कानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद में आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ कानपुर बार एसोसिएशन/ लायर्स एसोसिएशन ने तैयारियां तेज कर दी।

### उमरा के लिए दो शिक्षकों का चयन

**कानपुर।** जाजमऊ स्थित शीतला बाजार में जामिया महमूदिया अशरफुल उलूम में उमरा के लिए किये गये लकी ड्रॉ में मौलाना मोहम्मद दाऊद कासमी और मास्टर मोहम्मद शादाब का नाम निकला। इन दोनों खुशनसीबों को बधाई देते हुए जामिया के संचालक मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने कहा कि शिक्षक किसी भी शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थान की रीढ़ की हड्डी होते हैं, जो देश के बच्चों का भविष्य संवारने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। उनकी धार्मिक और आध्यात्मिक तरक्की, हौसला अफजाई और उनकी सेवाओं का सम्मान करना संस्था का पहला कर्तव्य है। उमराह यात्रा पर भेजने का यह सिलसिला असल में उनके निस्वार्थ बलिदानों का एक व्यावहारिक सम्मान और उनके लिए दुआओं का जरिया है। इससे शिक्षकों के अंदर और अधिक निष्ठा पैदा होगी और संस्था के प्रति उनका दिली लगाव बढ़ेगा।

### आयोग रे सदस्य ने आरटीओ दफ्तर का किया निरीक्षण

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश अनूसूचित जाति और जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने संभागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन समेत अन्य विभागों में कामकाज का तरीका देखा और वहां अपना कार्य कराने आये लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में भी बात की। शनिवार को आयोग सदस्य ने आरटीओ कार्यालय में निरीक्षण के दौरान आरटीओ राकेंद्र कुमार सिंह से हेल्प डेस्क बनाने पर जोर दिया ताकि किसी भी आवेदक को किसी प्रकार की जानकारी आसानी से मिल जाए।

### ललित श्यामदासानी बनाए गए अध्यक्ष

**कानपुर।** आईआईए भवन में आयोजित समारोह में ललित श्यामदासानी को उत्तर प्रदेश करोगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी समिति का गठन एवं पदभार ग्रहण संपन्न हुआ। समिति में महासचिव के रूप में संदीप, संयुक्त सचिव जयेश कनोडिया, कोषाध्यक्ष स्पर्श मेहरोत्रा, संयुक्त कोषाध्यक्ष वरुण जैन को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समारोह में प्रदेश के उद्यमी मौजूद रहे। जिन्होंने नई टीम को संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई, जिससे आने वाले समय में उद्योग के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई। कार्यक्रम में आनंद भाटिया, आदिश रस्तोगी, शैलेंद्र सिंह, प्रकाश कनोडिया, नवीन जैन सहित अन्य मौजूद रहे।



मुंह और पेट के कैंसर के बढ़ते केसों की जानकारी देते डॉक्टर्स।

# मुंह में छाले, लाल व सफेद धब्बों को न करें नजरअंदाज

- न्यू कानपुर सिटी हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. चमन कुमार वनवानी की सलाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर आप गुटखा, पान, तंबाकू व सिगरेट का सेवन करते हैं और मुंह में छाले या लाल व सफेद धब्बें होने की समस्या बनी रहती है तो ऐसे में सचेत रहने की जरूरत है। इन लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह मुंह के कैंसर के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। यह जानकारी शनिवार को न्यू कानपुर सिटी हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. चमन कुमार वनवानी ने दी।

बेनाझाबर स्थित होटल रिजेंटा में आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रम में डॉ. चमन कुमार वनवानी ने बताया कि कानपुर में मुंह के कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही हैं, जिसकी रोकथाम, सटीक इलाज व निदान जरूरी है। नई दिल्ली, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ.हिमांशु शुक्ला ने बताया कि मरीज अक्सर बार-बार होने वाले मुंह के छाले, निगलने में दिक्कत या लगातार रहने वाली पेट से जुड़ी समस्याओं को सामान्य मान लेते हैं, जिससे डायग्नोसिस में देरी होती है। जबकि आज हमारा लक्ष्य केवल कैंसर का इलाज करना नहीं, बल्कि उसे शुरुआती स्टेज में पहचानकर ज्यादा सटीक व आसान तरीके से ट्रीट करना है। मिनिमली इनवेसिव और रोबोटिक तकनीकों में प्रगति के साथ हम सुरक्षित सर्जरी, तेज रिकवरी और बेहतर लॉन्ग-टर्म रिजल्ट्स देने में सक्षम हैं। मणिपाल कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर के निदेशक व ऑन्को रोबोटिक सर्जरी, नॉर्थ-वेस्ट क्लस्टर डॉ. सुरेंद्र कुमार दबस ने कहा कि मुंह और पेट के कैंसर की सबसे चिंताजनक बात यह है कि ये अक्सर तब तक पकड़ में नहीं आते, जब तक यह एडवांस स्टेज में न पहुंच जाएं। कई मामलों में लक्षण मौजूद होते हैं, लेकिन उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाता। रेगुलर हेल्थ चेकअप और समय पर स्क्रीनिंग इन कैंसर की शुरुआती पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बिजली व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो फौरन दें इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित केस्को मुख्यालय में शनिवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के बैनर तले बिजली कर्मियों ने सभा का आयोजन किया, जिसमे केस्को डिस्कॉम से आए कर्मचारियों और अभियंताओं ने पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर कहा कि यदि प्रबंधन बिजली व्यवस्था संभालने में अक्षम है तो नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद छोड़ दें। वहीं, गोविंद नगर मुख्यालय और पनकी ताप विद्युत गृह में भी विरोध सभाएं आयोजित कर प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद की गई।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने एलान किया कि यदि पनकी और जवाहरपुर ताप बिजली घरों के परिचालन और अनुरक्षण कार्य को आउटसोर्स करने का एक तरफा टेंडर किया गया तो उबिना कोई नोटिस दिए प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के कर्मी प्रांत व्यापी आंदोलन शुरू कर देंगे। संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन में वर्टिकल व्यवस्था लागू करना, संविदा कर्मियों को बाहर करना, नियमित पदों में कटौती करना और अव्यवहारिक प्रयोग करना, ये सब प्रबंधन की गलत नीतियों के उदाहरण हैं, जिनके कारण आज राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है और जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। इस दौरान सभा जितेंद्र सिंह गुर्जर, महेंद्र राय, पीएस बाजपेई, विजय त्रिपाठी, गौरव दीक्षित, रफीक अहमद, आरएस मिश्रा समेत आदि प्रमुख पदाधिकारियों रहे।



बिजली व्यवस्था के खिलाफ सभा करते संगठन के पदाधिकारी।

### आंदोलन में उपभोक्ताओं को नहीं होगी असुविधा

- संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के बावजूद बिजली कर्मी उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। हर शिकायत का त्वरित समाधान किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों का मनमाने तरीके से उत्पीड़न किया जा रहा है, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक निजीकरण का फैसला पूरी तरह वापस नहीं लिया जाता और बिजली कर्मियों पर की गई हर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को निरस्त नहीं किया जाता।

# बूथ कमेटियों का भौतिक सत्यापन करें: धर्मपाल

- भाजपा क्षेत्रीय मुख्यालय में 17 जिलों के जिलाध्यक्षों, प्रभारियों व मंडलों के प्रवासियों की हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में शनिवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों व सभी 254 मंडलों के प्रवासियों की बैठक हुई, जिसकी शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ की। भाजपा उप्र के महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन में बूथ स्तर के कार्य धरातल पर और अभिलेखों में शत-प्रतिशत पूर्ण होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मंडल प्रवासी, मंडल कमेटी से लेकर बूथ स्तर तक सभी कार्यों का भौतिक सत्यापन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि संगठनात्मक ढांचा पूरी तरह सक्रिय और सुदृढ़ रहे। उन्होंने बूथ स्तर पर किए जाने वाले आवश्यक कार्यों की जानकारी साझा की। मन की बात कार्यक्रमों को शत प्रतिशत बूथों पर सुना जाए। यहां क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, प्रभारी अनूप गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, राम किशोर साहू, संत विलास शिवहरे, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, आनंद सिंह, रंजना उपाध्याय समेत सभी जिलाध्यक्ष, प्रवासी रहे।

# शरीर पर तार बांधकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती और स्मार्ट/प्रीपेड मीटर को लेकर कानपुर महानगर कांग्रेस ने केस्को मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शरीर पर बिजली के तार बांधकर और पोस्टर लेकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के बाद निदेशक केस्को को विभिन्न मांगों से संबंधित मांगपत्र सौंपा गया। जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट और प्रीपेड मीटर व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज रीडिंग, ओवरबिलिंग, तकनीकी खराबी और बैलेंस खत्म होते ही अचानक बिजली कट जाने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। रिचार्ज के बाद भी समय पर आपूर्ति बहाल नहीं होती। भीषण गर्मी में अघोषित कटौती, बार-बार फॉल्ट और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

स्मार्ट मीटरों की जांच कर ओवरबिलिंग रोकी जाए, प्रीपेड प्रणाली की खामियां दूर की जाएं, बिजली आपूर्ति नियमित की जाए। प्रदर्शन में हरप्रकाश अग्निहोत्री, प्रतिभा अटल, निजामुद्दीन खान, जेपी पाल, पदम मोहन मिश्रा, नरेश पाठक, इकबाल अहमद, रमाकांत मिश्रा, श्याम देव सिंह मौजूद रहे।


केस्को कार्यालय में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार


मर्चेंट चैंबर सभागार पहुंचे आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह । अमृत विचार

# बंगाल में बीजेपी होगी कंगाल: संजय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आम आदमी पार्टी की ओर से मर्चेंट चैंबर सभागार में आयोजित संगोष्ठी में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पश्चिम बंगाल में अब भारतीय जनता पार्टी कंगाल होने जा रही है। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पश्चिम बंगाल की राजनीति, केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका और पार्टी नेताओं पर लग रहे आरोपों सहित कई मुद्दों पर खुलकर बात रखी। भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा को लेकर उन्होंने कहा कि जो ईडी और सीबीआई से डर जाएगा, वह राजनीति में टिक नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किसी से छिपा नहीं है।

उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर लग रहे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज किया और कहा कि राजनीतिक जीवन में इस तरह के आरोप लगते रहते हैं। संगोष्ठी में संजय सिंह का भावनात्मक पक्ष भी देखने को मिला, जब उन्होंने भारत देश है मेरा गीत गाकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार, राजनीतिक रणनीति और मौजूदा राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

**संहत पर चर्चा**

## अहमदाबाद से आए डॉ .मनीष खैतान ने दी जानकारी, बोले- मोटापे पर अभी से काबू पाना बेहद जरूरी

# वर्ष 2047 तक एक गंभीर चुनौती के रूप में उभरेगा मोटापा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे के खतरे के बारे में कई बार बात की है और लोगों से भी मोटापे को दूर भगाने व स्वस्थ रहने का आग्रह किया है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की राह पर है, लेकिन इस विकास के साथ मोटापा देश के सामने एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभर के सामने आ रहा है। यदि रुझान जारी रहे तो 2047 तक भारत में मोटापे की स्थिति काफी गंभीर हो सकती है। ऐसे में अभी से ही मोटापे पर काबू पाना बेहद जरूरी है। यह जानकारी अहमदाबाद से आए डॉ.मनीष खैतान ने दी।

परेड स्थित आईएमए भवन के सभागार में शनिवार को आईएमए सीजीपी कानपुर सब फैकल्टी द्वारा आयोजित 43वां रिफ्रेशर कोर्स-2026 की शुरुआत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने की। रिफ्रेशर कोर्स में कई स्वास्थ्य सत्र आयोजित किए गए, जिनमे गंभीर बीमारियों के निदान आसानी से कैसे किया जाए, इसपर विशेष रूप से जानकारी दी गई। आधुनिक तकनीक व एआई युक्त उपकरणों पर चर्चा की गई।

ओबेसिटी सर्जन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष व लेप्रोस्कोपिक एवं ओबेसिटी सर्जन डॉ.मनीष खैतान ने बताया कि भारत में मोटापा महामारी का रूप ले चुका है।

दिल्ली जैसे शहर में हर दूसरा व्यक्ति मोटापे व भारत में हर तीसरा व्यक्ति को उच्च रक्तचाप व खून में कोलेस्ट्रॉल की अधिकता है और डायबिटीज के मरीज भी भारत में अधिक है। पुरुषों की कमर 102 सेंटीमीटर से ऊपर और महिलाओं की कमर 88 सेंटीमीटर से अधिक खतरनाक है। समान्य वजन से प्रत्येक 10 किलो अतिरिक्त वजन होने से जीवन के तीन साल कम हो जाते है।

अत्यधिक मोटे लोगों के लिए बैरिएट्रिक सर्जरी अत्यंत लाभकारी है। साथ ही मोटापे से होने वाले अन्य बीमारियां भी कम हो जाती है। यह जीवन रक्षक सर्जरी है। प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ.शिवांशु मिश्रा ने बताया कि मोटापे को कम करने के लिए खानपान व व्यायाम पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। मोटापा से दिल का दौरा, लकवा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, खर्राटे, सांस रुकना, गठिया, बांझपन, पित्ताशय में पथरी व कैंसर आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है। वहीं, नई दिल्ली से आए जेडएस मेहरवाल ने महाधमनी वाल्व रोगों के प्रबंधन में नए विकास पर जानकारी दी। डॉ.प्रदीप टंडन व डॉ.विकास कक्कड़ ने डायबिटिक फुट पर जानकारी दी।



रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी पर जानकारी देते डॉ .मनीष टंडन, साथ में डॉ .अनुराग मेहरोत्रा व डॉ .शालिनी मोहन अमृत विचार

### दिल के रोगों के निदान में आई नई तकनीकें

- नई दिल्ली से आए डॉ .विवेका कुमार ने बताया कि हृदय रोगों के निदान में नई तकनीकें आ गई है। टैवी विधि से बिना छाती खोले, जांघ के माध्यम से हृदय के भीतर एओर्टिक वाल्व प्रत्यारोपित किया जाता है। यह विधि उन मरीजों के लिए काफी कारगर है, जो ओपन हार्ट सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं होते। मित्रा क्लिप विधि से बिना सर्जरी के माइट्रल वाल्व की लीकेज को कम किया जाता है। इस प्रक्रिया में एक विशेष क्लिप से वाल्व की पत्तियों को पास लाकर रिसाव को नियंत्रित किया जाता है। इसके अलावा कैप्सूल पैसमेकर (लीडलैस पेसमेकर) हृदय गति नियंत्रण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। पारंपरिक पैसमेकर की तुलना में यह अत्यंत छोटा उपकरण है, जिसे सीधे हृदय के अंदर स्थापित किया जाता है, इसमे किसी बाहरी वायर या सर्जिकल पॉकेट की आवश्यकता नहीं होती, जिससे संक्रमण का जोखिम भी कम हो जाता है और मरीज सामान्य जीवन आसानी से जी सकता है।

### दो किलो वजन से कम बच्चों में आरओपी का खतरा

- प्रयागराज से आए डॉ .मनीष टंडन ने बताया कि जिन बच्चों का वजन जन्म के समय दो किलो से कम या जो बच्चे आठ माह से पहले जन्मे होते हैं, उनमे रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी (आरओपी) का खतरा अधिक होता है। यदि जन्म से 30 दिन में जांच व इलाज शुरू किया जाए तो बच्चे को अंधे होने से बचाया जा सकता है। कहा कि आरओपी एक गंभीर आंखों की बीमारी है, जिसमे आंख की रेटिना (आंख के पीछे का देखने वाला हिस्सा) की रक्त वाहिकाएं सही तरीके से विकसित नहीं हो पाती है। इसके शुरुआत में कोई स्पष्ट लक्षण नजर नहीं आते हैं। इसलिए समय पर जांच जरूरी है। आईएमए सचिव डॉ .शालिनी मोहन ने बताया कि आरओपी केवल एक चिकित्सा समस्या ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण कानूनी जिम्मेदारी भी है। ऐसे में माता-पिता की भी जिम्मेदारी है कि वह समय जांच व फॉलोअप जरूर कराएं।

## सिटी ब्रीफ

### गुरुकुल में धूमधाम से मना जन्मोत्सव

**कानपुर।** विश्व जागृति मिशन द्वारा संचालित महर्षि वेदव्यास अंतर्राष्ट्रीय गुरुकुल विद्यापीठ में परमपूज्य सुधांशु महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव व धर्म संस्कृति महोत्सव-2026 धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और शोभा यात्रा से हुई। मुख्य अतिथि राधेश्याम शिवहरे सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने भजन, कविता और योग प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्थान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सत्संग के माध्यम से धर्म-संस्कृति का संदेश दिया गया। अंत में महाप्रसाद वितरण व धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**कानपुर।** यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि को आगे बढा दिया गया है। अब 15 मई तक कर युवा इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। पहले यह 30 अप्रैल तक ही थी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालयों के लिए होने वाली संयुक्त कृषि प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी गई है। आवेदन तिथि अब 30 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 15 मई 2026 कर दी गई है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव रेनू सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथियां 10 व 11 जून 2026 को संपन्न होंगी। बताते चले कि इस वर्ष संयुक्त कृषि प्रवेश परीक्षा का आयोजन बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा द्वारा संपन्न कराई जा रही है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि छात्र छात्राएं पाठ्यक्रम, परीक्षा अर्हता, शुल्क, सीटों की संख्या एवं अन्य जानकारी कृषि विश्वविद्यालय बांदा की निर्धारित वेबसाइट www.upcatetexam.org या www.buat.edu.org पर कर सकते हैं।

उत्तर भारत के पहले केंद्र का 180 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण, इलाज, प्रशिक्षण व शोध की सुविधा

# देश का दूसरा स्पीच एवं हियरिंग सेंटर इसी साल शुरू हो जाएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बोलने और सुनने से जुड़ी समस्याओं के इलाज, विशेष शिक्षा और शोध के क्षेत्र में शहर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने वाली है। जनपद के सुरार क्षेत्र में अखिल भारतीय वाक् एवं श्रवण संस्थान (स्पीच एवं हियरिंग सेंटर), मैसूर के सेटेलाइट केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें इसी साल कामकाज शुरू हो जाएगा। यहां इलाज, प्रशिक्षण और शोध की एक छत के नीचे ही सहूलियत मिलेगी।


जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। अमृत विचार

### यह देश का दूसरा केंद्र होगा

- वर्तमान में देश का एकलौता स्पीच एवं हियरिंग सेंटर मैसूर में संचालित है। शहर के सुरार में करीब 81 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में 180 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस तरह की दूसरी परियोजना को 31 अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य तय समयसीमा के भीतर और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा हो। किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता नहीं होनी चाहिए। निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान स्वास्थ्य सेवाओं के साथ विशेष शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग तैयार किए जाएंगे छात्रावास, सुविधाएं मिलेंगी

- केंद्र में 102 छात्रों और 102 छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास बनाए जा रहे हैं, जिससे देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही चिकित्सीय ब्लॉक और पूर्व-प्राथमिक ब्लॉक का निर्माण तेजी से चल रहा है। पूर्व-प्राथमिक ब्लॉक में छोटे बच्चों में शुरुआती अवस्था में ही सुनने और बोलने से जुड़ी समस्याओं की पहचान और उपचार की व्यवस्था रहेगी, जिससे समय पर हस्तक्षेप संभव होगा।

### मैसूर स्थित संस्थान जैसी ही आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की इस परियोजना का निर्माण एनपीसीसी लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है, जबकि गुणवत्ता की तकनीकी निगरानी आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है।केंद्र में मैसूर स्थित संस्थान की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां आधुनिक ऑडियोलॉजी प्रयोगशालाएं, वाक् चिकित्सा कक्ष, श्रवण परीक्षण इकाइयां, विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएं तथा प्रशिक्षण और शोध के उन्नत संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे मरीजों को उच्चस्तरीय जांच और उपचार की सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा।

### बोलने और सुनने में कठिनाईवाले मरीजों के लिए वरदान

- परियोजना पूर्ण होने पर उत्तर भारत के मरीजों और विद्यार्थियों को इन सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अब तक जिन सेवाओं के लिए मैसूर का रुख करना पड़ता था, वे सुविधाएं क्षेत्रीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी, जिससे उपचार और प्रशिक्षण की पहुंच अधिक सुलभ हो सकेगी।


शनिवार को परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू में सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षा कक्ष में तलाशी देने के बाद हुआ परीक्षार्थियों का प्रवेश

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कैंपस में शनिवार से सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन विश्वविद्यालय परिसर में आए परीक्षार्थियों को कड़ी सुरक्षा से होकर गुजरना पड़ा। कक्ष में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों को तलाशी देनी पड़ी। दोनों पालियों में 40 छात्र-छात्राओं ने किन्हीं कारणों से परीक्षा छोड़ दी।

विश्वविद्यालय कैंपस के परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि कैंपस में आयोजित हो रही सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के पहले दिन छह हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वही 40 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली दूसरे सेमेस्टर के पहले दिन पहली पाली दूसरें सेमेस्टर के 106 पेपर की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 5104 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। वही दूसरी पाली में छटे सेमेस्टर के 31 पेपर की परीक्षा हुई। जिसमें 1814 छात्र मौजूद रहे। 11 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

बताया कि कैंपस की परीक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। परीक्षा के पहले दिन सभी परीक्षा केंद्रों में डीन एकेडमिक, परीक्षा प्रभारी और वरिष्ठ प्रोफेसर्स की टीम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षक तैनात रहे। इस दौरान टीम ने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं की सघन तलाशी ली। उन्होंने बताया कि एक भी छात्र नकल करते नहीं पकड़ा गया।

### सीसीटीवी कैमरों से की गई निगरानी

- सम सेमेस्टर की दोनों पालियों की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि कैंपस के कंप्यूटर सेंटर में परीक्षा कंट्रोल रूम बनाया गया। वहां से दोनों पालियों की परीक्षा की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों का धरना

**कानपुर।** माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के बैनर तले डीआईओएस कार्यालय में शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरने में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लेकर पुरानी पेंशन बहाली, चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 व 21 की वापसी, तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण और विषयविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन जैसी मांगों को उठाया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया। इस दौरान प्रदेशीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर ने कहा कि शिक्षक लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। कार्यक्रम के उपरांत शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में शिक्षकों की प्रमुख मांगों को दोहराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। संघ के पदाधिकारियों मोहित मनोहर तिवारी व अनिल सचान ने बताया कि पूर्व में भी कई बार ज्ञापन, वार्ता और शांतिपूर्ण आंदोलनों के जरिए मांगें उठाई जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। धरने में प्रदेशीय मंत्री समृद्धि मिश्रा, मंडलीय अध्यक्ष एनपी सिंह गौर, मनीष मिश्र, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।

### मेधावी हुए सम्मानित

**कानपुर।** शहर में सीआईएससीई के जारी परीक्षा परिणाम के बाद स्कूलों की ओर से मेधावियों को सम्मानित किया जा रहा है। शनिवार को विभिन्न स्कूलों के चार मेधावियों को सम्मानित कर स्कूल की ओर से उन्हें कड़ी मेहनत का गुरुमंत्र दिया गया। यह सभी मेधावी बारहवीं कक्षा के रहे हैं।

### चमके मेधावी


शान्वी गुप्ता। **92.25%** यूपी किराना स्कूल


अनन्या गुप्ता। **96.25%** हैडर्ड हाई स्कूल


सूर्यांश स्वरूप शुक्ला **95.8%** स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल


शौर्य मिश्रा। **91%** वैंडी एकेडमी हाई स्कूल


शनिवार को कथा शुरू होने से पहले कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुईं। अमृत विचार

# मां पूर्वी देवी मंदिर में कथा शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्राम बौसर के मां पूर्वी देवी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार को हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और कलश शोभा यात्रा के साथ की गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर आस्था का परिचय दिया।

वहीं पुरुष भक्तिभाव से भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। पूरे मार्ग में जय श्रीराम, हर-हर महादेव और जय माता दी के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। यह धार्मिक आयोजन पूर्वी माता भक्त मंडली के तत्वावधान में संपन्न हो रहा है। कथा श्रवण के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बन गया। वहीं कथा का वाचन वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित कमल नयन शरण महाराज ने किया।

### 43 केंद्रों पर होगी नीट यूजी परीक्षा

**कानपुर।** शहर में रविवार को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा शहर के 43 परीक्षा केंद्र में होगी। परीक्षा में 21843 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। शनिवार को परीक्षा केंद्रों का अंतिम सुरक्षा जायजा लिया गया।

नीटयूजी की परीक्षा के लिए शनिवार देर रात तक तैयारी होती रही। यह परीक्षा दोपहर को 2 बजे शुरू होगी। एक पाली में होने वाली परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कराया जाएगा। शाम 5 बजे तक चलने वाली परीक्षा के लिए पुलिस बल सुरक्षा के लिए लगाया गया है। बताया गया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रश्न पत्रों को केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों को भी सुरक्षा के बीच होकर कक्ष तक जाने को मिलेगा। यह परीक्षा शहर के एसएन सेन बालिका विद्यालय, श्रीकैलाश नाथ बालिका विद्यालय, कानपुर कन्या महाविद्यालय इंटर कॉलेज, एलपी इंटर कॉलज, महिला महाविद्यालय, जीएनेक इंटर कॉलेज, बीएनडी कॉलेज, जीआईसी चुन्नीगंज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर होगी।


शपथ लेते भारत विकास परिषद के नए पदाधिकारी। अमृत विचार

# नए पदाधिकारियों ने समारोह में ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद की जागेश्वर धाम शाखा का आजाद नगर के गेस्ट हाउस में दायित्व ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम से हुआ।

शपथ अधिकारी गिरीश कुमार दीक्षित ने पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश मिश्रा, सचिव प्रदीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रमोद अस्थाना सहित अन्य पदाधिकारियों ने दायित्व संभाले। साथ ही डॉ. प्रीति दुबे, निधि पांडे, सुनील पालीवाल, आकांक्षा सविता और एके सिंह ने भी विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विवेक द्विवेदी ने कहा कि वंचित वर्ग की सेवा ही सामाजिक परिवर्तन का आधार है। विशिष्ट अतिथि भारत भूषण जुनेजा ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने पर जोर दिया, जबकि प्रांत अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाने की अपील की। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम यजुवेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम सिंह पता ग्राम व पोस्ट हाँसेमऊ कानपुर देहात है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम यजुवेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम सिंह को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। यजुवेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम सिंह पता ग्राम व पोस्ट हाँसेमऊ कानपुर देहात

**सूचना**

मेरे द्वारा शीतल दुबे, निवासी – एम ब्लॉक केशवपुरम कल्यानपुर कानपुर नगर की कक्षा 10वीं की मूल मार्कशीट, रोल नंबर 1571204 पासिंग ईयर 2014 स्कूल का नाम – विदया भवन इण्टर कालेज अरौल,कानपुर नगर कहीं खो गई है। अगर किसी को मिले तो इस नंबर पर सूचित करें: 9305991800

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम राजेश पुत्र विश्राम सिंह पता ग्राम लौवा का पुरवा मंगलपुर कानपुर देहात है। मेरे इसी सही नाम राजेश पुत्र विश्राम सिंह को विधिक और विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **राजेश पुत्र विश्राम सिंह पता ग्राम लौवा का पुरवा मंगलपुर कानपुर देहात।**

**सूचना**

यह कि मैंने 10 जुलाई 21 में मोहल्ला लोहियानगर तिर्वागंज में गाटा न.211,212 से रूवीना बेगम व रिजवाना बेगम से भूमि क्रय की थी। जो पूर्व में विक्रेता प्रमोद तिवारी पुत्र शिवनरायन से 22/8/19 को खरीदा गया था। जो बैनामा प्रमोद तिवारी ने 27/01/15 को कराया था।उक्त बैनामा कंही खो गए है काफी प्रयास बाद नही मिले। **अशोक कुमार पुत्र रामनाथ निवासी लोहियानगर तिर्वागंज, जन0– कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम VEENA SINDHI था जिसे बदलकर VEENA DEVI रख लिया अब मुझे VEENA DEVI के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-JAIDEV PRASAD SINDHI, ADD-FARISH KHANA GHAS MANDI DIST-BALRAMPUR-271201 (U.P.)

**सूचना**

मैं MOHAMMAD AFAQ ANWAR पुत्र अनवर अली, निवासी–40/66, फ्लैट नं0 202, सलमा रेसिडेंसी, नया चौक, परेड, कानपुर नगर, सबको सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री असरा फातिमा के पासपोर्ट पर पिता का नाम MOHAMMAD AFAQ अंकित है, जो कि गलत है, सही नाम MOHAMMAD AFAQ ANWAR है, जो मेरे और मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में अंकित है। अतः आज से मेरी पुत्री के पिता का नाम MOHAMMAD AFAQ ANWAR ही माना समझा, और पढ़ा जाये।

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from AREEJ MUJEEB KHALID to AREEJ MUJEEB SAJID. In the future, I shall be known and recognized by the AREEJ MUJEEB SAJID. AREEJ MUJEEB SAJID D/O MUJEEB KHALID Address: H.No.-602/744-1, BEGARIYA KHEDA, POST-CHOWK, LUCKNOW, UP. Pin-226003.
**Note: OLD NAME : AREEJ MUJEEB KHALID**
**NEW/CHANGED NAME : AREEJ MUJEEB SAJID**

**सूचना**

मैं MOHAMMAD AFAQ ANWAR पुत्र अनवर अली, निवासी–40/66, फ्लैट नं0 202, सलमा रेसिडेंसी, नया चौक, परेड, कानपुर नगर, सबको सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री असरा फातिमा के पासपोर्ट पर पिता का नाम MOHAMMAD AFAQ अंकित है, जो कि गलत है, सही नाम MOHAMMAD AFAQ ANWAR है, जो मेरे और मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में अंकित है। अतः आज से मेरी पुत्री के पिता का नाम MOHAMMAD AFAQ ANWAR ही माना समझा, और पढ़ा जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड सं0 629505935423 में गलती से मेरे पिता का नाम बृजलाल अंकित है जबकि मेरे पिता का नाम गिरिजा है अतः मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम गिरिजा अंकित किया जाए। **धर्मराज नि0– सी 41/89 जनता कैंप टी हट्स मथुरा रोड नई दिल्ली जीपीओ सेंट्रल दिल्ली** 110001

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2013 रोल नंबर 2740021 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2015 रोल नंबर 1781281 कही गुम हो गई है जिस भी व्यक्ति को मिले निम्नलिखित पते पर सूचित करें। **भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी पुत्र सत्यनारायण त्रिपाठी, निवासी– विशम्भरपुर जलालपुर बहराइच** 271881


बेहतर मंच

जेईई क्वालिफाई करने वालों की संख्या दो वर्षों में लगभग तीन गुना

# 'साथी' ने बदली पंजाब के सरकारी स्कूलों की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साथी एप ने पंजाब के सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदली है। साथी एक निशुल्क राष्ट्रीय शिक्षण एवं मूल्यांकन मंच है, जिसने जेईई मेन 2026 में प्रभाव डाला है। छात्रों द्वारा स्वेच्छा से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, साथी से जुड़े 677 छात्रों ने जेईई एडवांश के लिए योग्यता प्राप्त की है। इनमें से 489 छात्रों ने 90 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक पाए हैं।

आईआईटी कानपुर की ओर से बताया गया कि इस वर्ष की उपलब्धियों का एक प्रमुख आकर्षण पंजाब के सरकारी नॉन-स्कूल ऑफ एमिनेंस स्कूलों का प्रदर्शन रहा। जहां साथी को स्कूल समय के दौरान 2 घंटे की लाइव कक्षाओं के माध्यम से लागू किया गया। इसके साथ ही छात्रों को लाइव एवं रिकॉर्डेड लेक्चर, आईआईटी छात्रों द्वारा सत्र, आईआईटी पूर्व छात्रों एवं प्रोफेसरों के व्याख्यान, डाउट-क्लियरिंग सहायता, दैनिक अभ्यास प्रश्न, टेस्ट सीरीज, क्रैश कोर्स, तथा शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रतिदिन 8 घंटे तक के गहन कैंप उपलब्ध कराए गए।

साथी ऐप के माध्यम से एआई-सक्षम सुविधाएं भी प्रदान की गईं, जिनसे छात्र स्वतंत्र रूप से तैयारी कर सके, अपनी कमजोरियों की पहचान कर सके, नियमित अभ्यास कर सके और अपने प्रदर्शन में सुधार ला सके।

### इस तरह बदली स्थिति

- वर्ष 2024 में साथी से पहले पंजाब के सरकारी स्कूलों से केवल 49 छात्रों ने जेईई मेन में सफलता प्राप्त की थी। साथी के लागू होने के बाद यह संख्या 2025 में बढ़कर 84 हो गई और 2026 में आगे बढ़कर 134 तक पहुंच गई। यह दो वर्षों में लगभग 174 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

### पीएमश्री स्कूल में दस्तक

- 2026 के परिणामों में पीएमश्री स्कूलों की भी मजबूत भागीदारी साथी की रही। पंजाब में 749 पीएमश्री छात्रों ने जेईई परीक्षा दी। जिनमें से 52 छात्रों ने सफलता प्राप्त की, जबकि पंजाब के सरकारी स्कूलों के 49 छात्रों ने 90 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए।

### रजिस्ट्रेशन शुरू

- शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण अब प्रारंभ हो चुके हैं। छात्र साथी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए साथी की आधिकारिक वेबसाइट https://sathee.iitk.ac.in/ पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में सावधानी बरतें।

### पूरे देश में सुविधा

- साथी पूरे देश में कार्यरत है। यह जेईई, नीट, सीयूईटी, क्लेट, एसएससी, आरआरबी व आईबीपीएस आदि की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क वीडियो लेक्चर, लाइव क्रैश कोर्स, मॉक टेस्ट, अभ्यास प्रश्न, एआई-आधारित डाउट समाधान, विश्लेषण, बहुभाषी सामग्री प्रदान करता है।

### पंजाब के बाहर स्थिति

- पंजाब के अलावा अन्य राज्यों के स्कूलों में भी 543 छात्रों ने योग्यता प्राप्त की, जिनमें 65 पीएमश्री छात्र शामिल थे। 440 छात्रों ने 90 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 677 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। जिनमें 117 पीएमश्री छात्र शामिल हैं, जबकि 489 छात्रों ने 90 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक अर्जित किए।

### पुलों पर चाइनीज मांझा से बचाने को स्टील वायर लगाएं

**कानपुर।** आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी ने पुलों पर चाइनीज मांझा से दुर्घटनाएं रोकने के लिए पुलों के दोनों ओर स्टील वायर लगाने की मांग की है। शनिवार को विधायक ने डीएम को पत्र लिखा। विधायक ने बताया कि मुरे कंपनी पुल, झाड़ी बाबा पड़ाव पुल, शिव नारायण टंडन सेतु, खपरा मोहाल पुल, जयपुरिया पुल सहित अन्य पुल अत्यंत व्यस्त हैं। इन पुलों पर मांझे के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे राहगीरों के गले और चेहरे पर गंभीर चोटें आ रही हैं। विधायक ने कहा कि इन पुलों पर स्टील वायर एवं अन्य सुरक्षा उपकरण लगाए जाएं जिससे ऊंचाई पर ही मांझा रुक जाए और दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। विधायक का कहना है कि पुलों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों के बीच मजबूत स्टील के तार बंधवाए जाएं जिससे कटी पतंगों का मांझा ऊपर ही रुक जाए और कोई नुकसान न पहुंचे।

न्यूज ब्रीफ

### बरीपाल से लापता वृद्धा का शव फतेहपुर के गोहेरारी में मिला

घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के बरीपाल से लापता महिला 65 वर्ष का शव फतेहपुर के गांव गोहेरारी में मिला है। थाना सजेती के चौकी बरिपाल क्षेत्र के अंतर्गत गांव मनिहआरपुर निवासी दीपचंद की पत्नी सोमवती वर्ष 65 वर्ष अपने बेटे के साथ गांव से लगभग 500 मीटर दूर खेत में अरहर का खेत काटने गई थी। वापस न आने पर घर के लोगों ने खोजबीन की। पता न चलने पर दीपचंद सचान ने चौकी में सूचना दर्ज कराई थी। उसके बाद लापता महिला का शव फतेहपुर के बॉर्डर गांव गोहेरारी जंगल के खेतों में मिला।

### मेले में हुई मारपीट में चार नामजद

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव परछा में आयोजित मेले में हुई मारपीट में पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी सरफराज उर्फ़ बाबू ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि, बीते तीस अप्रैल को वह मजार में गया था और जैसे ही वह मजार की बाउंड्री के निकट पहुंचा वैसे ही पुरानी रंजिश को लेकर सददाम उर्फ़ बाबू, सुम्मा, अरबाज़ और खुर्शीद पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज और मारपीट करने लगे। कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज रात 9 बजे से कल शाम 4 तक बंद रहेगा रेलवे फाटक

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे के बांदा मार्ग पर बना रेलवे का गेट संख्या 31 मरम्मत के चलते 3 मई की रात 9:00 बजे से 4 मई की शाम 4:00 बजे तक बंद रहेगा। इसकी सूचना उत्तर मध्य रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर पथवे ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर दी है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर पथवे उपेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में अवगत कराया है कि रेलवे की ट्रैक सुरक्षा को दृष्टिगत रखकर बांदा मार्ग पर बने गेट संख्या 31 को 3 मई की रात 9:00 बजे से 4 मई की शाम 4:00 बजे तक मरम्मत के चलते बंद रखा जाएगा। वाहनों के आवागमन के लिए विकल्प के रूप में चंदपुरवा गेट के समीप गेट संख्या 29 तथा देवगांव के समीप गेट संख्या 37 खुला रहेगा।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

मौदहा (हमीरपुर)। विकासखंड के ग्राम रोहारी निवासी फरीद अहमद ने बिवांर थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी नाजिया बीते 29 अप्रैल की दोपहर से गायब है। जिसकी काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री की उर्दना निवासी शकीर पुत्र सुमेद से बात होती थी और उक्त शकीर के पास उसकी लड़की की अश्लील वीडियो और फोटो थीं जिन्हें वायरल करने की धमकी देता था। पीड़ित ने आशंका जताई है कि, उसकी पुत्री को शकीर ही बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया है।

### भाई और भतीजों पर मारपीट का आरोप

मौदहा (हमीरपुर)। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम छानी निवासी शंकर लाल अनुरागी ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते एक मई की शाम वह खेत से वापस लौट रहा था। तभी उसके छोटे भाई छोटा, भतीजे राजकुमार और अजय के साथ छोटा की पत्नी सियाईन ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि जब बीच बचाओ के लिए उसकी बेटी और बहू आईं तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिए ने रिपोर्ट दर्ज की।

### भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

मौदहा (हमीरपुर)। बक्छा में देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को विधि-विधान से समापन हो गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम खैर, बक्छा, गौ घाट छानी, क्योटरा डेरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन से पूर्व शुक्रवार सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। दोपहर में विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे की शुरुआत त मंदिरों के पुजारियों, संत-महात्माओं तथा गांव की कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर की गई।

# प्रशासन ने 8 डंपरों पर लगाया 9.49 लाख रुपये का जुर्माना

## अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर प्रशासन ने चलाया डंडा, कहा आगे भी होगी कार्रवाई

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** कानपुर जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के कड़े निर्देशों पर शनिवार तड़के (भोर) से ही प्रशासन, परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। अचानक हुई इस कार्रवाई से खनन माफियाओं और वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया।

चेकिंग अभियान का नेतृत्व एसडीएम मनीष कुमार ने किया। उनके साथ टीम में एआरटीओ कहकशां खातून, खनन अधिकारी आरएस नाथ और एसीपी सुभाष चंद्र मुख्य रूप से शामिल रहे। टीम ने बिल्हौर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और उन इलाकों में घेराबंदी की जो खनन गतिविधियों के लिए संवेदनशील माने जाते हैं।



पकड़े गये डंपर के साथ खड़े अधिकारी। अमृत विचार

- चेकिंग की जानकारी मिलते ही डंपर चालकों में मचा हड़कंप
- तमाम वाहन चालक लिंक रास्तों से भागते नजर आये

जांच के दौरान टीम ने सड़क से गुजर रहे डंपरों को रोककर उनके दस्तावेजों, फिटनेस, परमिट और भार क्षमता की बारीकी से जांच की। जांच में पाया गया कि इस दौरान 8 डंपर निर्धारित क्षमता से अधिक भार (ओवरलोडिंग) लेकर चलते मिले।

> यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नियम तोड़ने वाले वाहन स्वामियों और खनन कारोबारियों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।
> –मनीष कुमार, एसडीएम

इस पर टीम ने इन सभी वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम और खनन नियमों के तहत तत्काल कार्रवाई की। प्रशासन की ओर से इन वाहन संचालकों पर कुल 9 लाख 49 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

वहीं जैसे ही प्रशासन की इस कार्रवाई की खबर फैली, वाहन चालकों में दहशत फैल गई। कई डंपर चालक मुख्य रास्तों को छोड़कर ग्रामीण लिंक मार्गों की ओर भागते नजर आए ताकि वे जांच से बच सकें। हालांकि, पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए यातायात व्यवस्था को संभाले रखा और संदिग्ध वाहनों को पकड़ा।

# अधिकारियों की कमी से 'वेंटिलेटर' पर ककवन ब्लॉक, विकास कार्य बाधित

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** विकासखंड ककवन इन दिनों सरकारी उपेक्षा और प्रशासनिक रिक्तता का दंश झेल रहा है। आलम यह है कि पूरा ब्लॉक कार्यालय 'अतिरिक्त प्रभार' (चार्ज) के सहारे रेंग रहा है। दूर-दराज के गांवों से अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले ग्रामीण घंटों इंतजार के बाद मायूस होकर घर लौटने को मजबूर हैं।

**एडीओ पंचायत की विदाई के साथ 'शून्य' हुआ ब्लॉक:** बीते 30 अप्रैल को ब्लॉक के एकमात्र एडीओ पंचायत, राकेश दीक्षित के सेवानिवृत्त होने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। तकनीकी रूप से एक विकासखंड में छह सहायक विकास अधिकारियों की तैनाती अनिवार्य होती है, जिनमें शामिल हैं

एडीओ पंचायत, एडीओ समाज कल्याण, एडीओ पीपी,,एडीओ आईएसबी,एडीओ एसटी, एडीओ कोऑपरेटिव समान रूप से इन सभी पदों पर अधिकारियों के तैनाती होनी बेहद ही आवश्यक है, लेकिन




आलम यह है कि इन सभी पदों में ककवन ब्लॉक में कोई अधिकारी नहीं तैनात है। ऐसे में सरकार की योजना धरातल पर कैसे उतरेगी। इसका जवाब किसी अफसर के पास नहीं है। वर्तमान में ककवन में इन छह पदों में से एक पर भी स्थायी नियुक्ति नहीं है। या तो पद रिक्त पड़े हैं या फिर दूसरे ब्लॉक के कर्मचारी अतिरिक्त प्रभार के रूप में खानापूर्ति कर रहे हैं।

**बीडीओ के पास भी दो ब्लाक का जार्च:** ब्लॉक का सबसे जिम्मेदार पद, खंड विकास अधिकारी भी अतिरिक्त चार्ज पर है। वर्तमान बीडीओ यशवीर सिंह मूल रूप से चौबेपुर ब्लॉक में तैनात हैं। दो ब्लॉकों की जिम्मेदारी होने के कारण वे ककवन को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मनरेगा में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों के पास भी ककवन के अतिरिक्त एक और ब्लॉक है जबकि टेक्नीशियन सहायक भी अन्य ब्लॉक में अटैच है ऐसे में विभागीय कर धरातल पर कैसे हो रहे हैं यह तो राम ही जाने

वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि हम सुबह से आस लगाए बैठते हैं कि साहब आएंगे और हमारी पेंशन या आवास की समस्या सुनेंगे, लेकिन बाबू कह देते हैं कि साहब आज दूसरे ब्लॉक में हैं। हमारा किराया और समय दोनों बर्बाद हो रहा है। ककवन ब्लॉक में 25 गांव हैं दूर दराज से आने वाले ग्रामीण अपनी समस्या लेकर आते तो हैं लेकिन उनकी समस्या सुनने वाला भी कोई नहीं है कई बार जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर करने के लिए भी लोगों को महीनो इंतजार करना पड़ता है।

# चौबेपुर में डिवाइडर से टकरा कर बाइक चालक की मौत

संवाददाता,चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में लगे लोहे के एंगल से जा टकराई। ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अलीगढ़ -कानपुर हाईवे पर शनिवार दोपहर बिल्हौर की ओर से तेज रफ्तार आ रहा बाइक सवार क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। इससे डिवाइडर में लगा लोहे का एंगल उसके सीने में घुस जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस घायल को उपचार के लिए सीएचसी लेकर गई, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस द्वारा जामा तलाशी के दौरान मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान सूरजपुर खसौरा, हरपालपुर, हरदोई निवासी सूरज कुमार (26) पुत्र रामबाबू के रूप में हुई। जिसके बाद घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। मरियानी गांव के सामने नेशनल हाईवे पर बना खतरनाक मोड शुरुआती दिनों से ही हादसे का सबब बना हुआ है। मोड़ पर हुई कई मौतों के बावजूद न तो एनएचएआई के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान दे रहे और न ही शासन प्रशासन कोई प्रभावी कदम उठा रहा रहा। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान होने व परिजनों के मौके पर आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# बिधनू में विधायक ने चार सड़कों का किया लोकार्पण

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बिधनू ब्लॉक में पांच सड़कों का लोकार्पण किया। इस दौरान वहां पर मौजूद तमाम ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर आभार जताया।

विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने विधायक निधि से बनी सीसी सड़क का जादवपुर में लोकार्पण किया। इस सड़क की लंबाई करीब 165 मीटर है, जो कि संतोष पांडेय के घर से रामू बाजपेई के घर तक बनी है। इसके बाद शिवगंज में 130 मीटर सीसी रोड पप्पू पाण्डेय के घर से जयराम कुशवाहा के घर तक और बकौली में 141 मीटर सीसी रोड प्राथमिक विद्यालय से दिनेश शुक्ला के घर तक बनी सड़क का लोकार्पण किया। इसके साथ ही



सड़क का लोकार्पण करते विधायक अभिजीत सिंह सांगा। अमृत विचार

- विधायक ने कहा, आगे भी होते रहेंगे ऐसे विकास कार्य
- ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण करके किया स्वागत

एकडरिया में करीब 1.28 करोड़ की लागत से लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनी सड़क का भी लोकार्पण किया। इसकी लंबाई करीब 2 किमी है। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनहित में कार्य होते रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिनेश शुक्ला, पीयूष त्रिपाठी, अरवेश सोनकर, पवन चंदेल, चुन्नू द्विवेदी, विनय परिहार, पारुल चतुर्वेदी, जयराम कुशवाहा, रामू बाजपेई, पप्पू पाण्डेय, संतोष पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# खड़े डंपर में घुसा दूसरा डंपर केबिन में फंस गया चालक

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह कानपुर-सागर हाईवे पर एक तेज रफ्तार डंपर खड़े डंपर में पीछे से जा घुसा। हादसा बीरपुर गांव के आगे फायर स्टेशन के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह हाईवे किनारे एक डंपर खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहा दूसरा डंपर अनियंत्रित होकर उसमें जा टकराया। जोरदार भिड़ंत से टक्कर मारने वाले डंपर का केबिन पूरी तरह दब गया और चालक उसमें फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की

- प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया

रफ्तार भी थम गई। सूचना मिलते ही घाटमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू कराया। चालक केबिन में बुरी तरह फंसा हुआ था, जिसके चलते उसे बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में केबिन का क्षतिग्रस्त हिस्सा काटकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल चालक की पहचान राकेश (20) के रूप में हुई। प्राथमिक उपचार के लिए उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि चालक को गंभीर चोटें आई हैं।

# ग्रामीणों ने सांसद को बताई प्रीपेड स्मार्ट मीटर की समस्याएं

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** तहसील पहुंचे सांसद को ग्रामीणों और महिलाओं ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर से हो रही परेशानी सांसद को बताईं। सांसद ने लोगों की समस्या को बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर निस्तारण कराने को कहा है। इसके बाद महिलाएं अपने अपने घर लौट गईं।

शनिवार दोपहर घाटमपुर तहसील पहुंचे अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले को घाटमपुर क्षेत्र के प्रीपेड स्मार्ट मीटर से परेशान लोगों और महिलाओं ने घेर लिया और उन्हें अपनी समस्या बताई। लोगों ने सांसद को बताया कि उन्हें इन मीटरों के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिल पहले की तुलना में अधिक आ रहे हैं और समय पर भुगतान करने के बावजूद भी खाते माइनस में चले जाते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। कई उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट मोबाइल फोन भी नहीं हैं, जिसके कारण उन्हें बिल की जानकारी नहीं मिल पाती और वे समय पर बिल जमा नहीं कर पाते है। सांसद ने सभी को विद्युत विभाग के अधिकारियों से बातकर समस्या का निस्तारण करने की बात कही है।



सांसद देवेंद्र सिंह भोले से समस्या बताते ग्रामीण। अमृत विचार

- ग्रामीण बोले, स्मार्ट मीटर लगने के बाद आ रहा ज्यादा बिल
- सांसद ने कहा, बिजली विभाग के अधिकारियों से करेंगे बात

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**ककवन।** थाना क्षेत्र के कुरेह गांव में शनिवार को एक 27 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कुरेह गांव निवासी अरुण कुमार उर्फ शक्तिमान (27), पुत्र रोशन लाल, शनिवार को अपने घर के अंदर था। परिजनों के अनुसार, अरुण ने कमरे की छत में लगे बांस के सहारे दुपट्टे का फंदा बनाया और झूल गया। जब काफी देर तक कमरे में कोई हलचल नहीं हुई, तो परिजनों ने अंदर जाकर देखा। अरुण का शव फंदे से लटका देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची ककवन थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डब्ल्यूएचओ की टीम पहुंची पीड़ित के घर, की पड़ताल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गौरीलक्खा गांव में तीन माह पूर्व गंभीर बीमारी से हुई बच्ची की मौत की जानकारी पर शनिवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम गांव पहुंची। टीम ने बच्ची के माता-पिता से उसकी बीमारी के बाबत जानकारी की।

गौरीलक्खा गांव निवासी मंगल सैनी पान की गुमटी चला कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। करीब तीन माह पूर्व उनकी 9 वर्षीय बेटी आराध्या को बुखार आने पर उन्होंने कई जगह उसका उपचार कराया। इस दौरान स्वास्थ्य में सुधार होने के बजाय बच्ची के हाथ पैर सुन्न पड़ने लगे। जिससे परेशान होकर वह बेटी को उपचार के लिए हैलट अस्पताल लेकर गया। बकौल मंगल तीन दिन अस्पताल में रहने के दौरान चिकित्सकों का मरीज के प्रति सही रवैया व उपचार होता न देख वह अंततः बच्ची को अस्पताल से 2 फरवरी को घर ले आया। इसके अगले दिन ही 3 फरवरी को बच्ची की मौत हो गई। मामले की जानकारी पर शनिवार को डब्ल्यूएचओ की टीम गौरी लक्खा गांव पहुंची। टीम में मौजूद डॉ वाहिनी व डॉ आनंद कुमार ने मृत बच्ची के पिता उमंग सैनी से बच्ची की बीमारी के बाबत जानकारी हासिल की। जिस पर चिकित्सकों ने जीएसबी बीमारी के चलते बच्ची की मौत होने की आशंका जताई। टीम के समक्ष पीड़ित परिजनों ने हैलट अस्पताल में उनके साथ हुए दुर्व्यवहार व उपचार सही ढंग से न किए जाने का आरोप लगाया। जिस पर टीम ने मामले की जांच कराए जाने का आश्वासन पीड़ित परिजनों को दिया।

- तीन माह पहले गंभीर बीमारी के चलते बच्ची की हुई थी मौत

## पति की गर्दन पर ब्लेड से किया प्रहार

**चौबेपुर।** क्षेत्र के ककरहा गांव में शनिवार शाम आपसी झगड़े के बाद कमरे में सो रहे पति की गर्दन पर पत्नी ने ब्लेड से प्रहार कर दिया। क्षेत्र के ककरहा गांव निवासी सूरज कठेरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि शनिवार को वह घर के अंदर कमरे में सो रहा था। तभी पत्नी सरिता ने उसकी गर्दन पर ब्लेड से प्रहार कर दिया। जानकारी पर परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर गए। सूरज ने बताया कि उसकी पत्नी बीते तीन दिन से उससे झगड़ रही थी। बीती 13 अप्रैल को भी उसने मामले की शिकायत थाने में की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आशंका जताई कि पत्नी कभी भी उसकी हत्या कर सकती है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



घायल सूरज।

समाधान दिवस — लगातार बढ़ रही शिकायतों की संख्या, सबसे ज्यादा राजस्व शिकायतों की रही भरमार

# शिकायतें पहुंचीं सौ से ज्यादा और निस्तारित महज आठ

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम रमेश प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम मनीष कुमार, तहसीलदार अभिनव चंद्रा और एसीपी सुभाष चंद्र समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 111 शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि केवल आठ शिकायतों का निस्तारण किया जा सका।



लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

कोकून ब्लॉक के पूरे गांव निवासी शुगर सिंह ने समाधान दिवस में बताया कि उनके ग्राम प्रधान गांव में चकबंदी निरस्त करने की झूठी अफवाह फैला रहे हैं तथा लोगों को अपने मन मर्जी के मुताबिक 20000 रुपये खर्चा देने पर उनके हिसाब से उसी जगह पर भूमि कब्जा करने की बात कह रहे हैं। ग्राम वासियों ने तत्काल ग्राम प्रधान और उसके साथ ही पर कार्रवाई की मांग की है।

दरिया निवादा गांव निवासी रवीन्द्र कुमार शर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल पर वारिस प्रमाण पत्र बनाने में लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि भतीजे रोहित कुमार की मृत्यु के बाद सभी दस्तावेज जमा कर दिए गए, लेकिन लेखपाल लगातार टालमटोल कर रहा है।

डोडवा जमौली गांव निवासी उर्मिला पत्नी रज्जन ने लेखपाल पर पट्टा भूमि की पैमाइश के नाम पर रुपये लेने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि गाटा संख्या 2461 की जमीन की नाप के रुपये भी लिये गये लेकिन अब तक पैमाइश नहीं कराई गई।

एडीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय अथवा अन्य पटल से संबंधित मामलों में पीड़ितों को सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जनगणना अभियान को लेकर बताया कि सात मई से 21 मई तक स्वगणना और 22 मई से 20 जून तक जनगणना का कार्य चलेगा। स्वगणना में 34 प्रश्न पूछे जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों से लोगों को ऐप डाउनलोड कराने और जागरूक करने की अपील की।

# बिल्हौर में एडीएम न्यायिक ने गर्मी की तैयारियों को परखा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** शनिवार को 'संपूर्ण समाधान दिवस' के अवसर पर कानपुर के अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश प्रकाश ने क्षेत्रीय निरीक्षण कर भीषण गर्मी और संभावित हीटवेव से बचाव के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर निकायों द्वारा संचालित प्याऊ और स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

एडीएम (न्यायिक) सबसे पहले बिल्हौर कस्बे के नगर पालिका चौराहे पर पहुंचे। यहां उन्होंने नगर पालिका प्रशासन द्वारा आमजन को राहत देने के लिए लगवाए गए प्याऊ की व्यवस्था देखी। उन्होंने निर्देशित किया कि राहगीरों को शुद्ध और शीतल पेयजल मिलता रहे, इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। इसके बाद एडीएम ने बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में हीटवेव वार्ड व गर्मी से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष इंतजामों को देखा। वार्डों में कूलर, पंखे और ठंडे पानी की उपलब्धता की जांच की और लू से बचाव की जरूरी दवाओं के स्टॉक की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, बिल्हौर नगर पालिका अध्यक्ष इखलाख खान, अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अमृत विचार
रविवार, 3 मई 2026



कागा का को धन हरे, कोयल का को देय।
मीठे वचन सुना के, जग अपना कर लेय।।

कबीर दास कहते हैं, कौआ किसी का धन नहीं चुराता, फिर भी कौआ लोगों को पसंद नहीं। वहीं कोयल किसी को धन नहीं देती, लेकिन सबको अच्छी लगती है। ये फर्क है मीठी बोली का। कोयल मीठी बोली से सबका मन हर लेती है।



# एकात्म चिंतन की जन्मभूमि है भारत

आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है- जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों-करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्राय: उसी विवेक को आधार बनाया गया है।

हम सब सोंचते हैं। अनेक प्रश्न उठते हैं। प्रश्न स्वयं को जानने का भी है। संसार और स्वयं का बोध जरूरी है। प्रश्न बड़ा है- कैसे जानें इस असीम संसार को। समझ छोटी अति अल्प और संसार बड़ा। प्रश्न और भी हैं। जैसे सृष्टि क्या है? सृष्टि का कोई निर्माता भी है क्या? यह सृष्टि नहीं थी तो क्या था? जो था वह क्या था? क्या शून्य था? क्या सृष्टि ऊर्जा का खेल है? पृथ्वी जल, अग्नि और आकाश प्रत्यक्ष है। इनका सारभूत क्या है? सूर्य चंद्र और तारागण कहां से प्रकाश पाते हैं? सृष्टि निर्माण का आदि तत्व क्या है? कोई परमतत्व है क्या? क्या एक तत्व से ही यह सृष्टि बनी? या सबका साझा प्रयास यह सृष्टि है? सृष्टि और हमारे संबंध क्या हैं? आदि।

आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है- जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों-करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्रायः उसी विवेक को आधार बनाया गया है। इस समझ को प्राप्त करने का दुनिया का सबसे पुराना ग्रंथ है ऋग्वेद। भारत के लोगों ने ऋग्वेद की रचना के पहले से ही वैज्ञानिक चिंतन प्रारंभ कर दिया था।

ऋग्वेद में इसी सोच-विचार के दर्शन हैं। चिंतन की यह दृष्टि निर्णयात्मक नहीं है। दर्शन और विज्ञान निर्णयात्मक नहीं होते। जहां तक जान लिया, वहीं रुक जाना उचित नहीं होता। सामान्य धारणा है कि विश्व किसी शक्ति द्वारा बनाया गया है। सृष्टि निर्माण 'विश्वकर्म' है। सृष्टि निर्माता को विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक दार्शनिक सूक्त (10.81) के देवता विश्वकर्मा हैं। ऋषि पूछते हैं, 'सृष्टि निर्माण के पहले वे कहां पर बैठे?' प्रश्न उचित है। जब पृथ्वी, आकाश आदि थे ही नहीं तो विश्वकर्मा ने कहां बैठकर यह सृजन कर्म पूरा किया? पूछते हैं कि 'सृष्टि निर्माण का मूल द्रव्य क्या था? वह वन, वृक्ष कौन सा था? जिससे विश्वकर्मा ने सामग्री ली और विराट विश्व बनाया? यह सब मनीषी लोग जानने का प्रयास करें।' स्तुति है कि 'वे विश्वकर्मा मित्र भाव से हमें ज्ञान दें।'

ऋग्वेद के एक ऋषि देवताओं के भी पहले का विचार करते हैं कि 'देवताओं के पहले युग समय में असत् से सत् का जन्म हुआ।' (10.72) यह युग विचारणीय है। तब देवता भी नहीं हैं, लेकिन 'समय' है। ऋग्वेद में सत् का अर्थ व्यक्त है और असत् का अव्यक्त। नासदीय सूक्त (10.129) में प्रकृति सृष्टि के संबंध में और भी गहन-चिंतन हैं 'तब न सत् था और न असत्। आकाश से परे भी कुछ नहीं था- नो व्योमा परो यत्। अंधकार था।' यहां अंधकार प्रकाश का अभाव नहीं है। अंधकार का अस्तित्व है। इसी तरह एक और महत्वपूर्ण अस्तित्व 'वह एक' था।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

ऋषि के अनुसार वह एक-तत् एकं अपनी शक्ति के दम पर वायुहीन दशा में भी प्राण ले रहा था। ऋग्वेद का 'वह एक' सृष्टि के पहले भी है। उस समय जल भी है- अप्रकेत सलिलं। फिर काम उत्पन्न हुआ। इसके बाद प्रकाश की दीप्ति चारों ओर फैल गई। फिर विसृष्टि हुई।' फिर कहते हैं, 'क्या पता ऊंचे आकाश में बैठा सृष्टि का अध्यक्ष सृष्टि रचना की बात जानता है? या वह भी न जानता? यह विवरण रोमांचक है। यहां शुद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

क्या अंधकार होता है? या प्रकाश के अभाव का नाम ही अंधकार है। अंधकार सृष्टि के पूर्व भी है। संभवतः आकाश या प्रकाश का सूक्ष्म रूप। 'वह एक' बिना वायु ही प्राण ले रहा था। क्या प्राण का विकास वायु हो सकती है। काम का जन्म भी सृष्टि के साथ हुआ। यह ताप या अग्नि ऊर्जा का सूक्ष्म रूप हो सकता है। सबसे अंत में है- विसृष्टि। विसृष्टि-सृष्टि है, इसमें पृथ्वी भी है। भारतीय चिंतन में आकाश सूक्ष्मतम है। आकाश से वायु, वायु के बाद अग्नि, इसके बाद जल और फिर पृथ्वी। सृष्टि का विकास किसी एक तत्व से हुआ है। यहां आकाश प्रमुख तत्व है। कपिल के सांख्य दर्शन में आकाश प्राचीनतम है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों में से प्रथम।

भारतीय दर्शन में असीम आकाश का गुण शब्द है। आकाश का अस्तित्व है। छांदोग्य उपनिषद् के अनुसार 'सभी भूत आकाश से पैदा होते हैं और आकाश में ही विलीन हो जाते हैं।' आकाश से आना और आकाश में ही लौटना विचारणीय है। ऋग्वेद में ठीक ही आकाश पिता है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में 'पुरुष' का वर्णन है। यह 'पुरुष' देश-काल की सीमा का अतिक्रमण करता है। उसका सिर आकाश है और सहस्त्रशीर्षा है। इस पुरुष के प्राण का विस्तार वायु है। पुरुष समूचे अस्तित्व को घेरता है।

दश अंगुल इसके बाहर भी हैं। संपूर्ण संसार इसका एक चरण है। इसके तीन चरण अन्य लोकों में हैं। यहां जो कुछ चेतन या अचेतन मनुष्य, पशु, कीट, पतिंग, नदी, समुद्र या वन है। पुरुष सब में व्याप्त है। यहां तक हुआ दिक् या दिशा का अतिक्रमण। अब काल। बताते हैं कि यह पुरुष ही सब कुछ है- पुरुष एवेदं सर्वं। जो भूतकाल में हो गया है और जो आगे भविष्य में होगा वह सब पुरुष ही है- यद् भूतं यच्च भव्यं।

ऋग्वेद के एक देवता हैं अदिति। अदिति भी सर्वस्व धारण करते हैं। वह अंतरिक्ष है, पृथ्वी हैं। पिता-माता और पुत्र है। वे पांच जन हैं। अब तक जो हो चुका है और जो भविष्य में होगा वह सब अदिति ही हैं। समूचे अस्तित्व को एक देखना और स्वयं को उसी का भाग जानना भारतीय चिंतन की मूल भूमि है। यहां अस्तित्व या सृष्टि का कोई निर्माता नहीं। प्रकृति के गोचर प्रपंच गतिशील हैं। सम्यक गति से प्रगति होती है। प्रकृति का वैज्ञानिक अध्ययन भी मूलतः गति का ही अध्ययन है। प्राचीन यूनानी दार्शनिक थेल्स (लगभग 500 ई. पूर्व) जल को सृष्टि का आदि तत्व मानते थे। इसके हजारों वर्ष पहले ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में 'अप्रकेत सलिल'- जल है। जल से सृष्टि का जन्म हुआ, तो जल को माता कहना ही चाहिए।

ऋग्वेद में जल को 'बहुवचन रूप में आपः मातरम्-जल माताएं कहा गया है। स्थावर जंगम को जन्म देने वाली यही जल माताएं ही हैं।' थेल्स जल संबंधी चिंतन ऋग्वेद के संगत है। वैसे ऋग्वेद में अनेक विचार हैं। एक यूनानी दार्शनिक अनक्सिमेनेस 'वायु' को सृष्टि का मूल तत्व बताते थे। ऋग्वेद (10.168) में ऋतावा-नियम वायु है। यहां वायु जलों के मित्र कहे गए हैं- अपां सखा। ऋग्वेद के जल और वायु आदि तत्व इसी रूप में उपनिषदों में भी हैं। हिराक्लिटस अग्नि को प्रधान तत्व जानते थे। अग्नि ऋग्वेद के प्रधान देवता हैं। अग्नि सब जगह हैं। वे जलों में हैं। मनुष्य के भीतर हैं। यत्र तत्र सर्वत्र हैं। कठोपनिषद् में यम ने नचिकेता को अग्नि विज्ञान समझाया था। यहां अग्नि ही प्रत्येक जगह उपस्थित होकर रूप-रूप प्रतिरूप होते हैं- अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपों वभूवाः। जानने और गहराई से देखने समझने के एकात्म चिंतन की जन्मभूमि भारत ही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# एमपी की सरकार का नारी सशक्तिकरण का संकल्प

महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हो गई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए। इसमें प्रावधान है कि 2021 की जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह कानून लागू होगा, किंतु कोरोना के चलते 2021 की जनगणना टालनी पड़ी। अब जनगणना के पहले चरण की शुरुआत हुई है, जिसके अंतिम परिणाम 2028 तक आएंगे, इसलिए केंद्र सरकार विधेयक के पारित हो चुके प्रारूप में संशोधन के लिए प्रस्ताव लाई थी, जो संसद में पारित नहीं हो सका। 2023 में पारित हुए इस विधेयक में संशोधन किए बिना 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इसे लागू नहीं किया जा सकता है। परिसीमन से तात्पर्य निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निधारण से है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

देश की महिलाओं को निर्वाचन में भागीदारी का उचित लाभ दिलाने की दृष्टि से मध्य प्रदेश सरकार ने विधानसभा में नारी शक्ति वंदन संकल्प पर आठ घंटे चर्चा की और उसे ध्वनि मत से पारित भी कर दिया। इस विधेयक के अनुसार सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की जानी है, परंतु विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र विशेष में समा जाएं।

महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार ने पहल की है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया है। इस संकल्प लेने का उद्देश्य है कि विधेयक को कानूनी रूप देते समय जो चूक हुई थी, उसे संशोधित कर दिया जाए।

विधेयक पास होने पर मध्य प्रदेश विधानसभा की सदस्य संख्या 230 से बढ़कर 345 हो जातीं। इनमें से 114 सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित हो जातीं। इस समय देश में करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन्हीं में से 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं उम्मीदवार बनाई जातीं। 2034 में क्या स्थिति बनेगी, यह भविष्य के गर्भ में है।

जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।

विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली थी। इसी को लेकर मोहन यादव ने तार्किक उत्तर देते हुए विधानसभा में कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग सर्वथा अनुचित है। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबीसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हैप्पी हार्मोन और मोबाइल की लत

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है।

भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, लगभग 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। लगभग 95 प्रतिशत युवाओं के पास स्मार्टफोन हैं और 70 से 75 प्रतिशत प्रतिदिन यूट्यूब का उपयोग करते हैं। इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म सबसे लोकप्रिय हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3-5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं, जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। यह सक्रियण वेंट्रल टेगमेंटल क्षेत्र यानी वीटीए में होता है, जो हमारे पुरस्कार प्रणाली को निर्धारित करने वाले प्राथमिक मस्तिष्क क्षेत्रों में से एक है। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं, जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं।

हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं।

साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग और ऑनलाइन उत्पीड़न के मामले भी बढ़ रहे हैं। लगभग 30 से 35 प्रतिशत किशोर किसी न किसी रूप में साइबर बुलिंग का शिकार हो चुके हैं। इससे युवाओं में आत्मविश्वास कम होता है और मानसिक तनाव बढ़ता है। फ़िल्टर की गई तस्वीरें और संपादित सामग्री सुंदरता के झूठे मापदंड स्थापित करती हैं, जिससे युवा खुद की तुलना दूसरों से करने लगते हैं और खुद को कमतर समझने लगते हैं।

फोमो (एफओएमओ) यानी कुछ छूट जाने का डर, भी एक बड़ी समस्या बन गया है। लगभग 65-70% युवा अपनी खुशी को सोशल मीडिया से जोड़ते हैं। लाइक्स और कमेंट्स से जुड़ी मनोवैज्ञानिक निर्भरता उन्हें ऑनलाइन रहने के लिए मजबूर करती है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# आर्थिकी को गति देने वाला एक्सप्रेस-वे

पिछले तीन दशकों के कालखंड में सड़कों का विस्तार हुआ है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और अब गंगा एक्सप्रेस-वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

उत्तर प्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। यह देश की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। गंगा-यमुना का मैदानी भाग होने से कृषि उत्पादन के मामले में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य का आधारभूत ढांचा नित्य नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले तीन दशकों के कालखंड में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत सड़कों का विस्तार एवं चौड़ीकरण हुआ, जिससे लॉजिस्टिक की लागत नियंत्रित रहने के साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को गति मिली। साथ ही यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और अब 549 किमी का गंगा एक्सप्रेस-वे इस परिवर्तन का प्रतीक है।

इस एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से राज्य की अर्थिकी को एक नई गति मिलने की पूरी संभावना है। यह परियोजना केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि विकास, निवेश और रोजगार का बहुआयामी इंजन साबित होगा, क्योंकि यह मेरठ से प्रयागराज तक कई जनपदों और गांवों से होते हुए पूरब और पश्चिम को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण परिपथ भी है। इसके कारण कृषि विज्ञान और औद्योगिक निर्माण को गति मिलेगी।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

आर्थिक विकास के लिए सुगम और तेज परिवहन व्यवस्था अत्यंत आवश्यक होती है। गंगा एक्सप्रेस-वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कृषि प्रधान इलाकों से जोड़ता है। मेरठ से प्रयागराज तक फैला यह मार्ग राज्य के लगभग एक दर्जन जिलों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने का कार्य करेगा। इस एक्सप्रेस-वे के चालू होने से यात्रा का समय कम होगा, परिवहन लागत घटेगी और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आर्थिक संतुलन स्थापित करने में मदद मिलेगी।

इस एक्सप्रेस-वे के विकसित होने से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होगा, क्योंकि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी निवेशकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र होती है। यह समय की बचत के साथ-साथ परिवहन की लागत को भी नियंत्रित करती है, जिससे वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों और मैन्युफैक्चरिंग हब के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। इससे न केवल बड़े उद्योगों को लाभ होगा, बल्कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भी नई ऊर्जा मिलेगी। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी इससे मजबूती मिलेगी।

गंगा-यमुना, घाघरा जैसी बड़ी नदियों का मैदान होने के कारण उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि आधारित है। गंगा एक्सप्रेस-वे किसानों के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आएगा। बेहतर सड़क व्यवस्था से किसान अपनी उपज को तेजी से मंडियों तक पहुंचा सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिल सकेगा। काश्तकारों द्वारा उत्पन्न उत्पाद जैसे फल, सब्जियां और दुग्ध उत्पाद समय पर बाजार तक पहुंचने के कारण खराब होने से बचेंगे। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स के विकास की राह खुलेगी, जो कृषि उत्पाद के मूल्य संवर्धन को प्रेरित करेगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।


इस परियोजना के निर्माण और संचालन से लाखों लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से लेकर लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और सेवा क्षेत्र तक, हर स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे के आसपास नए शहरों और टाउनशिप का विकास भी संभव है, जिससे शहरीकरण को गति मिलेगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सेवाओं का विस्तार होगा, जो समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

मार्ग में आने वाले अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों तक भी पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा। होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योग को गति मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विकास और आर्थिकी का द्वार खोलने के साथ ही यह पर्यावरण संतुलन स्थापित करने एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने, हरित पट्टियों के विकास और जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# संतान के मोह में अक्सर पिता बन जाते हैं 'धृतराष्ट्र'

पुत्र-मोह में राष्ट्रीय हितों की परवाह न कर महाभारत युद्ध करा देने में धृतराष्ट्र का नाम यद्यपि लिया जाता है, लेकिन गौर करें तो पुत्र के हितों के लिए प्रायः ज्यादातर समर्थ एवं सक्षम पिता धृतराष्ट्र की तरह अंधे हो जाते हैं। धृतराष्ट्र का अर्थ राष्ट्र को धारण करने वाला होता है। आज गहराई से देखा जाए, तो समाज और राष्ट्र-हित की परवाह न कर पिता अपनी संतानों के लिए अनीतिपूर्वक संसाधन एकत्र करने में लगा है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी भी क्षेत्र पर नजर डाली जाए तो यही प्रतीत होता है कि पिता हर हालत में संतानों को इतना अधिक समृद्ध कर देना चाहता है कि संतान को कुछ करना न पड़े और वह समाज में ऐश्वर्यपूर्ण जीवन जी सके। धृतराष्ट्र की स्थिति जन्म से अंधे की थी, लेकिन उनकी पत्नी गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली, ताकि पुत्र दुर्योधन द्वारा किए जा रहे अन्याय को वह भी न देख सके।

जब माता और पिता अपनी संतानों के हर गलत आचरण में उसका बचाव करते हैं, तो वे कहां से धृतराष्ट्र और गांधारी से ऐसे पिता को कम माना जाए। देखने में आता है कि हर पिता अपने साम्राज्य की डोर अपने अयोग्य ही क्यों न हो, पुत्र को सौंपना चाहता है। वह योग्य व्यक्ति का चयन नहीं करता है। एक तो पिता की अनीतिपूर्वक एकत्र किए गए संसाधनों को जुटाने का काम पुत्र देखता है, तब वह भी अनीति के रास्ते को ही अपनाता है।

चाहे कारपोरेट सेक्टर हो, राजनीति का क्षेत्र हो, फ़िल्म जगत और प्रशासनिक सेवा आदि ही क्यों न हो हर जगह येन-केन-प्रकारेण संसाधनों का दुरुपयोग परिवार के लिए जो करते हैं, वे अपने पुत्र को दुर्योधन ही बना रहे हैं। जब अनीति की कमाई के बीच पला पुत्र बड़ा होगा, तो उससे उम्मीद शायद ही की जा सके कि वह नीति के रास्ते पर चल सकेगा।

हर पिता को चाहिए कि वह अपनी संतानों को संस्कार दे तथा स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दे न कि अनीतिपूर्वक सार्वजनिक धन का उपयोग अपने पुत्रों के लिए न करे। अनीतिपूर्वक धन का मतलब किसी न किसी का हिस्सा छीनना है। अतः श्रेष्ठ पिता वही है, जो नीतिपूर्वक धन से पुत्रों का पालन करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# सहेजनी होगी पारंपरिक चिकित्सा की विरासत

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के आधार पर अनपढ़ वैद्यों द्वारा साध्य-असाध्य रोगों के उपचार से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट ध्यान आकर्षित करती है। वहां नारायणपुर के पास एक वैद्य बांस की छड़ी के सहारे रोग की पहचान करता है। जड़ी-बूटियों से दवा तैयार करता है। जब इस तरह के उदाहरण बार-बार सामने आते हैं, तो हैरानी पैदा करते हैं। हम भले ही छत्तीसगढ़ के एक इलाके की बात कर रहे हों, लेकिन यह मुद्दा किसी एक वैद्य या किसी एक पद्धति तक सीमित नहीं है। यह उस पूरे ज्ञान तंत्र का प्रश्न है, जिसे हमने आधुनिकता की अंधी दौड़ में हाशिए पर डाल दिया है।



देश के जंगलों, गांवों और आदिवासी इलाकों में सदियों से विकसित हुआ पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान आज भी जीवित है, लेकिन उसकी मौजूदगी को हम या तो नजरअंदाज करते हैं या फिर उसे अंधविश्वास कहकर खारिज कर देते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन यह भी सच है कि हर ज्ञान प्रणाली की अपनी सीमाएं होती हैं।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे सामने ऐसे अनेक उदाहरण आते हैं, जब डॉक्टर किसी मरीज को जीवन के अंतिम पड़ाव पर मानकर परिजनों को उसकी 'सेवा' करने की सलाह देते हैं, लेकिन वही मरीज पारंपरिक उपचार के सहारे अपेक्षा से अधिक समय तक जीवन जी लेता है। ऐसे मामलों को संयोग कहकर टाल देना आसान है, लेकिन इसे वैज्ञानिक दृष्टि नहीं कहा जा सकता। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ किसी संभावना को नकारना नहीं होता, बल्कि उसे जांचने, समझने और परखने की प्रक्रिया से गुजरना होता है।

बस्तर के जंगलों में काम कर रहीं एक शोधकर्ता देवयानी शर्मा का प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने ऐसे सैकड़ों वैद्यों को चिन्हित किया है, जो बिना औपचारिक शिक्षा के भी चिकित्सा की गहरी समझ रखते हैं। यह केवल दावों तक सीमित नहीं है। वहां के ट्रांस डिसिप्लिनरी हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय और आयुष विभाग ने उनके इलाज के तरीकों को सटीक मानते हुए प्रमाणित भी किया है। यह इस बात का संकेत है कि पारंपरिक ज्ञान को पूरी तरह खारिज करना न तो न्यायसंगत है और न ही विवेकपूर्ण। जिस पारंपरिक चिकित्सा को हम आज नजरअंदाज करते दिखाई देते हैं, वह केवल रोग के उपचार तक सीमित नहीं है बल्कि मरीज के साथ एक मानवीय संबंध भी स्थापित करती है।

बस्तर के उदाहरण के आधार पर हर पारंपरिक उपचार को चमत्कारी मान लेना भी उचित नहीं होगा। ऐसा करना उतनी ही बड़ी भूल होगी, जितना पारंपरिक उपचार को पूरी तरह अवैज्ञानिक मान लेना है। आवश्यकता इस बात की है कि अनुभवजन्य ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित किया जाए। इसके लिए पारंपरिक उपचारों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण, उनका वैज्ञानिक परीक्षण और उपयोगी विधियों का व्यापक प्रसार आवश्यक है।

हमारा देश पहले ही जनसंख्या के दबाव से जूझ रहा है। अस्पतालों में सीमित संसाधन और डॉक्टरों की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर रही है। ऐसे में यदि पारंपरिक चिकित्सा को समुचित महत्व दिया जाए, तो यह एक सहायक विकल्प के रूप में उभर सकती है। यदि हम अपने जैविक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित नहीं करेंगे, तो यह विरासत धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि उस ज्ञान संपदा का भी नुकसान है, जो इन्हीं प्राकृतिक परिवेशों में पनपी है। अफसोसनाक है कि जिस भारत देश में आयुर्वेद और लोक चिकित्सा की इतनी समृद्ध परंपरा रही है, उसी देश में आज इन विधाओं को बिसराया जा रहा है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के भगवाकोला गांव निवासी धर्मेंद्र (21) पुत्र राकेश अचलगंज थानाक्षेत्र के गहरा स्थित दुर्गा खेड़ा मोड़ पर फ्रॉकरी बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। हरदोई निवासी बहनोई अमन ने बताया कि शनिवार को उसे फैक्ट्री में करंट का झटका लग गया। पानी पीने गए सहकर्मी ने उसे अचेत पड़ा देख फैक्ट्री प्रबंधन को जानकारी दी। इसके बाद बहनोई उसे जिला अस्पताल लाया। जहां ईएमओ ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि डॉक्टर ने शव मोर्चरी भेजने की कार्रवाई शुरू की। तभी बहनोई व उसके साथ आए फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े लोग मौका देख शव लेकर भाग गए। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। वहीं अचलगंज पुलिस ने ऐसी किसी मामले की जानकारी इनकार किया है।

### दबंगों ने पिता-पुत्री को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**हसनगंज, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के धीरा गांव निवासी सत्येंद्र पुत्र सरजू ने पुलिस को शिकायतीपत्र देकर बताया कि शुक्रवार रात गांव के बउआ पुत्र अंगनू व अंगनू पुत्र मथुरा, अंगनू, विजय कुमार व मथुरा आदि ने उसकी बेटी व उसे लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से पीट दिया। इसमें दोनों को गंभीर चोटे आए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा है। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**कामर्शियल सिलेंडर 993 रुपये महंगा, मध्यम वर्ग की 'थाली' का बिगड़ा स्वाद**

# महंगाई डायन खाए जात है

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बढ़ती महंगाई ने आम आदमी व छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। इसी क्रम में कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये का बड़ा उछाल आया है। इसके बाद इसकी कीमत अब करीब 3200 रुपये पहुंच गई है। सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि का सीधा असर मध्यम वर्ग की भोजन की थाली पर पड़ा है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी हों या बाहर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र हों या मध्यम वर्गीय परिवार सभी के लिए अब बाहर खाना खाना जेब पर भारी पड़ रहा है।

होटलों व ढाबों पर मिलने वाली साधारण थाली की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। इससे आम आदमी का दैनिक बजट पूरी तरह चरमरा गया है। कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ोतरी होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही बड़े सिलेंडर के साथ-साथ पांच किलो वाले छोटे सिलेंडरों की दरों में भी वृद्धि की गई है। छोटे सिलेंडर की कीमत 549 से बढ़ाकर 815 रुपये के आसपास हो गई है। यह वृद्धि उन रेहड़ी-पटरी वालों के लिए बड़ी मुसीबत है जो अपनी जीविका के लिए पूरी तरह इन सिलेंडरों पर निर्भर हैं।



कोयले की भट्ठी में चाय व पूड़ी बनाते दुकानदार। अमृत विचार




रेट बढ़ने से कबाब पराठा की दुकान में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

फास्टफूड का काउंटर लगाने वाले आशीष ने कहा कि लागत इतनी बढ़ गई है कि अब पुराने दामों पर खाना खिलाना मुमकिन नहीं बचा है। हमने पहले ही खाने की प्लेट पर 5 से 10 रुपये बढ़ा दिए हैं। अब अगर दोबारा दाम बढ़े तो ग्राहक हाथ से निकल जाएगा और नहीं बढ़ाया तो घाटा होगा। समझ नहीं आ रहा कि व्यापार कैसे चलाएं। अब तो दुकान बंद करने की नौबत आ गई है।



चाट की ठेलिया लगाने वाले जीतू ने बताया कि पहले ही गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा था। किसी तरह 2100 का सिलेंडर 3 हजार रुपये में लेकर काम चला रहे थे। पहले ही 30 वाली चाट 35 में कर दी है। अब पैसा बढ़ाना मुमकिन नहीं है। अगर अब पैसा बढ़ाया तो खर्च निकालना भी मुश्किल होगा।



## मारपीट के दौरान युवक का चाकू लहराने का वीडियो वायरल

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में दो पक्षों में हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें एक युवक गाली-गलौज करते हुए चाकू लेकर लोगों को धमकाते दिख रहा है। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। तभी एक युवक पीछे से चाकू लेकर पहुंचा जिसे देख वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और वीडियो बना लिया। जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शनिवार को करीब 21 मिनट का यह वीडियो तेजी से प्रसारित हुआ। इसके बाद पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। हालांकि ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। इंस्पेक्टर अजय सिंह ने बताया कि वॉयरल वीडियो पोनी रोड हुसैनी मस्जिद के पास का बताया जा रहा है। इसकी जांच कर युवक की तलाश कर उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।



डीआईओएस कार्यालय के बाहर धरना देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## शिक्षक संघ ने धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**उन्नाव, अमृत विचार।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के केंद्रीय आह्वान पर शनिवार को डीआईओएस कार्यालय के पास शिक्षक संघ के पदाधिकारी धरने पर बैठ गए और मुख्यमंत्री व डीआईओएस को संबोधित 6 व 21 सूत्रीय ज्ञापन वित्त एवं लेखाधिकारी पीयूष सिंह को दिया। धरने को प्रदेशीय कार्यसमिति सदस्य उमाशंकर तिवारी, कौशल किशोर मिश्रा, सतीश चंद मिश्रा, हनुमंत सिंह, जिलाध्यक्ष विनय शंकर पांडेय, जिला मंत्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष शैलेश पाल, आरपी धारिया, विनोद विश्वकर्मा, रामबचन पाल, रघुनंदन वर्मा, विवेक कुमार, प्रमोद मौर्य, आलोक श्रीवास्तव, आनंद वर्मा आदि शिक्षकों ने प्रदेश व जिलास्तर की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए निस्तारण की मांग की।

# हाईवे पर पैचवर्क से दोनों लेन पर लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को एनएचएआई द्वारा जाजमऊ पुल पर कराए गए पैचवर्क के चलते लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दोनों लेन में भीषण जाम लग गया।

सुबह लखनऊ से कानपुर जाने वाली लेन पर काम शुरू होते ही आधी सड़क घिर गई। इससे बड़े वाहनों की आवाजाही बाधित हुई और लंबा जाम लग गया। यह स्थिति सुबह करीब नौ बजे से साढ़े दस बजे तक बनी रही। दोपहर में कानपुर से लखनऊ की लेन पर भी पैचवर्क शुरू होने से यातायात फिर प्रभावित हुआ। साढ़े 12 से 2 बजे तक हाईवे पर वाहन रेंगते रहे। जाम में लंबी दूरी की बसों के साथ कई वीआईपी वाहन भी फंसे रहे। तेज धूप होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पर दबाव बढ़ने से नवीन पुल व फोरलेन पर भी यातायात प्रभावित हुआ। वाहनों की कतारों के चलते लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहे। पैचवर्क पूरा होने पर यातायात सामान्य हो सका।

**नवीन पुल पर डेढ़ घंटे जाम:** दोपहर 12 बजे नवीन पुल पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ा। जिससे पुल से फोरलेन तक जाम लग गया।

यातायात व कोतवाली पुलिस ने मशक्कत कर आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराया। इसके बाद डेढ़ घंटे बाद यातायात धीरे-धीरे सुचारु हो सका।

**ट्रैक्टर फंसने से फोरलेन ठप:** ऋषि नगर के पास नगर पालिका का ट्रैक्टर फंसने से फोरलेन पर जाम लग गया। पीछे से आ रहे वाहन रुक गए और स्थिति बिगड़ गई। बाद में ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने के बाद यातायात सामान्य हो पाया।



हाईवे पर जाम में फंसे बड़े वाहन। अमृत विचार



चौराहे पर फैली ऑटो व टेंपो चालकों की अराजकता। अमृत विचार

## युवा कैसे जानेंगे इतिहास, जब ऑटो की कतार में छिप गई जिला नायकों की जीवनी

**शुभम निगम, उन्नाव।** जिले के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की प्रशासनिक कवायद इस समय बदहाली के आंसू बहा रही है। शहर के गांधीनगर तिराहा पर करोड़ों की लागत से महापुरुषों की जीवनी उकेरकर जो सुंदरीकरण कराया गया था वह अब ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के अवैध कब्जे की भेंट चढ़ गया है। तिराहे के चौड़ीकरण के समय यहां एक विशेष दीवार पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', शहीद गुलाब सिंह लोधी, हसरत मोहानी व राजा राव रामबख्श सिंह के शिलालेख लगाए गए थे। उद्देश्य था कि युवा जिले के इन नायकों के बलिदान से परिचित हो सकें। विडंबना यह है कि इन शिलालेखों के ठीक बगल में पिंक बूथ पुलिस सहायता केंद्र होने के बावजूद यहां दिन भर वाहनों की कतारें लगी रहती हैं। जिससे महापुरुषों की जीवनी पूरी तरह छिप गई है। प्रशासन ने क्रांतिकारियों के सम्मान में यह कार्य कराया था लेकिन अब यहां केवल शोर व जाम का साम्राज्य है। सरकारी धन का दुरुपयोग प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## नया खेड़ा में सड़क न बनने की हुई शिकायत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में गांव कटहा दलनरायनपुर के पूर्व प्रधान रामऔतार निषाद ने नयाखेड़ा गांव के मजरा फतेहपुर में आरसीसी सड़क निर्माण की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। बताया कि गांव के बाहर तक तो डामरीकरण करा दिया गया लेकिन आबादी क्षेत्र में अब तक आरसीसी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बारिश में हालात और खराब हो जाते हैं। पूर्व प्रधान ने बताया कि पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों से कई बार शिकायत की गई लेकिन आश्वासन ही मिला। कहा कि शासन की मंशा के बावजूद नया खेड़ा आरसीसी सड़क से वंचित है। तहसील प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण की मांग की गई है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इसके साथ बाबाकुटी आरपी नगर में निजी पैसों से 10 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया गया है। जिस कारण लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

# गंगा में फेंकी जा रही गिट्टी और गंदगी

**रेलवे कार्य में लापरवाही**

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** एक ओर केंद्र व राज्य सरकार गंगा सफाई अभियान पर करोड़ों खर्च कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर रेलवे की लापरवाही इस प्रयास पर सवाल खड़े कर रही है। शनिवार को गंगा रेलवे ब्रिज पर एचबीम स्लीपर लगाते समय ट्रैक व स्लीपर के बीच पड़ी गिट्टियां व कचरा खुलेआम गंगा नदी में फेंका गया। जानकारी के अनुसार ब्रिज पर एचबीम स्लीपर डालने के लिये ट्रैक की सफाई व गिट्टी हटाने का कार्य हो रहा है। लेकिन हटाई गई सामग्री के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में सफाई कार्य में लगे कर्मचारी गिट्टियों और गंदगी को सीधे गंगा में डाल रहे हैं।



गंगा नदी के निकट फैली गंदगी और लगा गिट्टियों का ढेर। अमृत विचार

इससे नदी के किनारे गिट्टियों के ढेर लग गए हैं और आसपास जंग, धूल व मिट्टी फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से गंगा का पानी प्रदूषित हो रहा है, जिससे जलीय जीवों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कार्य अधिकारियों की मौजूदगी में हो रहा है, लेकिन रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। गौरतलब है कि सरकार गंगा को स्वच्छ और अविरल बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है, लेकिन विभागीय लापरवाही इन प्रयासों को कमजोर कर रही है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से इस पर तत्काल रोक लगाने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बहुचर्चित मनोकांत हत्याकांड के मुख्य आरोपी पर गैंगस्टर की तैयारी, चार्जशीट दाखिल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बहुचर्चित बसधना हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज की है। मामले में चार्जशीट दाखिल करने के बाद अब मुख्य आरोपी विपिन सिंह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी शुरू हुई है। इसके लिए पत्रावलियां तैयार कर डीएम व एसपी को भेज दी गई हैं। बता दें कि 8 मार्च 2026 की रात बसधना गांव में विपिन सिंह अपने साथी छोटू सनकी उर्फ शिवम सिंह व अन्य लोगों के साथ घर में शराब पार्टी कर रहा था। तभी नशे में कई राउंड फायरिंग की गई। गांव के मनोकांत, महेंद्र व रामजी से विवाद होने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें मनोकांत की मौत हो गई। इसके बाद शव को माखी थानाक्षेत्र के सिंधुपुर गांव के पास फेंक दिया गया था। घटना के बाद मृतक की पत्नी सुमन शुक्ला की तहरीर पर शिवम सिंह व अन्य के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना में वंश सिंह और अजय सिंह का नाम भी सामने आया, जिसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि अब मुख्य आरोपी विपिन सिंह के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई प्रस्तावित है। वहीं मृतक के बेटे शिवदयाल ने आरोप लगाया कि आरोपी के गुर्गे अब भी गांव में सक्रिय हैं, जिससे परिवार और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## शस्त्र की दुकानों की हुई सघन चेकिंग

**उन्नाव, अमृत विचार।** सीओ सिटी दीपक यादव ने कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा के साथ सदर क्षेत्र की शस्त्र की दुकानों की जांच की। रजिस्टर से दुकान में मौजूद कारतूसों व शस्त्रों का मिलान करने के साथ बिक्री के अभिलेख दर्ज किए। बिक्री के सापेक्ष खोखों का मिलान करने संग अन्य बिंदुओं पर जांच की। सीओ ने निर्देश दिए बिना शस्त्र लाइसेंस कारतूस बिक्री न करें। हालांकि चेकिंग में सब दुरुस्त मिला।

## 234 श्रद्धालुओं की टोली अयोध्या रवाना



श्रद्धालु से आशीर्वाद लेते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** पंकज गुप्ता श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के तहत मोहल्ला गोपीनाथ पुरम से शनिवार को 234 श्रद्धालुओं की टोली को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झंडी दिखाकर अयोध्या रवाना किया। श्रद्धालुओं के जयघोष व भक्ति-संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक ने कहा कि यह उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण है और उन्हें प्रभु श्रीराम की कृपा से बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने का सौभाग्य मिला है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, सूर्यकुमार बाजपेई, प्रत्यय गुप्ता, विजय राज सिंह, धीरज सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, जितेंद्र अवस्थी, दीपू शुक्ला, राज कुमार पाल, अंकित शुक्ला, डॉ. प्रवीण योगी, प्रमोद ओझा, योगेश अवस्थी, अभिलाषा मिश्रा, शशि मिश्रा, कुशाग्र कौशल आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

## जिला प्रशिक्षण वर्ग की सफलता के लिए तैयारी बैठक संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु भाजपा जिला कार्यालय में तैयारी बैठक हुई। इसका उद्देश्य जिला प्रशिक्षण वर्ग की सफलता सुनिश्चित करना रहा। बैठक में वर्ग प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष हरदोई श्रीकृष्ण शास्त्री उपस्थित रहे। जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने की। शास्त्री जी ने कहा कि वैचारिक स्पष्टता ही संगठन की असली शक्ति है। इसमें प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा व व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। संचालन समिति के प्रमुख सरोज सिंह चौहान, वर्ग नियंत्रक आशिष बाजपेई 'अटल' व पूर्व जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा ने सत्रों के प्रबंधन व अनुशासन को लेकर विचार रखे। जिला महामंत्री रजनीश वर्मा व मनीष जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने वर्ग के दौरान कार्यकर्ताओं की अधिकतम सहभागिता व सत्रों के सुदृढ़ संचालन का संकल्प लिया।



महावीर मंदिर के बाहर बांटा गया शर्बत। अमृत विचार

## पुण्यतिथि पर 'हेल्पर डे' मना कर्मियों व छात्रा का हुआ सम्मान

**शुक्लागंज, उन्नाव।** राजमार्ग स्थित श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में संस्थापिका मां ज्वाला देवी शुक्ला की पुण्यतिथि व स्मृति पुरुष श्री प्रकाश तिवारी की माताजी रामकली तिवारी की पुण्यतिथि पर द्वितीय हेल्पर डे आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और पुरस्कार दिये। इसमें इंटर की परीक्षा-2026 में टॉप करने वाली छात्रा राफिया कौसर को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचीन श्री महावीर मंदिर के बाहर राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए शरबत वितरण किया गया। भरत त्रिवेदी ने बताया कि दोनों पुण्यतिथियां इस वर्ष एक साथ पड़ने का विशेष संयोग है। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

# गर्मी बढ़ते ही अस्पतालों में उमड़ने लगा मरीजों का रेला, पहुंचे 257 लोग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** बढ़ती गर्मी के साथ बीमारियों का असर तेजी से दिखने लगा है। शनिवार को न्यू पीएचसी में सुबह से मरीजों की कतारें लग गईं। तेज धूप व उमस सै लोग उल्टी, दस्त, पेट दर्द व बुखार से जूझते नजर आए। सुबह 10 बजे से अस्पताल परिसर में मरीजों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। जो दोपहर तक जारी रही। बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंचे। मरीजों ने डॉक्टरों को समस्याएं बताईं। जिनमें अधिकांश पेट से जुड़ी बीमारियों के मामले सामने आए। डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर जरूरी दवाइयां दीं और गर्मी से बचाव के उपाय बताए। पीएचसी में तैनात डॉ. राजेश चंद्रा व डॉ. अक्षय कुमार ने लगातार ओपीडी कर मरीजों को राहत पहुंचाई। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे के बीच ही एक सैकड़ा से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। पूरे दिन में कुल 257 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। यही स्थिति नगर के निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में भी देखने को मिल रही है, जहां मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि लापरवाही के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोगों को साफ पानी पीने, हल्का भोजन करने और धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।



मरीजों की ओपीडी करते डॉक्टर राजेश चंद्रा। अमृत विचार

## सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नीट परीक्षा आज, जिलाधिकारी व एसएसपी ने दिये निर्देश




बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** डीएम घनश्याम मीना व एसएसपी जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में 3 मई को प्रस्तावित नीट (यूजी) परीक्षा के दृष्टिगत सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों व पुलिस के साथ बैठक कर नकल विहीन परीक्षा कराने के लिये जरूरी निर्देश दिए गए। इसमें डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्र में समय से पेपर पहुंच जाएं। सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से संचालित हों। केंद्र में कोई संदिग्ध सामग्री नहीं जानी चाहिए। हर केंद्र में मेडिकल किट पहले से पहुंच जाए और केंद्र के आसपास एंबुलेंस की तैनाती रहे। केंद्र में मोबाइल का प्रवेश नही होगा। अंदर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व अनुचित सामग्री नहीं जानी चाहिए। परीक्षा 3 मई को एक पाली में 2 से सायं 5 बजे तक होगी। इसके लिए जिले में 4 केंद्र बनाए गए हैं। इनमकें डीएसएन कॉलेज एवी नगर, अटल बिहारी इंटर कॉलेज उन्नाव, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दही चौकी व पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज उन्नाव बनाए गए हैं। इसमें कुल 1208 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि सभी केंद्रों में जरूरी पुलिस व्यवस्था करा दी जाए। इस दौरान एडीएम सुशील कुमार गोंड, एएसपी अखिलेश सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**बोले जिलाधिकारी** | **पुरवा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को दी काम करने की नसीहत**

# बाबू की रिपोर्ट पर न करें भरोसा, अफसर खुद मौके पर जाएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें डीएम घनश्याम मीना ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि लोगों की शिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारी केवल बाबू द्वारा तैयार रिपोर्ट पर हस्ताक्षर न करें बल्कि खुद मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व, विकास, पूर्ति, समाज कल्याण व नगर पालिका समेत विभिन्न विभागों से 99 शिकायतें आईं। डीएम ने प्राप्त शिकायतों में दस का मौके पर निस्तारण किया जबकि शेष 89 शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। डीएम ने निर्देश दिए कि जो शिकायतें जांच योग्य हैं उन पर अधिकारी मौके पर जाएं और वहां से फोटो भेजें। निस्तारण के बाद गुणवत्तापूर्ण आख्या ही पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के बाद डीएम ने तहसील से संबंधित 'राजस्व दर्शन पुस्तिका' का विमोचन किया। इसके अलावा उन्होंने परिसर में आईसीडीएस, स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी व स्टालों का अवलोकन कर सरकारी योजनाओं की प्रगति भी देखी। इस दौरान एसएसपी जयप्रकाश सिंह, एसडीएम प्रवेश श्रीवास्तव, सीओ पुरवा, सीएमओ, परियोजना निदेशक तेजवंत आदि अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, बांगरमऊ व सफीपुर तहसील में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें अधिकारियों ने जनसमस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बांगरमऊ तहसील में एडीएम नमामि गंगे विधेश की अध्यक्षता में 92 शिकायतें आईं। इनमें सर्वाधिक 38 मामले राजस्व से संबंधित रहे। मौके पर 7 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला व तहसीलदार साक्षी राय आदि अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, सफीपुर में एसडीएम न्यायिक अमिताभ यादव की अध्यक्षता व विधायक बंबालाल दिवाकर की उपस्थिति में समाधान दिवस हुआ। यहां 62 फरियादी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिनमें 2 मामलों का मौके पर समाधान हुआ। यहां भी राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतें अधिक रहीं।



पुरवा तहसील में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारी।

## नगरपालिका ने शुरू किया प्याऊ

**उन्नाव, अमृत विचार।** भीषण गर्मी व लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर पालिका ने आमजन की सुविधा के लिए रानी शंकर सहाय इंटर कॉलेज के सामने नवनिर्मित शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि तपती गर्मी के इस कठिन समय में राहगीरों, विद्यार्थियों व व्यापारियों को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की नैतिक जिम्मेदारी है। कहा कि जनसेवा ही उनका मुख्य संकल्प है। नगर के विभिन्न व्यस्त इलाकों को चिह्नित किया गया है। जहां जल्द ही अन्य प्याऊ केंद्र स्थापित होंगे ताकि कोई व्यक्ति प्यास से परेशान न हो। नगर पालिका स्वच्छता, प्रकाश व सड़क सुधार के साथ अब जल व्यवस्था को भी प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

## इंदौर में बढ़े सोना और चांदी के भाव

**इंदौर।** स्थानीय सर्राफा बाजार में शनिवार को सोना 500 रुपये प्रति 10 ग्राम व चांदी के भाव में 4000 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई। कारोबारियों के अनुसार सोना 151700 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 245000 रुपये प्रति किलोग्राम, चांदी सिक्का 2700 रुपये प्रति नग रहा।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 3 मई 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

#### कोटक महिंद्रा बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 5,423 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में बैंक का शुद्ध लाभ 4,933 करोड़ रुपये था। चौथी तिमाही में एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 4,027 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय आठ प्रतिशत बढ़कर 7,876 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले 7,284 करोड़ रुपये थी।

#### अप्रैल में 7 फीसदी बढ़ी टीवीएस मोटर की बिक्री

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 4,73,970 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,43,716 इकाई थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 4,55,333 इकाई रही, जो अप्रैल 2025 में 4,30,150 इकाई थी। घरेलू बाजार में 3,48,545 दोपहिया वाहन बिके। वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 37,771 इकाई रही। तीन-पहिया वाहनों की बिक्री 18,637 इकाई रही। कंपनी ने बताया कि उसका कुल अंतरराष्ट्रीय कारोबार तीन प्रतिशत बढ़कर 1,20,008 इकाई रहा, जो अप्रैल 2025 में 1,16,700 इकाई था।

#### नहीं रहे डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक दीनदयाल गुप्ता

**कोलकाता।** होजरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और मानद चेयरमैन दीनदयाल गुप्ता का शनिवार को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। हरियाणा के भिवानी जिले के मानहेरू गांव में 13 सितंबर, 1937 को जन्मे गुप्ता 1962 में कोलकाता आ गए थे। उन्होंने 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज की नींव रखी और पांच दशकों से अधिक समय तक इसे एक साधारण शुरुआत से आगे बढ़ाते हुए देश के अग्रणी होजरी और परिधान निर्माताओं में से एक बनाया। इसका राजस्व 1,700 करोड़ रुपये से अधिक है।

#### सीडीएसएल को 455 करोड़ रुपये का मुनाफा

**मुंबई।** सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 80 करोड़ रुपये रह गया। सीडीएसएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 100 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के अनुसार, इस तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 268 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले 256 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 455 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2024-25 में यह 526 करोड़ रुपये था।

कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी से देश भर में नाराजगी

# बढ़ेगी महंगाई और कालाबाजारी, कटेगी पब्लिक की जेब

कारोबार डेस्क



वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साइड इफेक्ट दिखायी देने लगे हैं। इस मूल्यवृद्धि को लेकर देश भर के लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश और समूचे उत्तर प्रदेश में हालात एक जैसे हैं। होटल रेस्तरां संचालक इससे महंगाई बढ़ने की आशंका से ग्रस्त हैं।

बता दें कि एक दिन पहले सरकार द्वारा वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के बीच लगातार तीसरे महीने कीमतों में इजाफा किया गया है।

नई दिल्ली में नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मानद कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि रेस्तरां पहले से ही आपूर्ति संबंधी चुनौतियों और बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं। सिलेंडर की उपलब्धता में कठिनाई है और कई असंगठित क्षेत्रों में कालाबाजारी भी बढ़ रही है। कहा कि जो कीमत पहले करीब 1,600 रुपये थी और छूट के साथ 1,300 रुपये तक आ जाती थी, वह अब बढ़कर 3,000 से 4,000 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

मध्यम आकार के एक रेस्तरां को रोजाना दो से पांच सिलेंडर की जरूरत होती है, जिससे लागत पर भारी दबाव पड़ रहा है। सिंह ने कहा कि छोटे प्रतिष्ठानों के लिए स्थिति और कठिन हो सकती है।

एसोसिएशन ने रेस्टोरेंट्स को दीर्घकालिक समाधान के रूप में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) कनेक्शन की ओर जाने की सलाह दी है।

पश्चिमी दिल्ली के एक रेस्तरां संचालक ने कहा कि यह स्थिति लंबी चली तो मेन्यू की कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी। उत्तरी दिल्ली के एक अन्य संचालक ने कहा कि सिर्फ खर्चों में कटौती से काम नहीं चलेगा और ईंधन कीमतें ऊंची रहीं तो व्यवसाय चलाना मुश्किल हो जाएगा।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला में वाणिज्यिक एलपीजी कीमतों में भारी बढ़ोतरी की आलोचन हो रही है। यहां 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत बढ़कर अब 3,071 रुपये हो गई है, जबकि पांच किलोग्राम सिलेंडर का दाम 549 रुपये से बढ़कर 810 रुपये हो गया है, जो करीब 48 प्रतिशत वृद्धि है।

होटल, रेस्तरां या फिर मिष्ठान भंडार संचालक, सभी का कहना कि पिछले दिनों मूल्य बढ़ने से पहले हम इसी कीमत में पहले दो सिलेंडर ले लेते थे। इसका असर सिर्फ ग्राहकों पर ही नहीं बल्कि पर्यटकों पर भी पड़ेगा क्योंकि कीमतों का बोझ अंततः उपभोक्ताओं की जेब पर ही डाला जाएगा। इससे कारोबार पर भी असर पड़ेगा।

लोगों का कहना है कि गैस आपूर्ति पहले ही कम थी और अब इस मूल्यवृद्धि से कालाबाजारी और अधिक बढ़ने की आशंका है।

## निवेश की पाठशाला

# पार्टनर कैसे बिगाड़ सकता है आपका CIBIL स्कोर

कारोबार डेस्क

शादी के बाद जब दो लोग एक होते हैं तो उनकी संपत्ति और विपत्ति भी आपस में जुड़ जाती है, लेकिन पति-पत्नी की क्रेडिट रिपोर्ट अपने आप गठबंधन नहीं करती। दोनों का वित्तीय इतिहास तब तक अलग-अलग ही रहता है, जब तक वे दोनों मिलकर कोई ज्वाइंट अकाउंट नहीं चलाते या संयुक्त रूप से कोई ऋण या क्रेडिट कार्ड साझा नहीं करते हैं। यदि करते हैं तो एक का खराब फाइनेंसियल विहैवियर दूसरे क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करता है। आईए समझते हैं-




### अच्छा क्रेडिट स्कोर क्यों जरूरी

क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच की वह संख्या है जो कर्ज देने वाली संस्था को आपके वित्तीय व्यवहार की जानकारी देती है। लेकिन विशेष बात ये कि ये स्थिर नहीं रहता। अपने वित्तीय व्यवहार में बदलाव कर आप खराब क्रेडिटस्कोर से सुधार सकते हैं। इसके लिए आपको 6 माह से एक साल पर अति अनुशासित रहना होता है।

### शादी के बाद क्रेडिट इतिहास जुड़ने की शर्त

- शादी का गठबंधन आपकी क्रेडिट रिपोर्ट को आपस में नहीं जोड़ता। यह कब एक-दूसरे पर असर डालता है, इसके लिए कुछ विशेष परिस्थितियां होती हैं। कुछ यहां दी जा रही हैं-
- **अलग खाते** : अगर पति-पत्नी अपने खाते और लोन अलग रखते हैं, तो एक-दूसरे की वित्तीय गतिविधियों का परस्पर क्रेडिट रिपोर्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
- **शादी से पहले का ऋण** : शादी से पहले लिया गया कोई भी ऋण केवल लेने वाले के नाम पर ही रहता है, जब तक कि उसे संयुक्त रूप से दोबारा फाइनेंस न किया जाए।
- **ज्वाइंट लोन** : जब आप कोई ज्वाइंट लोन लेते हैं, वह दोनों की रिपोर्ट में दिखने लगता है।
- **गारंटर या को-साइनर बनना** : जब आप किसी के लोन में को-साइनर बनते हैं, तो आप उस कर्ज के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी बन जाते हैं। इससे आपके स्कोर पर सीधा असर पड़ता है।

### क्रेडिट स्कोर का 5 'C' फॉर्मूला :

- बैंक आपकी साख को मापने के लिए अक्सर 5 चीजों पर ध्यान देते हैं :

1- Character (चरित्र) : यह आपके पुराने पुनर्भुगतान इतिहास और अनुशासन से तय होता है।
2- Capacity (क्षमता) : आय और रोजगार की स्थिरता के आधार पर कर्ज चुकाने की ताकत।
3- Capital (पूंजी) : आपकी बचत, निवेश और व्यक्तिगत संपत्ति का आकलन।
4- Collateral (गारंटी) : वह संपत्तियां जिन्हें आप ऋण के लेते समय गिरवी रख सकते हैं।
5- Conditions (शर्तें) : लोन का उद्देश्य और स्थितियां जो अदायगी को प्रभावित कर सकती हैं।

### काम की बात

- शादी के बाद अपनी वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखते हुए संयुक्त लक्ष्यों को प्राप्त करना एक आर्ट है। पति या पत्नी का खराब सिबिल स्कोर यूं ही आपका खाता नहीं बिगाड़ता। जब आप संयुक्त रूप से ऋण लेते हैं तो इसकी अदायगी में अतिरिक्त सावधानी जरूरी हो जाती है। किसी एक की चूक दूसरेका क्रेडिट स्कोर बिगाड़ सकती है। इसलिए अपनी मुफ्त क्रेडिट रिपोर्ट जरूर चेक करते रहे, ताकि शारीरिक, मानसिक के साथ वित्तीय सेहत भी सही रहे।



# यूपी के स्वास्थ्य विभाग को 12 अरब का बजट

## सुधरेगी अस्पतालों की व्यवस्था, सेवाओं को मिलेगी मजबूती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (सार्वजनिक स्वास्थ्य) के अंतर्गत प्रावधानित बजट में विभिन्न योजनाओं और मदों में व्यय के लिए 12 अरब 4 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस बजट से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों की कार्यप्रणाली सुधारने और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने में मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग में सचिव रितु माहेश्वरी द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी आदेश के अनुसार, कार्यालय व्यय के लिए 25 करोड़ 48 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए 18 करोड़ 61 लाख 41 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य तथा खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग के लिए सबसे अधिक 11 अरब 11 करोड़ 11 लाख 79 हजार रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 31 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण योजनाओं के लिए 8 करोड़ 70 लाख 19 हजार रुपये तथा जन्म-मरण पंजीकरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए 9 करोड़ 1 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के लिए भी 22 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

- कार्यालय व्यय के लिए 25 करोड़ 48 लाख
- परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए 18 करोड़ 61 लाख
- वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए 31 करोड़ 50 लाख का प्रावधान
- खाद्य एवंऔषधि प्रशासन के लिए 22 लाख रुपये

स्वास्थ्य महानिदेशक का मानना है कि इस बजट से प्रदेश में अस्पतालों की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी, दवाओं की उपलब्धता में सुधार आएगा और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र को मजबूत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।

## एक्सिस बैंक की पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। एक्सिस बैंक ने बयान में कहा कि यह शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है।

इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। इस शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया।

बयान के अनुसार, भारत में सुरक्षित जमा लॉकर की उपलब्धता और मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में। अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2030 तक देश में लगभग छह करोड़ संपन्न लोगों को बैंक लॉकर की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान में करीब 60 लाख लॉकर ही उपलब्ध हैं। यह अंतर बड़े शहरों में और अधिक स्पष्ट है, जहां शहरी आवास तेजी से 'गेटेड' रिहायशी परिसरों पर केंद्रित हो रहा है।

### 'मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड' पर न्यूनतम आयात मूल्य 30 सितंबर तक बढ़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने 'वर्जिन मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड (वीपीबी)' के आयात पर लागू न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को 30 सितंबर, 2026 तक बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (एमआईपी) की ओर से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है।

# 34 साल पुरानी स्पिरिट एयरलाइंस बंद, 17 हजार नौकरियों पर संकट

## खत्म हुआ बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित कंपनी का सफर

वेस्ट पाम बीच, एजेंसी



तत्काल प्रभाव से सभी उड़ानें रद्द

अमेरिका की प्रमुख किफायती विमानन सेवा प्रदाता 'स्पिरिट एयरलाइंस' ने शनिवार को अपना कारोबार पूरी तरह बंद करने की घोषणा की। अपने अनूठे विज्ञापनों और बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित इस कंपनी का सफर 34 साल बाद समाप्त हो गया है।

चमकीले पीले रंग के विमानों का संचालन करने वाली इस कंपनी ने बताया कि उसने तत्काल प्रभाव से अपने परिचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस एयरलाइन में लगभग 17,000 कर्मचारी काम करते थे।

एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि उसकी सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कंपनी ने कहा कि हमें पिछले 34 वर्षों के दौरान उद्योग पर अपने 'अति-निम्न लागत मॉडल' के प्रभाव पर गर्व है। हमें उम्मीद थी कि हम आने वाले कई वर्षों तक यात्रियों की सेवा करते रहेंगे। यात्रियों से कहा कि वे धन वापसी की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन दूसरी एयरलाइन में यात्रा के लिए कोई सहायता नहीं दी जाएगी। शुक्रवार को सरकार की ओर से कोई वित्तीय पैकेज न मिलने के बाद से ही कंपनी के बंद होने की आशंका जताई जा रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी सरकार ने इस बजट एयरलाइन को सरकारी धन से बचाने के लिए अंतिम प्रस्ताव दिया था, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। ईरान युद्ध के कारण विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच एयरलाइन दो साल से भी कम समय में दूसरी बार दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही थी। एयरलाइन के वकील मार्शल ह्यूब्नर के अनुसार, इस बंदी से लगभग 17,000 नौकरियों पर असर पड़ सकता है।

### कोविड के बाद से संकट से जूझ रही थी एयरलाइन

स्पिरिट एयरलाइंस कोविड-19 महामारी के बाद से ही बढ़ती परिचालन लागत और कर्ज के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही थी। नवंबर 2024 में जब इसने पहली बार 'चैप्टर 11' (दिवालिया संरक्षण) के लिए आवेदन किया था, तब तक इसे 2020 की शुरुआत से 2.5 अरब डॉलर से अधिक का घाटा हो चुका था। अगस्त 2025 में कंपनी ने दोबारा दिवालिया संरक्षण के लिए आवेदन किया। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, उस समय कंपनी पर 8.1 अरब डॉलर का कर्ज था।

# चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों के लिए फेमा एफडीआई नियमों में ढील, अधिसूचना जारी

नई दिल्ली,एजेंसी



वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से उन विदेशी कंपनियों को फेमा के तहत स्वचालित मार्ग से भारत में निवेश करने की अनुमति देने के फैसले को अधिसूचित किया है, जिनमें चीन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च में डीपीआईआईटी के 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधनों को मंजूरी दी थी।

इन संशोधनों के अनुसार, जिन विदेशी कंपनियों में चीन या हांगकांग की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है, वे उन क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश कर सकती हैं, जहां एफडीआई की अनुमति है, जो क्षेत्रीय शर्तों के अधीन होगा।

हालांकि, यह रियायत चीन, हांगकांग या भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने मार्च में प्रेस नोट 2 (2026 श्रृंखला) के माध्यम से इसे अधिसूचित किया था।

आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की अधिसूचना के अनुसार, लाभकारी स्वामी अभिव्यक्ति का वही अर्थ होगा जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (एफए) में दिया गया है।

पीएमएलए नियम के अनुसार नियंत्रणकारी स्वामित्व हित का अर्थ कंपनी के 10 प्रतिशत से अधिक शेयरों या पूंजी या लाभ पर स्वामित्व या पात्रता से है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 तक भारत में आए कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में केवल 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ चीन 23वें स्थान पर है।

रूफटॉप सोलर में यूपी ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

# पांच लाख से ज्यादा संयंत्र लगे, 65 हजार से अधिक लोगों को मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ने रूफटॉप सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नया रिकॉर्ड कायम करते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में अब तक 5,00,115 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

इस अभियान के तहत कुल 8,94,217 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में संयंत्रों की स्वीकृति और स्थापना पूरी की गई। इससे राज्य में 1,696.68 मेगावाट की क्षमता तैयार हुई है, जो ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार ने 3,038.08 करोड़ रुपये और राज्य सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी प्रदान की है। अधिकारियों के अनुसार, इन संयंत्रों से प्रतिदिन करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य की बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की लागत घटी है और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई है।

रोजगार के मोर्चे पर भी योजना का सकारात्मक असर दिखा है। करीब 5,000 कंपनियों के माध्यम से 65,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं।

साथ ही, छतों पर संयंत्र लगाने से लगभग 6,500 एकड़ भूमि का संरक्षण भी संभव हुआ है।

### स्थापना की रफ्तार ने बनाया रिकॉर्ड

अप्रैल 2026 में महज 30 दिनों के भीतर 51,882 संयंत्र स्थापित किए गए, जो अब तक का सबसे तेज प्रदर्शन है। इस दौरान औसतन 1,729 संयंत्र प्रतिदिन लगाए गए, जबकि मार्च में यह औसत 1,700 था। ऊर्जा क्षेत्र में इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश ने देश में अपनी अग्रणी स्थिति और मजबूत कर ली है।

इंवेस्टमेंट

प्रदेश ने सोना-चांदी निवेश में लगाई लंबी छलांग

# गोल्ड में 321 और सिल्वर ईटीएफ में 679 प्रतिशत का जबरदस्त बूम

कारोबार संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोने-चांदी के आसमान छूते भाव, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) निवेशकों का पंसदीदा सेक्टर बनकर उभरा है। एसोशिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड (एम्फी) के पिछले एक साल के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ में जबरदस्त बूम आया है।

गोल्ड में 321 फीसदी और सिल्वर में 679 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया है। इस अप्रत्याशित निवेश से बाजार के जानकार भी हैरान हैं। ईटीएफ निवेश में लखनऊ प्रथम तो कानपुर दूसरे स्थान पर है। आगरा तीसरे, वाराणसी चौथे और प्रयागराज पांचवें स्थान पर है। एम्फी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में अब तक गोल्ड ईटीएफ में 178521.79 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार इसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 2703.37 करोड़ रुपये है, जो 1.15 प्रतिशत है। सिल्वर व अन्य ईटीएफ में कुल निवेश 930915.21 करोड़ रुपये है। इसमें प्रदेश का हिस्सा 0.67 प्रतिशत है। देश स्तर पर ये आंकड़ा भले ही कम हो लेकिन मार्च 2025 के मुकाबले मार्च 2026 में यूपी में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 642 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,703 करोड़ रुपये हो गया है। इसी तरह सिल्वर ईटीएफ में 167 करोड़ से बढ़कर 1,299 करोड़ रुपये तक निवेश हो चुका है।




### इसलिए बढ़ रहा ईटीएफ में निवेश

इस तेजी के पीछे कई कारण हैं। पहला, गोल्ड और सिल्वर को सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है, लेकिन सोने-चांदी की तेजी ने छोटे निवेशकों की पहुंच से दूर कर दिया है। इसलिए छोटे निवेशक ईटीएफ के माध्यम से सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। इससे उनको सोने-चांदी के बराबर ही रिटर्न मिलता है। दूसरी वजह डिजिटल युग में ऑनलाइन खरीद-बिक्री आसान है। बाजार का जोखिम भी कम रहता है।

**प्रदेश में ईटीएफ निवेश (करोड़ रुपये में)**

| योजना | मार्च-26 | मार्च-25 | वृद्धि | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| गोल्ड | 2,703 | 642 | 2,061 | 321% |
| सिल्वर | 1,299 | 167 | 1,132 | 679% |
| अन्य | 6,234 | 4,075 | 2,159 | 53% |

**टॉप 5 शहरों में मार्च तक निवेश (करोड़ रुपये में)**

| शहर | गोल्ड | सिल्वर | अन्य ईटीएफ |
|---|---|---|---|
| लखनऊ | 394 | 189 | 909 |
| कानपुर | 268 | 129 | 619 |
| वाराणसी | 126 | 60 | 290 |
| आगरा | 131 | 63 | 303 |
| प्रयागराज | 108 | 52 | 250 |

सोने और चांदी की गिनती अब सिर्फ गहनों के तौर पर नहीं होती है, ये निवेश पोर्टफोलियो का हिस्सा बन चुके हैं। इसी वजह से छोटे और मझोले शहरों के भी निवेशक ईटीएफ के माध्यम से सोना और चांदी तेजी से खरीद रहे हैं। प्रदेश में इस तरह की तेजी अप्रत्याशित है।

-राजीव सिंह, आर्थिक विशेषज्ञ।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### घाना का अमेरिकी समझौता नामंजूर

**अकरा।** घाना ने डेटा की गोपनीयता संबंधी चिंताओं के कारण अमेरिका के साथ प्रस्तावित स्वास्थ्य समझौते को ठुकरा दिया है और अब वह एक नए समझौते पर बातचीत करना चाहता है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले भी कई अफ्रीकी देश डेटा साझा करने को लेकर चिंताओं के कारण इस समझौते से पीछे हट चुके हैं। घाना के डेटा संरक्षण आयोग के कार्यकारी निदेशक अर्नोल्ड कावारपुओ के अनुसार, इस समझौते में ऐसे प्रावधान हैं जिनसे अमेरिकी संस्थाओं को जरूरी सुरक्षा उपायों के बिना घाना के स्वास्थ्य संबंधी संवेदनशील आंकड़ों तक पहुंच मिल सकती है। कावारपुओ ने कहा कि समझौते के तहत डेटा तक जिस स्तर की पहुंच मांगी गई थी, वह जरूरी मानी जाने वाली सीमा से कहीं अधिक थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय द्विपक्षीय वार्ता का ब्योरा सार्वजनिक नहीं करता।

### ऑस्कर ट्रॉफी को एयरलाइन ने खोजा

**लंदन।** जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने कहा कि उसने रूसी फिल्म निर्माता पाशा तालनकिन की ऑस्कर पुरस्कार प्रतिमा का पता लगा लिया है, जो न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा संभावित हथियार के रूप में चिह्नित किये जाने के बाद गुम हो गई थी। इस साल मार्च में अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म "मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन" के सह-निर्देशक तालनकिन बुधवार को न्यूयॉर्क से फ्रैंकफर्ट की अपनी यात्रा के दौरान ट्रॉफी के गायब हो जाने के बाद सदमे में थे। शुक्रवार शाम को एयरलाइन ने कहा कि ट्रॉफी मिल गई है और इसे जितनी जल्दी हो सके तालनकिन को लौटा दिया जाएगा।

### आइकॉन्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी शुरू

**लंदन।** मैडम तुसाद संग्रहालय ने इस सप्ताह अपने लंदन मुख्यालय में आइकॉन्स ऑफ इंडिया नाम से एक उत्सव की शुरुआत की, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट जगत की भारतीय हस्तियों के मोम के पुतलों को एक साथ प्रदर्शित किया गया। सीमित समय के लिए आयोजित यह प्रदर्शनी में भारतीय अभिनेताओं और क्रिकेटरों की मोम की 13 मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं। मई और जून के महीनों के लिए, इस क्षेत्र को भारतीय संस्कृति से प्रेरित एक जीवंत स्थान में रूपांतरित किया गया है, जहां आगंतुक अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर सहित कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों की मोम की मूर्तियों को देख सकते हैं।

# राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक पर पंजाब में दो प्राथमिकी दर्ज

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- **हाल ही में पाठक ने आप छोड़कर थामा था भाजपा का दामन**

हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब पुलिस ने प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पाठक के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। हालांकि इन प्राथमिकियों के बारे में अभी कोई और विवरण सामने नहीं आया है। पाठक उन सात राज्यसभा सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने आप छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। आप को 24 अप्रैल को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके 10 राज्यसभा सदस्यों में से सात- पाठक, राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजिन्दर गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी अपने सिद्धांतों, आदर्शों से भटक गई है।

# गुजरात में छात्र पढ़ेंगे मोदी तत्व और आरएसएस का इतिहास

**वडोदरा, एजेंसी**

- **बड़ोदरा के एक विश्वविद्यालय ने पाठयक्रम में शामिल किया**



गुजरात के वडोदरा स्थित एक विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर आधारित पाठ मोदी तत्व और आरएसएस के इतिहास संबंधी पाठ को अपने समाजशास्त्र के पाठ्यक्रम में शामिल किया है, ताकि समाज पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया जा सके।

समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम में देशभक्ति का समाजशास्त्र नामक नए पाठ्यक्रम को जोड़ा है, जिसका उद्देश्य 'मोदी तत्व' और छत्रपति शिवाजी महाराज व सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय जैसे समाज सुधारकों के कार्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण करना है। उन्होंने कहा कि चाहे आप इसे पसंद करें या न करें, आपको राजनीतिक क्षेत्र और नेतृत्व की भूमिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चर्चा करनी ही होगी। वह एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जो लंबे समय तक प्रभावी रहेंगे। हम समाजशास्त्री मैक्स वेबर के करिश्माई नेतृत्व का अध्ययन करना चाहते थे, जो महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग में देखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी में भी उसी तरह का करिश्माई नेतृत्व दिखाई देता है। यह एक वैज्ञानिक विषय है जिसका विश्लेषण आवश्यक है।

सिंह नीति आयोग की सार्वजनिक परियोजनाओं की निगरानी से जुड़े 'प्रोजेक्ट' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि 'मोदी तत्व' में मीडिया और डिजिटल राष्ट्रवाद, नागरिकता और असहमति, और वैश्वीकरण और पहचान की राजनीति जैसे विषयों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। सिंह ने कहा कि ये तीनों भाग मोदी तत्व की अवधारणा पर वैज्ञानिक रूप से काम करेंगे और इस बारे में अध्ययन करेंगे कि वह इतने प्रसिद्ध क्यों हो रहे हैं, उनकी स्वीकार्यता इतनी व्यापक कैसे है, और भारत में सबसे लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के पीछे उनमें क्या खास बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियां, जैसे कि नोटबंदी, डिजिटल क्रांति, फास्टैग, जल शक्ति मंत्रालय आदि, यह दर्शाती हैं कि वे लोगों की इच्छाओं को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, और शायद यही कारण है कि उन्हें लोगों का इतना समर्थन मिलता है।

सिंह ने बताया कि देशभक्ति का समाजशास्त्र मॉड्यूल में चार प्रश्नपत्र होंगे, जिनमें से प्रत्येक के लिए 15 घंटे का शिक्षण कार्य होगा। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रम का विचार तब आया जब विभाग के एमए के छात्र नीति आयोग द्वारा सार्वजनिक नीतियों की निगरानी के हिस्से के रूप में दूरदराज के गांवों में सर्वेक्षण कर रहे थे।

# होर्मुज स्ट्रेट से आवाजाही के लिए ईरान को यदि भुगतान किया तो लगेगा प्रतिबंध

## होर्मुज पर नियंत्रण के लिए जारी टकराव के बीच अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेताया

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिका ने शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करने पर उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव के बीच अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) द्वारा शुक्रवार को दी गई चेतावनी ने दबाव और बढ़ा दिया है। आम तौर पर शांति के समय दुनिया के तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद जहाज़ों पर हमले की धमकियां देकर और हमले करते हुए जलडमरूमध्य को सामान्य यातायात के लिए लगभग बंद कर दिया। बाद में उसने कुछ जहाजों को अपनी तटरेखा के करीब वैकल्पिक मार्गों से मोड़कर सुरक्षित मार्ग प्रदान करना शुरू किया, और कई बार इस सेवा के लिए शुल्क भी वसूला। अमेरिका की प्रतिबंध चेतावनी का मुख्य केंद्र यह टोलबूथ जैसी व्यवस्था है। ओएएफसी के अनुसार, भुगतान की मांगों में केवल नकद ही नहीं, बल्कि डिजिटल परिसंपत्तियां, समायोजन (ऑफसेट), अनौपचारिक अदला-बदली, या अन्य प्रकार के वस्तु-आधारित भुगतान भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें परमार्थ दान और ईरानी दूतावासों में किए जाने वाले भुगतान भी शामिल हैं। ओएफएसी ने कहा कि वह यह चेतावनी इसलिए जारी कर रहा है ताकि अमेरिकी और गैर-अमेरिकी व्यक्तियों को इस बात से अवगत कराया जा सके कि ईरानी शासन को सुरक्षित मार्ग के लिए भुगतान करने या उससे गारंटी की मांग करने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी स्पष्ट किया कि ये जोखिम भुगतान के किसी भी तरीके पर लागू होते हैं। अमेरिका ने 13 अप्रैल को ईरान द्वारा जलडमरूमध्य बंद किए जाने के जवाब में अपनी ओर से एक नौसैनिक नाकाबंदी लागू की, जिससे किसी भी ईरानी तेल टैंकर को बाहर जाने से रोका गया और ईरान को उसकी कमजोर अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए आवश्यक तेल राजस्व से वंचित कर दिया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि नाकाबंदी शुरू होने के बाद से 45 वाणिज्यिक जहाजों को वापस जाने को कहा गया है।



### चीन स्थित कच्चे तेल टर्मिनल पर प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन स्थित एक कच्चे तेल टर्मिनल संचालक पर ईरानी संस्थाओं से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करने पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ईरान के अवैध तेल व्यापार को बाधित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। यह व्यापार ईरानी शासन की आय का मुख्य स्रोत है, जिससे आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता को वित्तीय मदद मिलती है। पिगॉट ने कहा कि मंत्रालय ने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार में शामिल कई संस्थाओं, एक व्यक्ति और एक पोत पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस कार्रवाई के तहत चीन स्थित पेट्रोलियम टर्मिनल संचालक क्विंगदाओ हाइये ऑयल टर्मिनल कंपनी लिमिटेड को निशाना बनाया गया है। इस कंपनी ने करोड़ों बैरल प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल का पिछले साल फरवरी से आयात किया है। अमेरिका ने चीनी नागरिक और क्विंगदाओ हाइये के अध्यक्ष शिंगचुन ली तथा दो पोत प्रबंधन कंपनियों–ब्रिटेन स्थित थ्राइविंग टाइम्स इंटरनेशनल व हांगकांग स्थित ऑनबोर्ड शिप मैनेजमेंट लिमिटेड–पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

### ड्रोन के माध्यम से रूस के अंदरूनी क्षेत्र में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहा यूक्रेन

**मास्को।** यूक्रेनी ड्रोन रूस के अंदरूनी इलाकों में तेल संयंत्रों को निशाना बना रहे हैं जिससे धुएं के बड़े गुबार उठ रहे हैं जिन्हें अंतरिक्ष से भी देखा जा सकता है और काला सागर के पर्यटन स्थलों पर विषैली बारिश भी हो रही है। इन हमलों का उद्देश्य रूस के तेल निर्यात को कम करना है क्योंकि तेल निर्यात यूक्रेन पर निरंतर रूसी आक्रमण के लिए धन का एक प्रमुख स्रोत है। हालांकि आर्थिक प्रभाव अभी तक स्पष्ट नहीं है, क्योंकि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से क्रेमलिन के खजाने में वृद्धि हुई है। फिर भी, हमलों की व्यापकता और उनके पर्यावरणीय प्रभाव से युद्ध का असर मोर्चे से दूर आम रूसियों तक पहुंच रहा है। यूक्रेन के ड्रोन ने दो सप्ताह से भी कम समय में चार बार काला सागर के किनारे तुआपसे शहर में तेल रिफाइनरी और निर्यात टर्मिनल को निशाना बनाया है, जिससे आग लग गई और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। यह शहर सीमा से करीब 450 किलोमीटर की दूरी पर है। यूक्रेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रूस के पर्म क्षेत्र में एक तेल पंपिंग स्टेशन पर लगातार दो दिनों तक हमला किया है। यह क्षेत्र यूक्रेन से 1,500 किलोमीटर (900 मील) से अधिक दूर है। रूसी मीडिया ने इन हमलों की खबर दी।



जबलपुर क्रूज हादसे में दिल्ली के परिवार के तीन लोगों की मौत की सूचना घर पहुंची तो महिलाएं बिलख पड़ीं, उन्हें संभालती और ढांढस बंधाती आस-पड़ोस की महिलाएं।

# दिल्ली के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत, गृह प्रवेश में गए थे जबलपुर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**जबलपुर क्रूज हादसा**

- **दिल्ली लौटने से पहले बरगी बांध घूमने गया था परिवार, हो गया हादसे का शिकार**

मध्यप्रदेश में गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गए दिल्ली के एक परिवार की यात्रा नर्मदा नदी के बरगी जलाशय में क्रूज के पलटने के कारण दर्दनाक हादसे में बदल गई। इस दुर्घटना में परिवार के छह में से तीन सदस्यों की मौत हो गई। परिजन के अनुसार, दिल्ली कैंट क्षेत्र का मैसी परिवार मंगलवार को जबलपुर में एक रिश्तेदार के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के बाद उन्होंने दिल्ली लौटने से पहले घूमने का फैसला किया।

बृहस्पतिवार शाम, परिवार करीब 40 यात्रियों के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित क्रूज पर सवार हुआ, जो बरगी बांध पर तेज हवाओं और ऊंची लहरों के कारण असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में मरीना (39), उनका चार वर्षीय बेटा त्रिशन उर्फ जहां, मरीना की मां मधुर मैसी (62) की मौत हो गई। वहीं मरीना के पति प्रदीप, 14 वर्षीय बेटी सिया उर्फ पीहू और मरीना के पिता जूलियस मैसी (65) बच गए। मरीना के भाई कुलदीप मोहन ने बताया, मेरे माता-पिता, बहन, उसके बच्चे और जीजा जबलपुर गए थे। उन्हें बृहस्पतिवार को लौटना था, लेकिन वे भ्रमण पर चले गए और यह हादसा हो गया। घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य क्रूज के ऊपरी हिस्से में थे, तभी अचानक मौसम खराब हो गया। उन्होंने कहा, मेरी बहन वीडियो कॉल पर हमें नजारा दिखा रही थी। अचानक सब बदल गया। वह मुझे बचा लो...मुझे बचा लो कहकर रो रही थी और फिर फोन कट गया। उन्होंने बताया कि लहरें तेज हो गईं और क्रूज डगमगाने लगा। मोहन ने कहा, ऊपरी मंजिल से लोग नीचे भागे। क्रूज बुरी तरह हिल रहा था और पानी अंदर जाने लगा था। तब मेरे जीजा प्रदीप ने तुरंत जीवन रक्षक जैकेट ढूंढनी शुरू की। प्रदीप ने जीवनरक्षक जैकेट निकालकर यात्रियों में बांटनी शुरू की, कुछ लोगों ने जैकेट पहनी, जबकि कुछ डर के कारण पानी में कूद गए। इस हादसे में मृतकों की संख्या 10 हो गई है।

# जंगल का इंटरनेट

## पेड़-पौधे भी करते हैं आपस में संवाद




जंगल के सन्नाटे में हमें लगता है कि पेड़ बस शांत खड़े हैं, लेकिन ज़मीन के नीचे एक हलचल भरा संसार है। जिस तरह हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के ज़रिए एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं, पेड़ भी आपस में संवाद करते हैं, संसाधन साझा करते हैं और एक-दूसरे की मदद करते हैं। इसे वैज्ञानिकों ने 'वुड वाइड वेब' का नाम दिया है। जब हम किसी जंगल में चलते हैं, तो हम केवल उनकी टहनियों और पत्तों को देखते हैं। लेकिन असली जादू हमारी नज़रों से ओझल, मिट्टी के नीचे होता है। पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क वास्तव में कवक के धागेनुमा जाल और पेड़ों की जड़ों के बीच का एक सहजीवी संबंध है।



### नेटवर्क का बुनियादी ढांचा

**पेड़ की जड़ें** : जो डेटा और संसाधनों के 'हब' की तरह काम करती हैं। **माइसेलियम** : जो 'फाइबर ऑप्टिक केबल' की तरह काम करता है, संदेशों और पोषक तत्वों को एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक पहुँचाता है। पेड़ फोटोसिंथेसिस के ज़रिए चीनी (शुगर) बनाते हैं और इसका कुछ हिस्सा इन कवक को देते हैं।

### करोड़ों वर्ष पुराना...पेड़ों का सोशल नेटवर्क

पेड़ों का यह सोशल नेटवर्क आज का नहीं, बल्कि करोड़ों साल पुराना है। इस नेटवर्क के केंद्र में 'माइसेलियम' नाम के बारीक कवक तंतु होते हैं। ये तंतु इतने महीन होते हैं कि मिट्टी के एक चम्मच हिस्से में कई मील लंबे तंतु हो सकते हैं। ये कवक पेड़ों की जड़ों से जुड़कर एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार करते हैं जो पूरे जंगल को एक एकल इकाई के रूप में जोड़ देता है। इस नेटवर्क की खोज ने पारिस्थितिकी तंत्र (ईको सिस्टम) को देखने का हमारा नज़रिया बदल दिया है। पहले माना जाता था कि पेड़ संसाधनों (धूप, पानी, खनिज) के लिए आपस में केवल प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन 'वुड वाइड वेब' की खोज ने साबित किया कि पेड़ आपस में सहयोग करते हैं। वे न केवल भोजन (शुगर) साझा करते हैं, बल्कि आने वाले खतरों जैसे कि कीटों के हमले या सूखे की चेतावनी भी एक-दूसरे को भेजते हैं।

### मदर ट्री : जंगल के मुख्य सर्वर

- जंगल के इस नेटवर्क में सबसे पुराने और बड़े पेड़ों की भूमिका 'मदर ट्री' जैसी होती है। ये नेटवर्क के सबसे बड़े 'नोड्स' होते हैं। ● पोषण : ये पेड़ अपने छोटे पौधों को पहचानते हैं और उन्हें अतिरिक्त पोषण भेजते हैं ताकि वे कम धूप वाली जगहों पर भी जीवित रह सकें। ● विरासत : जब एक मदर ट्री मरने वाला होता है, तो वह अपनी बची हुई ऊर्जा और ज्ञान नेटवर्क के ज़रिए अगली पीढ़ी को हस्तांतरित कर देता है।

### पेड़ आपस में क्या बातें करते हैं

- पेड़ आपस में दो तरह से संवाद करते हैं : **रासायनिक संकेत** : जड़ों के ज़रिए रसायनों को भेजकर। **विद्युत संकेत** : कवक तंतुओं के माध्यम से कमजोर विद्युत आवेग भेजकर, जो काफी हद तक इंसानी तंत्रिका तंत्र जैसा होता है।

### वे क्या संदेश देते हैं

- **चेतावनी** : अगर किसी पेड़ पर कीड़ों का हमला होता है, तो वह नेटवर्क में रासायनिक चेतावनी भेजता है। पड़ोसी पेड़ इसे प्राप्त करते ही अपनी पत्तियों में कड़वे रसायन बनाना शुरू कर देते हैं ताकि कीड़े उन्हें न खाएं। ● **संसाधन साझा करना** : यदि एक पेड़ ऐसी जगह है जहाँ धूप कम है, तो पास का पेड़ उसे अपनी अतिरिक्त चीनी भेज सकता है।

### नेटवर्क के फायदे : जंगल की एकता

- **लचीलापन** : एक जुड़ा हुआ जंगल सूखे या बीमारी का सामना अकेले खड़े पेड़ों की तुलना में बेहतर कर सकता है।
- **विविधता का संरक्षण** : यह नेटवर्क अलग-अलग प्रजातियों के बीच भी काम करता है। उदाहरण के लिए, चीड़ के पेड़ और ओक के पेड़ भी आपस में संसाधन साझा कर सकते हैं।

# जर्मनी से 5000 सैनिकों को वापस बुलाएगा अमेरिका

- **अगले छह से 12 महीनों के बीच योजना पर होगा अमल**

**वाशिंगटन।** अमेरिका अगले छह से बारह महीनों में जर्मनी से अपने करीब 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा। पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका का यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के अनुरूप है, जो उन्होंने ईरान के साथ अमेरिकी युद्ध को लेकर जर्मन नेता के साथ चल रहे टकराव के दौरान दी थी। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी जर्मनी से कुछ सैनिकों को वापस बुलाने की धमकी उस वक्त दी थी, जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा था कि ईरानी नेतृत्व द्वारा अमेरिका को अपमानित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, मर्ज ने युद्ध में वाशिंगटन की खराब रणनीति की आलोचना की थी।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य स्थिति की गहन समीक्षा के बाद लिया गया है और यह युद्ध क्षेत्र की आवश्यकताओं और जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।


जर्मनी में कई अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, जिनमें यूरोप और अफ्रीकी कमानों का मुख्यालय, रामस्टीन वायुसेना और लैंडस्टुहल में एक चिकित्सा केंद्र शामिल है, जहां अफगानिस्तान और इराक युद्धों में घायल हुए लोगों का इलाज किया जाता था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** – आज सरकारी क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है।
- **तुला** – आज का दिन व्यापार में नए प्रयोग करने के लिए उत्तम है। रिश्तेदार से मुलाकात मन को प्रसन्न कर देगी। निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होगा।
- **वृष** – आज नई तकनीकी सीखने पर जोर दें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का व्यवहार आपको अचंभित कर सकता है। शाम का समय सुखद बीतेगा।
- **वृश्चिक** – आज का दिन उपलब्धियों भरा रहेगा। रुकी हुई पदोन्नति की खबर मिल सकती है। सामाजिक दायरे में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।
- **मिथुन** – आज व्यावसायिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकता है। विदेश जाने की योजना बना रहे लोगों को शुभ संकेत मिलेंगे।
- **धनु** – आज मांगलिक उत्सव में शामिल हो सकते हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम मिलेंगे। किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें।
- **कर्क** – आज मानसिक रूप से स्वयं को काफी मजबूत महसूस करेंगे। जटिल कार्यों को भी सरलता से पूरा कर लेंगे।
- **मकर** – आज संपत्ति से जुड़े लेन-देन में सावधानी बरतें। कार्यस्थल पर काम का बोझ बढ़ सकता है। परिवार में शांति बनाए रखें।
- **सिंह** – आज आपके पराक्रम की सराहना होगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों में अनुभवी व्यक्ति की सलाह काम आएगी।
- **कुंभ** – आज रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। नया प्रोजेक्ट शुरू कर सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और नए अनुबंध प्राप्त होंगे।
- **कन्या** – आज मन किसी अज्ञात भय से ग्रसित रह सकता है। सुविधाओं की वस्तुओं पर खर्च बढ़ सकता है। कोई भी निवेश अभी टालें।
- **मीन** – आज संचित धन का सही निवेश करने की योजना बनाएंगे। ससुराल पक्ष से कोई उपहार या सहयोग मिल सकता है।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 3 मई, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 4 मई 03 .01 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 07 .10 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## सुडोकू - 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## सुडोकू -138

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 4 | | | | |
| | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 2 | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | 1 | | | 5 | | 9 | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| 9 | | 4 | | | 1 | | 5 | |
| | 8 | 6 | | 5 | | 2 | | |

**लेखा-जोखा**

**वित्त वर्ष 2025-26 के जारी किए गए आधिकारिक आंकड़े में हुआ खुलासा**

# ईडी ने की रिकॉर्ड छापेमारी और कुर्की, लेकिन गिरफ्तारी घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान धनशोधन मामलों में की गई गिरफ्तारियों में लगभग 27 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन इस अवधि के दौरान कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 81,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत केंद्रीय एजेंसी द्वारा तलाशी या छापेमारी की संख्या 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग दोगुनी होकर 2,892 हो गई। अपराध से प्राप्त आय की परिभाषा, गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती तथा संपत्ति कुर्क करने के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पीएमएलए के तहत व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। अधिनियम के प्रावधानों के कारण जमानत प्राप्त करना भी अत्यंत कठिन हो जाता है क्योंकि अदालत का यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आरोपी दोषी नहीं है और जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अन्य अपराध करने की आशंका नहीं है। पिछले वित्तीय वर्ष में, ईडी ने धोखाधड़ी के पीड़ितों को कुर्क की गई संपत्तियां वापस लौटाने के अपने निर्धारित लक्ष्य को दोगुने से पार कर लिया, क्योंकि उसने उक्त अवधि के दौरान 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां वापस कीं। एजेंसी ने 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस लौटाने का लक्ष्य रखा था। एजेंसी द्वारा उसकी वार्षिक रिपोर्ट (वित्त वर्ष 2025-26) में उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अध्ययन में पाया गया कि ईडी ने उल्लेखित वित्त वर्ष में 156 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 2024-25 में यह संख्या 214 थी, यानी लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट।

### प्रवर्तन निदेशालय ने दाखिल किए 812 आरोप पत्र, यह भी एक रिकॉर्ड

ईडी द्वारा की गई छापेमारी, जिसे अक्सर टेलीविजन समाचारों और अखबारों में विस्तार से दिखाया जाता है, वित्त वर्ष 2026 में पिछले वर्ष के 1,491 छापों की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़कर 2,892 हो गई। इसके चलते ईडी ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान सफलतापूर्वक 812 आरोपपत्र दाखिल किए, जो एक रिकॉर्ड है, जबकि पिछले वर्ष अदालतों में केवल 457 आरोप पत्र दाखिल किये गए थे। आंकड़ों के मुताबिक पीएमएलए जांच शुरू करने के लिए दर्ज की गई प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़कर 1,080 मामले हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2025 में केवल 775 मामले दर्ज किए गए थे। एजेंसी ने पिछले वित्त वर्ष में 32,678 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस कीं, जबकि वित्त वर्ष 2025 में धोखाधड़ी के पीड़ितों को 15,263 करोड़ रुपये की संपत्तियां सौंपी गई थीं। पिछले साल 'पीटीआई-भाषा' की खबर के अनुसार, ईडी निदेशक राहुल नवीन ने वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत में 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस दिलाने का लक्ष्य रखा था।

# अमेरिका में आंध्र के युवक ने आत्महत्या की

**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के मूल निवासी 26 वर्षीय युवक ने हाल में अमेरिका के शिकागो में कर्ज के बोझ से परेशान होकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने अनुरोध किया कि मृतक की पहचान गुप्त रखी जाए क्योंकि उनके माता-पिता बुजुर्ग हैं और कई बीमारियों से ग्रस्त हैं। आंध्र प्रदेश के सूचना एवं संचार मंत्री नारा लोकेश ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शोक व्यक्त किया और मृतक के शव को स्वदेश वापस लाने में सहायता का आश्वासन दिया।



> टी-20 विश्व कप में यास्तिका भाटिया भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण पूरा करेंगी, वहीं नंदिनी डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों में शामिल थीं। ये टीम में एक अलग ही सकारात्मक ऊर्जा लेकर आती हैं।
> –कप्तान हरमनप्रीत कौर


# स्टेडियम

कानपुर नगर, रविवार, 3 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स

समय - दोपहर 3:30 बजे

गुजरात टाइटंस बनाम पंजाब किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

# ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी पारी चेन्नई ने मुंबई को 8 विकेट से हराया

## आईपीएल-2026 : मुंबई इंडियंस के लिए प्लेऑफ में जगह बनाना लगभग मुश्किल हुआ

चेन्नई, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुंबई इंडियंस को छोटे स्कोर पर रोकने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 67) और कार्तिक शर्मा (नाबाद 54) के बीच तीसरे विकेट के लिए 75 गेंद में 98 रन की अटूट साझेदारी की मदद से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक अहम मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ मुंबई इंडियंस के लिए प्लेऑफ में जगह बनाना लगभग मुश्किल हो गया है।

अफगानिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद (26 रन देकर दो विकेट) और अंशुल कंबोज (32 रन देकर तीन विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत सीएसके ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट पर महज 159 रन पर रोक दिया। फिर गायकवाड़ की 48 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़ित नाबाद पारी और कार्तिक (40 गेंद में चार चौके और तीन छक्के) के पहले आईपीएल अर्धशतक से 18.1 ओवर में दो विकेट पर 160 रन बनाकर आसान जीत हासिल की जो इस सत्र में उसकी चौथी जीत है। लगातार निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद पांच पांच आईपीएल खिताब जीत चुकी दोनों ही टीम का टूर्नामेंट में आगे का सफर इस मैच के नतीजे पर निर्भर था। सीएसके इस जीत से आठ अंक लेकर छठे स्थान पर पहुंच गई जिससे उसकी प्लेऑफ में कदम बढ़ाने की संभावना बरकरार है जबकि मुंबई इंडियंस चार अंक से नौंवे स्थान पर है।

लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था, गायकवाड़ और कार्तिक जल्दी मैच खत्म कर सकते थे लेकिन दोनों ने संयमित बल्लेबाजी करने को तरजीह दी। मुंबई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह (20 रन देकर एक विकेट) ने दूसरे ओवर में एक बेहतरीन गेंद से शुरुआत की। उनकी अच्छी लेंथ गेंद संजू सैमसन (11 रन) के बल्ले का बाहरी किनारा छूती हुई निकली, लेकिन स्लिप में खड़े विल जैक्स ने एक आसान सा कैच टपका दिया। पर सैमसन इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और ओवर के आखिर में रेयान रिकेलटन को कैच दे बैठे। ट्रेंट बोल्ट ने पहले ओवर में सात रन दिए लेकिन सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने उनके दूसरे ओवर में दो चौके और एक छक्के से 17 रन जुटाए। कृष भगत के पहले आवेर में उर्विल पटेल (24 रन, 12 गेंद) ने डीप फाइन लेग पर छक्का जड़कर शुरूआत की और अगली गेंद को लांग ऑन पर चौके के लिए भेजा। उर्विल ने ओवर का अंत हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का जड़कर किया जिससे इस ओवर में 18 रन जुड़े। पावरप्ले के अंतिम ओवर में गायकवाड़ ने स्वीप शॉट से डीप स्क्वायर लेग में छक्का जड़ा लेकिन ए एम गजनफर ने इसी ओवर में उर्विल को बोल्ड कर उनकी पारी समाप्त की। छह ओवर में सीएसके ने दो विकेट के नुकसान पर 62 रन बना लिए थे। गायकवाड़ ने 14वें ओवर की पहल गेंद पर एक रन लेकर 34 गेंद में अर्धशतक बनाया जिसमें दो चौके और दो छक्के जड़े थे। शुरू में सतर्कता से खेलने वाले कार्तिक ने अंत में आक्रामकता बरतते हुए आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक लगाया और चौका लगाकर अपनी टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद मेहमान टीम का प्रदर्शन काफी फीका रहा जिसमें केवल नमन ही टिककर खेल सके।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़।

### मुंबई इंडियंस

**159/7 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| विल जैक्स का रामकृष्ण बो कंबोज | 01 |
| रेयान रिकेलटन का पटेल बो नूर | 37 |
| नमन धीर का सब बो ओवरटन | 57 |
| सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो रामकृष्ण | 21 |
| तिलक वर्मा का गायकवाड़ बो नूर | 05 |
| हार्दिक पंड्या का ब्रेविस बो कंबोज | 18 |
| रोबिन मिंज बो कंबोज | 05 |
| कृष भगत नाबाद | 03 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 07 |

**अतिरिक्त** : 05, विकेट पतन : 1-1, 2-59, 3-99, 4-109, 5-134, 6-139, 7-151

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-25-0, कंबोज 4-0-32-3, प्रशांत 2-0-25-0, नूर 4-0-26-2, रामकृष्ण 3-0-24-1, ओवरटन 4-0-23-1

### चेन्नई सुपर किंग्स

**160/2 (18.1 ओवर)**

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का रिकेलटन बो बुमराह | 11 |
| रुतुराज गायकवाड़ नाबाद | 67 |
| उर्विल पटेल बो गजनफर | 24 |
| कार्तिक शर्मा नाबाद | 54 |

**अतिरिक्त** : 04, **विकेट पतन** : 1-13, 2-62

**गेंदबाजी** : बोल्ट 3.1-0-37-0, बुमराह 3-0-20-1, भगत 2-0-22-0, गजनफर 4-0-40-1, रघु शमा 4-0-24-0, हार्दिक पंड्या 2-0-17-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.832 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | 0.005 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -0.803 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### ऑरेंज कैप



- केएल राहुल दिल्ली-433 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -425 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-414 रन

### पर्पल कैप



- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान-15 विकेट

## सूर्यवंशी को आंख दिखाने पर जैमिसन को मिला एक डिमेरिट अंक

जयपुर, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमिसन को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक अंदाज अपनाने के लिए एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल ने बयान में कहा काइल जैमीसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन किया जिसके लिए उन्हें एक डिमेरिट अंक दिया गया और उन्हें चेतावनी भी दी गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो किसी अन्य खिलाड़ी का अपमान करते हैं या उससे आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सकते हैं। यह घटना राजस्थान रॉयल्स की पारी के दूसरे ओवर में घटी, जब 15 वर्षीय सूर्यवंशी को आउट करने के बाद जैमीसन आक्रामक अंदाज में उनके पास गए। सूर्यवंशी ने हालांकि किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं की लेकिन वह ऐसा कर सकते थे। जैमीसन ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में सात विकेट से जीत हासिल की थी।



### हाईलाइट

## मानस धामने पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारत के उभरते टेनिस खिलाड़ी मानस धामने ने शनिवार को कजाखस्तान के शिमकेंट में फ्रांस के एंटोनी गिबाउडो को सीधे सेटों में हराकर पहली बार एटीपी चैलेंजर फाइनल में पहुंचकर बड़ी सफलता हासिल की। अठारह साल के इस भारतीय खिलाड़ी ने क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में संयमित और आक्रामक खेल दिखाते हुए गिबाउडो को 6-4, 6-3 से हराया। इस हफ्ते के उनके शानदार प्रदर्शन से उनकी रैंकिंग और आत्मविश्वास को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है क्योंकि वह जूनियर से पेशेवर सर्किट में अपना सफर जारी रखे हुए हैं। सोमवार को उनके शीर्ष 400 में शामिल होने की संभावना है। धामने अब रविवार को फाइनल में बेल्जियम के बुवायसर गदामौरी के खिलाफ कोर्ट पर उतरकर खिताब जीतना चाहेंगे।

# पंजाब किंग्स की निगाह वापसी पर

- गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबला आज शाम
- 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर मौजूद है श्रेयस की टीम

अहमदाबाद, एजेंसी

पिछले मैच में पंजाब किंग्स का जीत का सिलसिला टूट गया और वह लगातार तीसरी जीत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगा।

राजस्थान रॉयल्स ने इस सप्ताह के शुरू में पंजाब किंग्स के अजेय अभियान पर रोक लगा दी थी। हालांकि पंजाब किंग्स की टीम आठ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स उससे सिर्फ एक अंक पीछे हैं। लगातार छह जीत हासिल करके शुरुआती बढ़त बनाने वाली पंजाब किंग्स की गेंदबाजी विभाग को लेकर कुछ चिंताएं हैं। पंजाब के बल्लेबाजों की तरह उसके गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाए हैं। उसके बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गेंदबाजों की कमियां खुलकर सामने नहीं आई हैं लेकिन टूर्नामेंट अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है और ऐसे में कोई कमजोरी टीम पर भारी पड़ सकती है।



अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब किंग्स के शशांक सिंह। एजेंसी

### जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगा हैदराबाद

**हैदराबाद।** अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से खिताब के दावेदारों में शामिल हुई सनराइजर्स हैदराबाद की टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। सनराइजर्स की टीम लगातार पांच मैच जीत चुकी है और अंकतालिका में नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने अब तक छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर की टीम अभी तक संघर्ष करती रही है, लेकिन उसने अपने आखिरी दो मैच जीते हैं। 10 टीमों के टूर्नामेंट में वह आठवें स्थान पर है।

## पोल वॉल्ट एथलीट कुलदीप ने इंडियन इंडोर में तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट एथलीट कुलदीप कुमार ने शनिवार को यहां पहले 'इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट' प्रतियोगिता के पहले दिन 5.41 मीटर की ऊंचाई पार करके राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

21 साल के कुमार अपने पहले इंडोर टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे थे। उन्होंने ने अपने पहले ही प्रयास में जीतने वाली छलांग लगाई। उन्होंने पिछले साल मध्य प्रदेश के ही एक और एथलीट देव कुमार मीना द्वारा बनाए गए 5.40 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। देव कुमार मीना खुद कलिंगा स्टेडियम की इंडोर सुविधा में 5.20 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

कुमार ने मार्च में इसी जगह पर पहली राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप के दौरान तमिलनाडु के रीगन जी द्वारा बनाए गए 5.30 मीटर के राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड को भी बेहतर बनाया। रीगन शनिवार को 5.25 मीटर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम घोषित

- यास्तिका व नंदिनी को चुना गया व प्रतिका- अमनजोत बाहर
- हरमनप्रीत कौर करेंगी सभी टीमों की कप्तानी
- इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होंगे मुकाबले

मुंबई, एजेंसी

भारत ने शनिवार को इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में 'अनकैप्ड' (जिसने अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया। जहां विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रतिका रावल और हरलीन देओल को टीम से बाहर रखा गया, वहीं ऑलराउंडर अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण चयन से चूक गईं।

हरमनप्रीत कौर सभी टीमों की कप्तानी करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। प्रतिका को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। यह टेस्ट मैच 10 से 13 जुलाई के बीच लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा, वहीं हरलीन वनडे सीरीज में भारत ए टीम की अगुआई करेंगी।

नंदिनी मध्यम गति की गेंदबाज हैं जिन्होंने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 10 मैच खेलकर कुल 17 विकेट लिए। वह उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने इस साल फरवरी में बैंकॉक में आयोजित महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। तेज गेंदबाज लाइन-अप में पूजा वस्त्राकर भी शामिल नहीं हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के साथ मिलकर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करती रहेंगी। अनुष्का शर्मा व उमा छेत्री के लिए जगह नहीं थी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। मुख्य टीम काफी हद तक वैसी ही है जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे महिला विश्व कप जीता था।



मुंबई में बीसीसीआई के हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाते के साथ बोर्ड के सेक्रेटरी देवजीत साकिया (बीच में), सिलेक्शन पैनल की चेयरपर्सन अमिता शर्मा (दाएं) और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। एजेंसी

### टी-20 विश्व कप टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (दूसरी विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतिका रावल, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, हरलीन देओल, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, स्नेह राणा।

### भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

भारतीय टीम विश्व कप से पहले मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 28 मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी हिस्सा लेगी। भारत 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने अब तक टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

**थॉमस कप** | फाइनल के लिए भारत और फ्रांस के बीच मुकाबला जारी, मेडल है पक्का

# कोहनी में सूजन के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे लक्ष्य

होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी

भारत को फ्रांस के खिलाफ होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले करारा झटका लगा है क्योंकि उसके स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन दाहिनी कोहनी में सूजन के कारण इसमें नहीं खेल पाएंगे और उनकी अनुपस्थिति में विश्व के 30वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत कोर्ट पर उतरेंगे।

लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में दो मैच प्वाइंट बचाकर विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन पर एक घंटे 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21 22-20 21-17 से जीत दर्ज की, जिससे भारत ने चीनी ताइपे पर 3-0 से जीत हासिल की। इस मैच के दौरान हालांकि लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई थी और वह अभी तक इससे पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) के सचिव संजय मिश्रा ने बयान में कहा क्वार्टरफाइनल के एक कड़े मुकाबले में कई बार डाइव लगाने के बाद लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई। टीम के चिकित्साकर्मियों ने गहन जांच के बाद एहतियाती तौर पर यह फैसला किया। ताकि लक्ष्य चोट से उबर सके और अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो वह फाइनल के लिए पूरी तरह से फिट हो सकें। लक्ष्य के 'मेंटॉर' (मार्गदर्शक) और पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा उनके पैरों में छाले भी पड़ गए हैं। लक्ष्य की अनुपस्थिति में युवा आयुष शेट्टी विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ शुरुआती एकल मैच खेलेंगे। पोपोव ने 2024 में हाइलो ओपन में भारतीय खिलाड़ी को हराया था। श्रीकांत दूसरे एकल मुकाबले में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। तीसरे एकल खिलाड़ी के रूप में एचएस प्रणय का सामना विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव से होगा, जिनका भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ 1-0 का रिकॉर्ड है। यदि मुकाबला एकल से आगे बढ़ता है तो हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन पहले युगल मुकाबले में एलोई एडम और लियो रॉसी का सामना करेंगे।



**2022** में भारत ने थॉमस कप जीता था। उसने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक जीते थे

### फ्रांस ने भारत पर 1-0 से बढ़त बनाई

आयुष शेट्टी को शनिवार को शुरुआती एकल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से सीधे गेम में करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत थॉमस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में फ्रांस से 0-1 से पिछड़ रहा है। 20 साल के आयुष को शुरुआती सिंगल्स में तब उतारा गया, पर आयुष फ्रांस के पोपोव की रणनीति का मुकाबला करने में नाकाम रहे और 39 मिनट में 11-21, 9-21 से हार गए। यह पोपोव के हाथों आयुष की दूसरी हार थी। इससे पहले 2024 में हायलो ओपन में हुई उनकी एकमात्र भिड़ंत में भी आयुष को हार का सामना करना पड़ा था।



# सिनर ने करियर की 350वीं जीत दर्ज की

- मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में बनाई जगह

मैड्रिड, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपने करियर की 350वीं जीत हासिल की और पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

सिनर ने आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 22 मैच तक बढ़ा दिया। सिनर लगातार पांचवें मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज़्वेरेव का सामना करेंगे। जर्मन खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में बेल्जियम के एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 6-2, 7-5 से हराया। सिनर लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इससे पहले पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो में खिताब जीते थे। सिनर 2000 के दशक में जन्में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने करियर में 350 मैच जीते हैं। यही नहीं सिनर एक विशिष्ट सूची में भी शामिल हो गए हैं।

वह रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के बाद सभी नौ मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे और सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला वर्ग के फाइनल में मीरा एंड्रीवा का सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा।